वर्ष- 13 अंक - 348
लखनऊ, गुरुवार 20 अगस्त, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज
समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



बीईओ के निरीक्षण में विद्यालयों में मिलीं भारी खामियां 10

साइबर अपराध से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी : सतीश 03

**-: सर्राफा बाजार :-**

गोल्ड 24 कैरेट = 1,55,120/10 ग्राम
22 कैरेट = 1,42,200/10 ग्राम
18 कैरेट = 1,16,380/10 ग्राम
चांदी = 2,45,000/किग्रा



# जापान को भाया यूपी, योगी ने दिया निवेश का न्योता

## यूपी-जापान इन्वेस्टमेंट मीट-2026 : निवेशकों को हर कदम पर सरकार से पूरा सहयोग का आश्वासन

**मुख्यमंत्री बोले**

- निवेश के लिए हमारा राज्य ड्रीम डेस्टिनेशन
- यहां युवा मैनपावर और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर

**समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।**

उत्तर प्रदेश को देश का प्रमुख निवेश गंतव्य बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान के प्रमुख उद्योग समूहों और कारोबारियों को प्रदेश में निवेश का न्योता दिया। बुधवार को यूपी-जापान इन्वेस्टमेंट मीट-2026 के दौरान प्रमुख कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) और बिजनेस लीडर्स के साथ राउंड टेबल बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में पिछले नौ वर्षों में 360 डिग्री बदलाव हुआ है। कानून-व्यवस्था से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी और कारोबारी माहौल तक आए परिवर्तन ने प्रदेश को निवेश के लिए बेहतर गंतव्य बनाया है।




नई दिल्ली में बुधवार को जपानी निवेशकों को स्मृति चिह्न देते सीएम योगी आदित्यनाथ।

मुख्यमंत्री ने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि राज्य में निवेश करने वाली कंपनियों को सरकार की ओर से हर स्तर पर सहयोग मिलेगा। निवेश की राह में आने वाली व्यावहारिक अड़चनों को दूर करने के लिए सरकार प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रहती, बल्कि जो कहती है, उसे जमीन पर उतारती है।

राउंड टेबल बैठक में उद्योग जगत की ओर से रखे गए सुझावों और अपेक्षाओं को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया। उन्होंने कहा कि निवेशकों के सुझावों को राज्य सरकार की टीम ने संज्ञान में लिया है।

जो भी व्यावहारिक समस्याएं सामने आएंगी, उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। सरकार का उद्देश्य निवेश के लिए ऐसा वातावरण तैयार करना है, जहां कंपनियां बिना बाधाओं के अपने कारोबार का विस्तार कर सकें।

योगी ने कहा कि यूपी की सबसे बड़ी ताकत उसकी विशाल युवा आबादी है। सरकार युवाओं को उद्योगों की जरूरत के अनुरूप प्रशिक्षण देने के साथ स्किलिंग और अपस्किलिंग पर जोर दे रही है। इससे निवेशकों को प्रदेश में प्रशिक्षित और सक्षम मानव संसाधन उपलब्ध होगा।

उन्होंने कहा कि बदलते औद्योगिक परिदृश्य के अनुरूप प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी को लगातार मजबूत किया जा रहा है। इसके साथ ही ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार का लक्ष्य ऐसा औद्योगिक वातावरण तैयार करना है, जिसमें निवेशकों को कारोबार शुरू करने और उसका विस्तार करने में सुविधा मिले।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य में निवेश करने वाली कंपनियों के लिए नीतिगत स्तर पर हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। निवेश प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने पर सरकार का विशेष जोर है। उन्होंने कहा कि सरकार और उसकी पूरी टीम निवेशकों के साथ खड़ी है। किसी भी स्तर पर समस्या सामने आने पर उसके समाधान के लिए प्रभावी व्यवस्था की जाएगी।



जापानी तकनीक का लाभ छोटे किसानों तक पहुंचाएं, कृषि लागत घटे और उत्पादकता बढ़े।
– शिवराज सिंह चौहान
केंद्रीय कृषि मंत्री



जापान अब यूपी के लिए केवल निवेशक नहीं, बल्कि दीर्घकालिक और रणनीतिक साझेदार के रूप में आगे बढ़ रहा है।
– सुरेश खन्ना
वित्त मंत्री, उ. प्र. सरकार



जापानी निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश करें। सरकार निवेशकों की सुविधा और सफलता के लिए पूरी तरह तैयार है।
– अश्विनी वैष्णव
केंद्रीय रेल मंत्री

## संक्षिप्त समाचार

### लापता बच्चों की पहचान के लिए बने राष्ट्रीय डीएनए सिस्टम

**नई दिल्ली।** लापता और बचाए गए बच्चों की पहचान व उनके परिवारों से पुनर्मिलन के लिए राष्ट्रीय डीएनए और बायोमीट्रिक प्रणाली बनाने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग से जवाब मांगा है। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने गृह मंत्रालय और एनसीपीसीआर को नोटिस जारी किया।

### टैंक की खुदाई में मिले 29 तोप के गोले

**अमेठी।** मुसाफिरखाना क्षेत्र के भनौली गांव में घर निर्माण के लिए टैंक की खुदाई के दौरान 29 धातु के गोले मिलने से हड़कंप मच गया। पुरातत्व विभाग ने प्रथमदृष्टया इन्हें तोप के गोले बताया है। सहायक पुरातत्व अधिकारी डॉ. मनोज कुमार के अनुसार ये करीब 70-80 वर्ष पुराने हो सकते हैं। गोलों पर फ्यूज होल और हरे रंग की प्लेटिंग मिली है। आशंका है कि इन्हें निष्क्रिय करने के लिए जमीन में दबाया गया होगा।

### इमरान खान से बहन व पत्नी की मुलाकात

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से उनकी बहन नोरीन नियाजी और पत्नी बुशरा बीबी ने अडियाला जेल में मुलाकात की। यह मुलाकात सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के बाद हुई, जिसमें इमरान को परिवार से हर सप्ताह मिलने और इलाज के लिए अस्पताल भेजने का निर्देश दिया गया था। नोरीन करीब नौ महीने बाद भाई से मिलीं। अदालत ने उनके स्वास्थ्य की जांच के लिए मेडिकल बोर्ड गठित करने को भी कहा है।

### बच्चों को बेदखल कर सकते हैं माता-पिता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों पर महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि जरूरत पड़ने पर माता-पिता अपने बच्चों को संपत्ति से बेदखल करा सकते हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि बुजुर्गों की गरिमा, सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरि हैं। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला पलटते हुए ट्रिब्यूनल के बेदखली आदेश को बहाल किया।

### जेन अल्फा का उन्नाव व हमीरपुर में प्रदर्शन

**उन्नाव/हमीरपुर।** स्कूलों की बुनियादी सुविधाओं को लेकर उन्नाव और हमीरपुर में बच्चों ने प्रदर्शन किया। उन्नाव में 200 से अधिक छात्रों ने शिक्षकों की कमी, खराब भोजन, पेयजल और सफाई की समस्याओं को लेकर सड़क जाम की। अधिकारियों के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। वहीं हमीरपुर में बच्चों ने स्कूल तक पक्की सड़क की मांग को लेकर करीब पांच किलोमीटर पैदल मार्च कर कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया।

# सुप्रीम आदेश : नीट का यूपीएससी जैसा मजबूत परीक्षा तंत्र बनाएं

- तकनीकी विशेषज्ञों की भर्ती करें, और बार-बार तबादले रोकें
- केंद्र ने कहा, नीट का सिस्टम फूलप्रूफ, सेंध लगाना मुश्किल

**समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।**



नीट-यूजी परीक्षा की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में महत्वपूर्ण सुनवाई हुई। अदालत ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को परीक्षा व्यवस्था में और सुधार करने की सलाह दी। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने कहा कि एनटीए को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की तर्ज पर ऐसी मजबूत व्यवस्था विकसित करनी चाहिए, जिसमें अधिकारियों के बदलने के बावजूद परीक्षा कराने का अनुभव और संस्थागत क्षमता बनी रहे।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि परीक्षा प्रणाली में आधुनिक तकनीक की भूमिका लगातार बढ़ रही है। ऐसे में तकनीक को समझने वाले अधिकारियों और विशेषज्ञों को व्यवस्था का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। अदालत ने अनुभवी अधिकारियों के बार-बार तबादले से बचने की भी सलाह दी, ताकि परीक्षा व्यवस्था में विशेषज्ञता और अनुभव लगातार बना रहे।

अदालत ने कहा कि किसी प्रक्रिया का कागज पर मजबूत दिखाई देना पर्याप्त नहीं है। असली चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि एक परीक्षा के बाद अगली परीक्षा में वही कमजोरियां दोबारा सामने न आएं।

केंद्र सरकार ने अदालत को बताया कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की प्रश्नपत्र सुरक्षा व्यवस्था कई स्तरों वाली है और इसमें सेंध लगाना बेहद मुश्किल है। सरकार ने प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया को गोपनीय और सुरक्षित बताया।

### रिश्वत लेते जेई और लाइनमैन गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद/कमालगंज।** बिजली विभाग के जेई अजीत राजपूत और उसके साथी लाइनमैन चंद्रभान को एंटी करप्शन टीम ने बुधवार दोपहर 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गुगौरा निवासी मंसाराम पुत्र राजेंद्र ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर टीम ने जाल बिछाया। मंसाराम ने जेई से रुपये देने की बात कही तो जेई ने रकम अपने लाइनमैन को देने के लिए कहा। जैसे ही 10 हजार रुपये दिए गए, टीम ने जेई अजीत राजपूत और लाइनमैन चंद्रभान को पकड़ लिया।
बताया गया कि जेई के खिलाफ लंबे समय से उपभोक्ताओं से अवैध वसूली और रिश्वतखोरी की शिकायतें सामने आ रही थीं। घरेलू कनेक्शन, ट्रांसफार्मर लगाने और लाइन शिफ्ट करने जैसे कामों में अनियमितता के आरोप भी लगाए जाते रहे हैं।

(विस्तृत खबर पेज 11 पर)

# जौहर यूनिवर्सिटी: 10 ठिकानों पर छापे

**समृद्धि न्यूज, रामपुर।**

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान से जुड़े ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। ईडी की टीमों ने रामपुर स्थित मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी समेत सहारनपुर और दिल्ली में कुल 10 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई जौहर यूनिवर्सिटी और मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत की जा रही है।

रामपुर में सुबह करीब सात बजे ईडी की टीम कई वाहनों से जौहर यूनिवर्सिटी परिसर पहुंची। जांच टीम ने प्रशासनिक भवन और अकाउंट्स से जुड़े रिकॉर्ड की पड़ताल की। परिसर में सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए थे। अधिकारियों का फोकस वित्तीय लेनदेन, दस्तावेजों और यूनिवर्सिटी से जुड़े रिकॉर्ड पर केंद्रित था।

ईडी की यह कार्रवाई जौहर यूनिवर्सिटी के निर्माण और संचालन में कथित तौर पर अवैध धन के इस्तेमाल तथा वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े आरोपों की जांच का हिस्सा है। एजेंसी इस दौरान यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यूनिवर्सिटी और ट्रस्ट से जुड़े धन का स्रोत क्या था और विभिन्न वित्तीय लेनदेन में नियमों का पालन हुआ या नहीं। फिलहाल ईडी की ओर से बरामदगी या जांच के अंतिम निष्कर्ष को लेकर विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। ईडी की कार्रवाई के बाद समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं और उनसे जुड़े संस्थानों के खिलाफ किया जा रहा है। अखिलेश यादव ने सवाल उठाया कि जब कथित भ्रष्टाचार के दूसरे मामलों में कार्रवाई की जरूरत है, तो उन पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही।

अखिलेश यादव ने अपनी पोस्ट में भाजपा शासन से जुड़े कई कथित भ्रष्टाचार के मुद्दों का भी उल्लेख किया और जांच एजेंसियों की कार्रवाई पर सवाल उठाए। उनके बयान के बाद इस मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया है।

**ईडी की कार्रवाई**




- रामपुर, सहारनपुर और दिल्ली में एक साथ रेड
- आर्थिक लेनदेन व कथित मनी लॉन्ड्रिंग की जांच
- अखिलेश यादव ने भाजपा पर साधा निशाना

# झारखंड में अल्टीमेटम के साथ छात्रों का आंदोलन खत्म

- 26 दिन बाद थमा आंदोलन, सरकार को 60 दिन की मोहलत

**एजेंसी, रांची।**

झारखंड में जेपीएससी-जेएसएससी सीजीएल परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और न्यायिक जांच की मांग को लेकर 25 जुलाई से चल रहा छात्र आंदोलन बुधवार शाम समाप्त हो गया। जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में 26 दिनों से जारी धरना-प्रदर्शन के बाद छात्रों ने सरकार को 60 दिनों का समय दिया है। छात्र नेताओं ने स्पष्ट किया है कि इस अवधि में न्यायिक जांच की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन दोबारा शुरू किया जाएगा।



छात्र नेता राधे कुमार के अनुसार, आंदोलनकारी छात्रों ने आपसी सहमति से बुधवार शाम साढ़े चार बजे आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया। इसके साथ ही आंदोलन स्थल पर अनशन कर रहे दो छात्रों का अनशन भी समाप्त कराया गया। अनशन समाप्त कराने के लिए प्रसिद्ध लोकगायक और पद्मश्री से सम्मानित मुकुंद नायक को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था।

### टीएमसी तीन फाड़, ममता बनर्जी के सामने अस्तित्व की चुनौती



**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सत्ता से बाहर होने के तीन महीने बाद तृणमूल कांग्रेस यानी टीएमसी के सामने चुनौती केवल चुनावी हार से उबरने की नहीं, बल्कि संगठन को एकजुट रखने की भी है। करीब 15 वर्षों तक सत्ता में रहने वाली पार्टी अब दूसरी बार विपक्ष में है। ऐसे समय में पार्टी के भीतर अलग-अलग राजनीतिक केंद्रों के उभरने से ममता बनर्जी के सामने संगठन और राजनीतिक प्रभाव को बनाए रखने की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। टीएमसी के भीतर फिलहाल तीन अलग-अलग शक्ति केंद्र दिखाई दे रहे हैं। एक ओर ममता बनर्जी का नेतृत्व वाला खेमा है, दूसरी ओर ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में सामने आया बागी गुट है। इसके अलावा टीएमसी के कई लोकसभा सांसदों के अलग होकर एनसीपीआई के साथ जाने और एनडीए को समर्थन देने से पार्टी की संसदीय ताकत को भी बड़ा झटका लगा है।

# यूपी में पूर्व सपा एमएलसी कमलेश पाठक समेत 10 को उम्रकैद

- औरैया के चर्चित दोहरे हत्याकांड में छह साल बाद अदालत का फैसला

**समृद्धि न्यूज, औरैया।**

जिले के बहुचर्चित अधिवक्ता मंजुल चौबे और उनकी चचेरी बहन सुधा चौबे हत्याकांड में बुधवार को अदालत ने छह साल बाद फैसला सुनाया। विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट ने समाजवादी पार्टी के पूर्व एमएलसी कमलेश पाठक, उनके भाई एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख संतोष पाठक समेत 10 आरोपितों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

मामला वर्ष 2020 में सामने आए दोहरे हत्याकांड से जुड़ा है। अधिवक्ता मंजुल चौबे और उनकी चचेरी बहन सुधा चौबे की हत्या के बाद यह प्रकरण पूरे औरैया जिले में चर्चित हो गया था। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर आरोपितों के खिलाफ साक्ष्य जुटाए और विवेचना पूरी करने के बाद न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया था।



मामले की सुनवाई करीब छह वर्षों तक चली।

**शानदार बुधवार**

# 600वां टेस्ट जीता भारत

- पडिक्कल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया

**एजेंसी, गॉल।**

भारत ने अपने 600वें टेस्ट मैच को यादगार बना दिया। गॉल में खेले गए पहले टेस्ट में भारतीय टीम ने श्रीलंका को 165 रन से हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। भारत की जीत के सबसे बड़े नायक युवा बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार रहे, जिन्होंने मैच में कुल 10 विकेट लेकर श्रीलंकाई बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी।

सुथार ने पहली पारी में चार विकेट लिए और दूसरी पारी में 55 रन देकर छह विकेट झटके। दूसरी पारी में उन्होंने निर्णायक समय पर लगातार विकेट निकालकर श्रीलंका की जीत की उम्मीद खत्म कर दी। 76वें ओवर में सुथार ने तीन विकेट लेकर मुकाबला पूरी तरह भारत के पक्ष में कर दिया। इसके बाद अगले ओवर में आखिरी विकेट लेकर उन्होंने श्रीलंका की पारी 206 रन पर समेट दी।

भारत की जीत में देवदत्त पडिक्कल का योगदान भी बेहद महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने पहली पारी में शानदार 167 रन बनाए और दूसरी पारी में 44 रन की उपयोगी पारी खेली। दोनों पारियों में कुल 211 रन बनाने वाले पडिक्कल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**बस थोड़ा इंतजार** | रफ्तार 320 किमी प्रति घंटा होगी, सूरत-बिलिमोरा के बीच 15 अगस्त तक शुरू होगा संचालन

# बुलेट ट्रेन की रफ्तार को पंख, अगले साल दौड़ेगी पहली रेल

- 2029 तक पूरा होगा 508 किमी मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत हाई स्पीड रेल के नए युग में प्रवेश करने की तैयारी में है। देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर का पहला खंड वर्ष 2027 में यात्रियों के लिए शुरू किए जाने का लक्ष्य है।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, गुजरात में सूरत और बिलिमोरा के बीच करीब 50 किलोमीटर लंबे हिस्से पर 15 अगस्त 2027 तक बुलेट ट्रेन का संचालन शुरू करने की योजना है। इसके साथ ही देश की महत्वाकांक्षी मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना को 2029 तक पूरी तरह चालू करने का लक्ष्य रखा गया है। करीब 508 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर पर ट्रेन की अधिकतम रफ्तार 320 किलोमीटर प्रति घंटा तक होगी। इससे मुंबई और अहमदाबाद के बीच यात्रा का समय मौजूदा परिवहन साधनों की तुलना में काफी कम होने की उम्मीद है।

परियोजना के तहत पहले चरण में गुजरात के सूरत और बिलिमोरा के बीच परिचालन शुरू करने की तैयारी है। करीब 50 किलोमीटर के इस खंड पर काम पूरा होने के बाद भारत में पहली बार नियमित यात्री सेवा के रूप में अत्याधुनिक हाई स्पीड ट्रेन दौड़ती नजर आएगी। यह केवल एक रेल सेवा की शुरुआत नहीं होगी, बल्कि देश के परिवहन ढांचे में बड़े बदलाव का संकेत भी होगी। जापान की तकनीक और विशेषज्ञता के सहयोग से विकसित हो रहा यह कॉरिडोर भारत में हाई स्पीड रेल नेटवर्क के विस्तार की आधारशिला बनेगा।



मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर पर बुलेट ट्रेन की डिजाइन गति 320 किलोमीटर प्रति घंटा रखी गई है। तेज रफ्तार के साथ यात्रियों की सुरक्षा के लिए आधुनिक सिग्नलिंग, निगरानी और नियंत्रण प्रणाली का इस्तेमाल किया जाएगा।

कॉरिडोर में आधुनिक स्टेशनों और अत्याधुनिक रेल ढांचे का निर्माण किया जा रहा है। इसका उद्देश्य केवल दो बड़े शहरों को जोड़ना नहीं, बल्कि रास्ते में आने वाले प्रमुख औद्योगिक और कारोबारी क्षेत्रों को भी तेज परिवहन नेटवर्क से जोड़ना है।

मुंबई के निकट परियोजना की सबसे चुनौतीपूर्ण संरचनाओं में करीब 7 किलोमीटर लंबी समुद्री सुरंग भी शामिल है। यह भारत में हाई स्पीड रेल परियोजना के तकनीकी स्तर को नई ऊंचाई देने वाली संरचना होगी। समुद्री सुरंग के निर्माण के साथ ही परियोजना में पुलों, सुरंगों और ऊंचे रेलमार्गों जैसी आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

# वर्ल्ड कप हॉकी: पाक पस्त

- पाकिस्तान बाहर, भारत पहुंचा टॉप-8 में

**एजेंसी, नीदरलैंड।**

मेंस हॉकी वर्ल्ड कप में भारत ने रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को 5-3 से हराकर टूर्नामेंट के टॉप-8 में जगह बना ली। नीदरलैंड के वैगनर हॉकी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह और अभिषेक ने दो-दो गोल किए, जबकि हार्दिक सिंह ने एक गोल दागा। पाकिस्तान के लिए हन्नान शाहिद ने दो और सुफियान खान ने एक गोल किया। दोनों टीमों के बीच मुकाबले में शुरुआत से ही कड़ा संघर्ष देखने को मिला, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने अहम मौकों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत अपने नाम की। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत दर्ज की है। भारत ग्रुप-डी में तीन मैचों से छह अंक हासिल कर दूसरे स्थान पर है।

टीम ने जीत के साथ क्वार्टर फाइनल की दिशा में अपना दावा मजबूत कर लिया है। दूसरी ओर पाकिस्तान की टीम लगातार चुनौतीपूर्ण प्रदर्शन के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गई। भारत की इस जीत को हॉकी के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारतीय खिलाड़ियों ने पूरे मुकाबले में दबाव के बीच संयम बनाए रखा और गोल करने के मिले मौकों का बेहतर फायदा उठाया।

# नशे पर शिकंजा, 583 ग्राम चरस बरामद

- एसएसबी व पुलिस ने की कार्रवाई
- मोटरसाइकिल समेत तस्कर गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**

भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसने के लिए चल रहे अभियान में बुधवार को मोतीपुर पुलिस और 59वीं वाहिनी एसएसबी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। बलईगांव पुलिया के पास संदिग्ध युवक को दबोचकर उसके कब्जे से 583 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने मौके से एक मोटरसाइकिल भी कब्जे में ली है।

संयुक्त टीम सीमा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में आता दिखाई दिया।

टीम ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जे से चरस बरामद होने का दावा किया गया। मादक पदार्थ बरामद होते ही पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान 31 वर्षीय शाहरुख खान उर्फ लल्लू पुत्र सलीम खान निवासी मेड़कीया पोंडा, थाना मोतीपुर के रूप में हुई। पुलिस ने बरामद चरस और मोटरसाइकिल को कब्जे में लेते हुए आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।



**सीमा पर बढ़ी निगरानी**

भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी रोकना सुरक्षा एजेंसियों के लिए लगातार चुनौती बना हुआ है। ऐसे में पुलिस और एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई ने तस्करी के नेटवर्क से जुड़े लोगों को स्पष्ट संदेश दिया है कि सीमा क्षेत्र में नशीले पदार्थों की खेप खपाना आसान नहीं होगा। संयुक्त टीमों की गश्त और संदिग्धों की जांच लगातार जारी रखने की बात कही गई है।आरोपित को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की गई है। पुलिस अब बरामद चरस के स्रोत और इसके संभावित नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है।

# अवैध बालू से भरी ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी गई

- अवैध खनन पर मोनालिसा जौहरी की बड़ी कार्रवाई

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**

तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) क्षेत्र में सरयू नदी से अवैध रूप से बालू खनन किए जाने के मामले में एसडीएम मोनालिसा जौहरी द्वारा कड़ी कार्रवाई की गई है।

एसडीएम मिहींपुरवा के निर्देश पर राजस्व टीम लेखपाल द्वारा अवैध रूप से बालू लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ कर अग्रिम कार्रवाई होने तक चौकी रायबोझा पर सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में खनन विभाग द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है एवं परिवहन विभाग को भी वाहन से संबंधित अभिलेखों की जांच करने के निर्देश एसडीएम द्वारा दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि उप जिलाधिकारी को शिकायत मिली कि अवैध रूप से बालू का खनन किया जा रहा है।

प्राप्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने तत्काल राजस्व टीम को मौका पर भेजा गया। मौका मुआयना को पहुंची राजस्व टीम को सरयू नदी से अवैध रूप से बालू खनन कर ले जाते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली मिली। टीम द्वारा मौके पर कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर रायबोझा पुलिस चौकी पर खड़ा करा दिया गया। एसडीएम ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा अवैध खनन के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।




## 24 घंटे में दो चोरी की वारदातों से हड़कंप



**समृद्धि न्यूज, बहराइच।** खैरीघाट थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस की कार्यशैली और रात्रि गश्त पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बैबाही पुलिस चौकी से महज 200 मीटर की दूरी पर दूधाधारी गांव में मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर करीब दो लाख रुपये नकदी समेत कई लाख रुपये के आभूषण पार कर दिए। चौकी के इतने करीब हुई वारदात से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार दूधाधारी गांव निवासी संतोष कुमार के घर में पीछे की दीवार फांदकर चोर दाखिल हुए। चोरों ने घर में रखी करीब दो लाख रुपये की नकदी और कई लाख रुपये कीमत के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक घटना के समय वह घर के बाहर सो रहा था, जबकि परिवार की महिलाएं छत पर थीं। रात करीब डेढ़ बजे चोरी की जानकारी होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच शुरू कर दी।

卐लगातार दूसरी चोरी से उठे सवाल卐

खास बात यह है कि मंगलवार शाम ही बाबा बुद्धेश्वर नाथ मंदिर परिसर से जलाभिषेक व दर्शन के लिए आए श्रद्धालु की बाइक भी चोरी हो गई थी। एक ही क्षेत्र में कुछ ही घंटों के अंतराल पर चोरी की दो घटनाओं ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था और रात्रि गश्त पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस चौकी के आसपास ही यदि चोर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं तो दूरदराज के गांवों में सुरक्षा व्यवस्था का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। लोगों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सिंह ने बताया कि घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा करने का प्रयास कर रही है।

## खबरें एक नजर में

### टेक्नीशियन प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र वितरित



**हैदरगढ़-बाराबंकी।** सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक कौशल विकास मिशन उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत हैदरगढ़ में अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन बाराबंकी के जिलाध्यक्ष हनुमान प्रसाद ने सोलर पंप टेक्नीशियन के प्रशिक्षण प्रमाण पत्र बच्चों को वितरित किए । इस अवसर समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व प्रशिक्षणार्थी गण उपस्थित रहे। पीएमकेवीवाई केंद्र प्रमुख मोहम्मद जुनैद द्वारा संचालन किया गया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव बरामद



**बेलहरा-बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के मसुरिहा गांव में मंगलवार देर शाम एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में फंदे से लटका मिला।सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के राममंडई निवासी हशमत की बेटी अफसरून 35 की शादी करीब 14 वर्ष पहले इसी थाना क्षेत्र के मसुरिहा गांव निवासी अताउल्लाह के बेटे सलमान के साथ हुई थी।दंपति के चार बच्चे दो बेटे और दो बेटियां हैं।मंगलवार देर शाम अफसरून की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।उसका शव घर में फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला।घटना की जानकारी होते ही घर में हड़पंक मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस में जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहसीर दी है।इस संबंध में थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से छात्र की मौत



**बहराइच।** हरदी थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक सड़क हादसे में 13 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। सिंगिंहा के पास राजी चौराहा मार्ग पर एक तेज रफ्तार मैक्स वाहन ने साइकिल सवार छात्र को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।मृतक छात्र की पहचान हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम टेपरा निवासी रमेश के पुत्र मंजीत (13) के रूप में हुई है। मंजीत महसी स्थित श्रेया एजुकेशनल एकेडमी में कक्षा चार का छात्र था। बुधवार सुबह मंजीत अपने सहपाठी अभिषेक के साथ साइकिल से स्कूल जा रहा था। सिंगिंहा के पास राजी चौराहा मार्ग पर मैक्स वाहन की टक्कर से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों और परिजनों ने घायल छात्र को तत्काल सीएचसी महसी पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय बहराइच भेज दिया। महसी चौकी प्रभारी दिवाकर मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। फरार मैक्स वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

### बाढ़ प्रभावित गांवों में लंच पैकेट वितरित



**बहराइच।** जनपद की जंगल गुलरिहा ग्राम पंचायत में पिछले चार दिनों से बाढ़ का संकट गहराया हुआ है। बुधवार को सुबह से ही प्रशासन की राजस्व टीम ने बाढ़ प्रभावित लोगों के घर-घर जाकर लंच पैकेट वितरित किए। इसके साथ ही, अन्य राहत लाभ दिलाने की कवायद भी शुरू कर दी गई है। यह संकट पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही बरसात के कारण चौधरी चरण सिंह घाघरा बैराज का जलस्तर अचानक बढ़ने से उत्पन्न हुआ है। नदी से सटे निचले इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया है, जिससे जंगल गुलरिहा ग्राम पंचायत के नौ मजरे - नौकापुरवा, धनिया बेली, संपत पुरवा, रामपुर रेतिया और धर्मपुर रेतिया - बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। स्थिति पर लगातार नजर रखने के लिए शासन और प्रशासन की टीमें सक्रिय हैं। लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से दो बाढ़ चौकियां भी स्थापित की गई हैं। जंगल गुलरिहा के लेखपाल संजय कुमार ने बताया कि आज बाढ़ प्रभावित कई गांवों में घर-घर जाकर लंच पैकेट सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान, क्षेत्रीय ग्रामीणों सत्या निषाद, रंजीत, वकील, सुरेंद्र, राहुल, मोहन और अखिलेश ने प्रशासन की टीम से गैस सिलेंडर, आग जलाने के लिए लकड़ी और खाने-पीने की खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की है।

### एसडीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया निरीक्षण



**सिरौलीगौसपुर-बाराबंकी।** तहसील सिरौली गौसपुर क्षेत्र में सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज के निर्देश पर नायब तहसीलदार आशुतोष उपाध्याय ने बुधवार को राजस्व विभाग की टीम के साथ नदी उसपार बसे गांवों का निरीक्षण किया।नायब तहसीलदार ने माझारायपुर, बेहटा चौकी,परसावल, बेहटा आदि गांवों में जाकर लोगों से बातचीत की और बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार बुधवार को शाम 4 बजे एल्गिन ब्रिज पर सरयू का जलस्तर खतरे के निशान से 36 सेंटीमीटर ऊपर है।नदी का रुझान घटाव की ओर है।नायब तहसीलदार आशुतोष उपाध्याय ने बताया कि अभी तहसील क्षेत्र के गांवों मे पानी नहीं पहुंचा है।बाढ़ की दृष्टि से नावों को तैनात कर दिया गया है।बाढ़ राहत चौकी अलर्ट मोड पर है और यहां कर्मचारी तैनात है।लेखपाल लगातार निगरानी कर रहे है। ग्रामीणो से अपील की गई है कि वे नदी के किनारे न जाएं और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

# ललिता हरेंद्र पासवान ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

- प्रदेश अध्यक्ष के आगमन की तैयारियों को लेकर सपा की बैठक

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के आगामी 24 अगस्त को बहराइच आगमन को लेकर पार्टी संगठन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में 19 अगस्त को मोदी अतिथि भवन, मिहींपुरवा में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सपा नेत्री ललिता हरेंद्र पासवान भी मौजूद रहीं।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का बहराइच आगमन संगठन के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाएं और पार्टी की नीतियों एवं समाजवादी विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाएं।

उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की एकजुटता से होती है। कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैं। आने वाले समय में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच लगातार संवाद बनाए रखने की जरूरत है। ललिता हरेंद्र पासवान ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी जनहित, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की आवाज को मजबूती से आगे बढ़ाती रहेगी।

बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत, कार्यक्रम की तैयारियों, कार्यकर्ताओं की भागीदारी और संगठनात्मक जिम्मेदारियों को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में बलहा विधानसभा अध्यक्ष विश्राम यादव, रमेश गौतम, अक्षबर लाल कनौजिया, सावित्रीबाई फुले तथा अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ड्यूटी से लौट रहे चौकीदार की पीटकर हत्या

**समृद्धि न्यूज, रामनगर-बाराबंकी।**



अपनी जिम्मेदारी निभाकर घर लौट रहे चौकीदार की लाठी डंडों से पीट कर हत्या कर दी गयी।परिजन गंभीर रुप से घायल चौकीदार को सीएचसी ले गये।वहा चिकित्सको ने उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया।जहा इलाज के दौरान चौकीदार की मृत्यु हो गयी।

पुलिस ने मृतक के पुत्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर प्रभावी कार्यवाही करते हुए तीन लोगो को हिरासत में ले लिया।मालूम हो कि थाना रामनगर के भरसवा गांव के निवासी राजेश यादव पुत्र छोटेलाल दो दशक के अधिक समय से चौकीदार के पद पर कार्यरत थे। मंगलवार की शाम को वह रामनगर थाने से ड्यूटी कर घर लौट रहे थे। वह जब गांव के नजदीक मेरा आयल की टंकी के पास पहुंचे तो आरोप है कि तभी हमलावरो ने उन्हें रोक कर गाली गलौज और मारपीट शुरू कर दी जिससे उनके सर और शरीर में गंभीर चोटें आयी। इलाज के दौरान चौकीदार की मौत हो गयी।

मृतक के पुत्र की तहरीर के पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर प्रभावी कार्यवाही शुरू कर दी। आरोपियों में शुभम बाबू श्रवण कुलदीप राम कैलाश के नाम शामिल है। इस संबंध में कोतवाल अरुण प्रताप सिंह का कहना था कि हमारे चौकीदार की हत्या की गई है आरोपियों की तलाश की जा रही है जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## बिजली विभाग की लापरवाही से मवेशी की मौत

**समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट।** गाजीपुर निवासी शिशुपाल यादव पुत्र स्व. जगन्नाथ यादव ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि स्टे के संपर्क में आने से उनकी भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक परिवार का भरण-पोषण दूध बेचकर होता था।

पशुपालक के मुताबिक उनकी 7 माह की भैंस गांव के बाहर शांति नगर चौराहे के पास घूम रहे थे वहीं पर विद्युत पोल लगा हुआ था जिसमें स्टे वायर भी बधा उसी स्टे से उनकी भैंस छू गई और मौके पर ही भैंस की मौत हो गई शिशुपाल के मुताबिक करीब एक वर्ष पूर्व भी इसी क्षेत्र में रामू यादव की भैंस विद्युत करंट की चपेट में आकर मर गई थी। इसके बावजूद विभाग ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इस संबंध में विद्युत विभाग ने स्टे में करंट उतरने के आरोप को खारिज किया है। एसडीओ हाइडिल ने बताया कि सूचना मिलने पर अवर अभियंता ने मौके पर पहुंचकर जांच की थी। जांच में स्टे में करंट उतरने की पुष्टि नहीं हुई। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि भैस को किसी जानवर ने काट लिया है तभी उसकी मौत हुई है।एसडीओ ने कहा कि बिना जांच के विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाना उचित

# श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाई तुलसीदास जयंती

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**

श्रीरामचरितमानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को मर्यादा, संस्कार, सदाचार और धर्म के मार्ग पर चलने की कला सिखाने वाला अमूल्य ग्रंथ है। यही कारण है कि आज भी देश-विदेश में इस महान कृति पर निरंतर अध्ययन और शोध किया जा रहा है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र को शब्दों में पिरोकर जन-जन तक पहुंचाया और भारतीय संस्कृति को भक्ति, मर्यादा एवं मानवीय मूल्यों की ऐसी अमर धरोहर प्रदान की, जिसकी महिमा युगों-युगों तक बनी रहेगी।

इसी आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना को समर्पित लक्ष्मी नारायण मंदिर में गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के अवसर पर तुलसीदास जयंती महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। महोत्सव के अंतर्गत आयोजित श्रीराम कथा में काशी क्षेत्र से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक प्रकाश चंद्र पाण्डेय 'विद्यार्थी जी' ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन तथा गोस्वामी तुलसीदास जी के व्यक्तित्व और साहित्यिक योगदान पर भावपूर्ण प्रकाश डाला।



- श्रीराम कथा में गूंजा मर्यादा और भक्ति का संदेश
- श्रीराम के आदर्श चरित्र को जन-जन तक पहुंचाया
- प्रभु श्रीराम का चरित्र केवल कथा नहीं, जीवन जीने की प्रेरणा

कथावाचक ने कहा कि प्रभु श्रीराम का चरित्र केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की प्रेरणा है। श्रीराम त्याग, सत्य, करुणा, कर्तव्य, मर्यादा और लोकमंगल के प्रतीक हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता दलसिंहपुर के महंत बाबा श्रीराम सेवक दास जी ने की। उनके मार्गदर्शन एवं देखरेख में आयोजित इस भव्य महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। महंत जी ने तुलसीदास जयंती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तुलसीदास जी ने समाज को केवल भक्ति का मार्ग ही नहीं दिखाया, बल्कि श्रीराम के चरित्र के माध्यम से जीवन में सत्य, मर्यादा, प्रेम और कर्तव्य को अपनाने की प्रेरणा दी।

महोत्सव में गंगा बख्श सिंह, तेज बहादुर सिंह, इंद्र प्रताप सिंह, मंत्री प्रतिनिधि प्रदीप द्विवेदी, राकेश वर्मा, दुखहरन सिंह, विनोद मिश्रा, रामकुमार श्रीवास्तव, पंडित आशीष कुमार शुक्ला, भोलानाथ मिश्रा, करुणा शंकर गुप्ता, दीपक, सुरेंद्र कौशल, आलोक कौशल, दिनेश तिवारी, शीतल जायसवाल, जैनित्य जायसवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बाढ़ प्रभावित तीन गांवों में 3900 लोगों को बांटी राहत सामग्री

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**

सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर से रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र के तराई इलाके में बाढ़ की स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है। बुधवार को प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित गुनौली, जलालपुर तराई और ढेमा गांव में करीब 3900 बाढ़ पीड़ितों को पका-पकाया भोजन वितरित किया गया। वहीं, पशुओं के लिए चारे की भी व्यवस्था कराई गई।

सरयू का जलस्तर बढ़ने से तहसील क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांव प्रभावित हैं। इनमें पांच गांवों में बाढ़ का पानी पहुंच चुका है। कई स्थानों पर आवागमन प्रभावित होने के साथ ही घरों में पानी भर गया है। इससे ग्रामीणों के सामने भोजन के साथ-साथ पशुओं के चारे का भी संकट खड़ा हो गया है।

जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के निर्देश पर एसडीएम बृजेंद्र उपाध्याय ने तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय के नेतृत्व में राजस्व टीम को बाढ़ प्रभावित गांवों में भेजा। नायब तहसीलदार सुधाकर पांडेय समेत राजस्व अधिकारियों ने गुनौली, जलालपुर तराई और ढेमा गांव पहुंचकर ग्रामीणों का हाल जाना।



इसके बाद प्रभावित परिवारों को पका-पकाया भोजन वितरित कराया गया।

अधिकारियों ने ग्रामीणों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य टीमों को भी भेजा गया है, ताकि जलभराव के कारण बीमारी फैलने की स्थिति में ग्रामीणों को तत्काल उपचार मिल सके।

एसडीएम बृजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए राजस्व प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। जरूरत के अनुसार प्रभावित गांवों में भोजन, स्वास्थ्य सुविधाएं और पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था कराई जा रही है।

# संदीप केला ने अपर जिलाधिकारी का किया पदभार ग्रहण

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**

संदीप केला पूर्व जनपद बांदा में नगर मजिस्ट्रेट के पद पर कार्यरत रहे है। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) के दायित्व एवं विभिन्न प्रशासनिक कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के साथ ही राजस्व संबंधी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण उनकी प्राथमिकता रहेगी



जनसमस्याओं के त्वरित समाधान तथा प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं सुशासन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। पदभार ग्रहण करने के अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नवागत अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप केला का स्वागत किया।

# डीएम ने कंपोजिट विद्यालय की परखी शैक्षिक गुणवत्ता

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**

जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने विकास खंड बलरामपुर के कंपोजिट विद्यालय बलुआ बलुई का निरीक्षण कर विद्यालय में पठन-पाठन, शैक्षिक गुणवत्ता, मध्यान्ह भोजन, छात्र उपस्थिति, नवीन नामांकन एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी शैक्षिक प्रगति एवं सीखने के स्तर को भी परखा।

जिलाधिकारी ने विभिन्न कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से उनके पाठ्यक्रम से संबंधित सवाल पूछे तथा उनके उत्तरों के माध्यम से शैक्षिक गुणवत्ता एवं लर्निंग आउटकम की स्थिति जानी।

उन्होंने बच्चों से सहज एवं रुचिकर ढंग से संवाद करते हुए उन्हें नियमित अध्ययन करने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि प्रत्येक बच्चे की शैक्षिक प्रगति पर विशेष ध्यान दिया जाए। बच्चों के सीखने के स्तर का नियमित आकलन करते हुए आवश्यकता के अनुरूप अतिरिक्त शैक्षिक सहयोग प्रदान किया जाए, जिससे प्रत्येक छात्र-छात्रा अपेक्षित दक्षताओं को प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों की शैक्षिक लर्निंग को और बेहतर करने के लिए



**पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के दिये निर्देश**

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में संचालित मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) की व्यवस्था एवं गुणवत्ता का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि बच्चों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा भोजन तैयार करने एवं वितरण के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए हैंडवॉश की मरम्मत कराकर उसे सुचारु रूप से क्रियाशील किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय परिसर एवं आसपास साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था बनाए रखने के भी निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में नवीन नामांकन की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नामांकन के सापेक्ष विद्यार्थियों की उपस्थिति का भी जायजा लिया तथा निर्देश दिया कि विद्यालय में नामांकित सभी बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं। अनुपस्थित रहने वाले बच्चों के अभिभावकों से संवाद कर उन्हें बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया जाए।

प्रभावी एवं रुचिकर शिक्षण गतिविधियों पर विशेष जोर दिया जाए। जिलाधिकारी ने विद्यालय से सटे आंगनबाड़ी केंद्र के निष्प्रयोज्य भवन का भी जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निष्प्रयोज्य भवन का नियमानुसार मूल्यांकन कराते हुए आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक वातावरण के साथ बच्चों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, स्वच्छता एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए शिक्षक पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें।

## अदालती सूचना

(साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त जिला जज महोदय कोर्ट नं0 9, बाराबंकी

एम.सी.सी. नं0-208/2025

ता.पे.-25.08.2026

विन्ध्याचल सिंह बनाम आबिदा खातून आदि 1. आबिदा खातून बेवा मो0 असलम 2. अकील अहमद पुत्र मो0 असलम 3. अनीशा बानो पुत्री मो0 असलम 4. नफीसा खातून पुत्री मो0 असलम 5. मुबस्सिरा पुत्री मो0 असलम 6. सुमेरा पुत्री मो0 असलम 7. परवीन बानो पुत्री मो0 असलम 8. सबा खातून पुत्री मो0 असलम 9. सना बानो पुत्री मो0 असलम 10. मो0 अख्तर पुत्र आशिक रसूल 11. वकील अहमद पुत्र आशिक रसूल 12. मो0 याकूब पुत्र मो0 अइयूब 13. मो0 अहमद पुत्र मो0 अइयूब 14. बाबू पुत्र मो0 अइयूब15. मुन्हिर पुत्र मो0 अइयूब 16. मुशीर पुत्र मो0 अइयूब 17. खुशनुमा पत्नी कदीर अहमद 18. मो0 आसिफ पुत्र कदीर अहमद 19. मो0 तालिब पुत्र कदीर अहमद 20. मो0 सुल्तान पुत्र कदीर अहमद 21. मो0 जमशेद पुत्र कदीर अहमद 22. आफरीन पुत्री कदीर अहमद 23. शीबा बानो पुत्री कदीर अहमद समस्त निवासी गण मोहल्ला सलारा कस्बा इचौली परगना दरियाबाद तहसील सिरौली गौसपुर जनपद बाराबंकी

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन 2026 के 08 के 25 दिवस को 10:00 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 2026 के दिवस को निकली गई।

**न्यायाधीश**

# गोस्वामी तुलसीदास को किया नमन, कृतियों पर डाला प्रकाश

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



तुलसी पार्क बलरामपुर के प्रांगण में निर्मित तुलसीदास जी के मंदिर पर तुलसीदास जी की जयंती के अवसर पर योग समिति के लोगों ने तुलसीदास जी की मूर्ति पर माल्यार्पण करके उनकी कृतियों पर प्रकाश डाला गया । तदोपरांत विसर्जन कर करके प्रसाद वितरण किया गया । सर्वप्रथम तुलसी पार्क योग समिति के योग गुरु अजय मिश्रा ने मूर्ति पर माल्यार्पण करके उनके कृतियों पर प्रकाश डाला उसके बाद मानस प्रचार समिति के मंगल प्रसाद वर्मा ने अपनी स्वरचित तुलसीदास पर कई भजन व गीत प्रस्तुत किया और बताया कि आज के ही दिन महात्मा तुलसीदास जी का जन्म और मृत्यु दोनों एक ही तिथि पर हुआ था कार्यक्रम में अनिल कुमार श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार गुप्ता रामखेलावन वर्मा, सरदार प्रितपाल सिंह, अजय श्रीवास्तव कासिम अली, शिव शंकर अग्रवाल, राम जन्मभूमि के पक्षकार बाबू राजेंद्र सिंह, संजय शर्मा, सतीश बंसल, श्रवण कुमार बड़वानी, तीरथ दास तोलानी एवं राजेश कुमार ने भी अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया एवं महात्मा तुलसीदास के मूर्ति पर फूल माला बरसाया अंत में योग गुरु अजय मिश्रा ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# साइबर अपराध से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी : सतीश

- अनजान लिंक पर क्लिक न करें, संदिग्ध ऐप डाउनलोड करने से बचें
- साइबर सुरक्षा प्रत्येक व्यक्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने बुधवार को कहा कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा प्रत्येक व्यक्ति, संस्था और जनप्रतिनिधि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। साइबर अपराधी लगातार नए तरीकों से लोगों को निशाना बना रहे हैं। ऐसे में जागरूकता और सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि विधायकों को स्वयं साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहने के साथ-साथ अपने क्षेत्र की जनता को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए।

राजधानी के एक होटल में विधायकों के लिए साइबर सुरक्षा : ए डिजिटल सिक्योरिटी ब्रीफिंग फॉर लेजिस्लेटर्स कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में साइबर अपराध के बढ़ते खतरों और उनसे बचाव के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी गई। देश के जाने माने साइबर विशेषज्ञ अमित दुबे ने विधायकों को फिशिंग, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक, ओटीपी धोखाधड़ी, पासवर्ड चोरी, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग और डिजिटल पहचान के दुरुपयोग जैसे साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी, पासवर्ड या बैंक संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें और संदिग्ध ऐप डाउनलोड करने से बचें। उन्होंने मजबूत पासवर्ड रखने, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन सक्रिय करने तथा मोबाइल और कंप्यूटर को नियमित रूप से अपडेट रखने की सलाह दी।

### विधानसभा में अनेक जनहित के मुद्दे उठाए गए

अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि उनके कार्यकाल के पहले वर्ष में ही अलग-अलग क्षेत्रों के विधायकों को बुलाकर उनसे संवाद किया गया। उन्होंने कहा कि साढ़े चार वर्ष के कार्यकाल में विधानसभा में अनेक जनहित के मुद्दे उठाए गए हैं और अब नए चुनाव की अधिसूचना के लिए लगभग चार महीने का समय शेष है। आवश्यकता है कि सदन में उठाए गए मुद्दों और किए गए कार्यों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाया जाए। राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि विधानसभा में अनेक परिवर्तन हुए हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। इन परिवर्तनों से बहुत कुछ नया सीखने को मिला है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा आज देश में एक मॉडल विधानसभा बन चुकी है। विधायकों के लिए साइबर सुरक्षा पर आयोजित यह कार्यक्रम भी एक महत्वपूर्ण नवाचार है।

## इन्वेस्टमेंट मीट के बाद यूपी की संस्कृति से रूबरू होंगे जापानी मेहमान

समृद्धि न्यूज, लखनऊ। उत्तर प्रदेश और जापान के बीच सांस्कृतिक एवं पर्यटन संबंधों को नई मजबूती मिलने जा रही है। नई दिल्ली में आयोजित यूपी-जापान इन्वेस्टमेंट मीट-2026 के बाद जापान के यामानाशी प्रीफेक्चर के गवर्नर कोटारो नागासाकी के नेतृत्व में 240 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 20 अगस्त को उत्तर प्रदेश के चार दिवसीय दौरे पर पहुंचेगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने जापानी प्रतिनिधियों के लिए ऐसा विशेष भ्रमण कार्यक्रम तैयार किया है, जिसमें ऐतिहासिक स्मारकों के साथ प्रदेश की जीवंत संस्कृति, ब्रज परंपरा, बौद्ध विरासत, आध्यात्मिकता, खान-पान और वेलनेस पर्यटन का अनुभव कराया जाएगा। आगरा, लखनऊ और वाराणसी की यात्रा के दौरान यह दल प्रदेश की विविध सांस्कृतिक पहचान से रूबरू होगा और दोनों क्षेत्रों के बीच पर्यटन एवं सांस्कृतिक सहयोग की नई संभावनाओं पर चर्चा करेगा।

# हर गांव में पक्की सड़क बनाना हमारा लक्ष्य : केशव मौर्य

- नाइजीरिया के प्रतिनिधिमंडल के साथ उप मुख्यमंत्री ने की बैठक



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को अपने सरकारी आवास, 7 कालिदास मार्ग, लखनऊ पर नाइजीरिया के संघीय गणराज्य के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री एवं प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख सीनेटर डॉ. अलियु साबी अब्दुल्लाही तथा उनके सम्मानित प्रतिनिधिमंडल के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नाइजीरिया से आए प्रतिनिधिमंडल का आत्मीय स्वागत कर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को पुष्पगुच्छ भेंट की एवं अंगवस्त्र पहनाकर तथा स्मृति चिह्न (मोमेंटो) दे कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि भारत और नाइजीरिया के बीच लंबे समय से मैत्रीपूर्ण एवं सहयोगात्मक संबंध रहे हैं तथा विकास के विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच अनुभवों एवं तकनीकी ज्ञान का आदान-प्रदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हर गांव में पक्के मार्ग और आवश्यकतानुसार पुल उपलब्ध कराना हमारी सरकार का लक्ष्य है। गांव विकसित होगा तो प्रदेश विकसित होगा और प्रदेश के विकास के साथ प्रत्येक नागरिक के जीवन में खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सड़कें गांवों को केवल शहरों से जोड़ने का कार्य नहीं करतीं, बल्कि वे ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा हैं। अच्छी सड़क होने से किसान अपनी उपज को आसानी से बाजार तक पहुंचा सकता है।

## खबरें एक नजर में

### औषधि संस्थान के लिये पांच करोड़ स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पशु चिकित्सा सेवायें तथा पशु स्वास्थ्य के तहत जनपद लखनऊ के अयोध्या रोड, बादशाहबाग में पशुपालन कालोनी पशु जैविक औषधि संस्थान के निर्माण के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में 05 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासनादेश में निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत की जा रही के सापेक्ष कार्यदायी संस्था को जो धनराशि अवमुक्त की जाएगी, वह कार्य की आवश्यकतानुसार होनी चाहिए। स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय उसी प्रयोजन के लिए किया जाएगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है।

### छह हजार से ज्यादा स्कूली वाहन अनफिट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच के साथ-साथ वाहन चालकों का चरित्र सत्यापन भी करा रहा है। मुख्यमंत्री ने हाल में स्कूली वाहनों की फिटनेस पर विशेष ध्यान देने और चालकों का अनिवार्य रूप से सत्यापन कराने के निर्देश दिए थे। परिवहन विभाग के 13 अगस्त तक के आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में फिलहाल 19,680 स्कूल हैं। इनमें 74,337 वाहन स्कूल के नाम से पंजीकृत हैं, जबकि 8,022 वाहन स्कूलों से अनुबंधित हैं। इस तरह प्रदेश में कुल 82,259 स्कूली वाहन हैं। अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) केडी सिंह गौर ने बताया कि मिशन सेफ फ्यूचर समेत अन्य सभी अभियान के तहत परिवहन विभाग का जोर स्कूली वाहनों को फिट रखने और चालकों का सत्यापन कराने पर है। इसका उद्देश्य स्कूली बच्चों को सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों व चालकों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करना है। विभिन्न अभियानों के दौरान प्रदेशभर में स्कूली वाहनों की जांच की गई। जांच में 6,066 स्कूली वाहन अनफिट पाए गए। इन वाहनों के खिलाफ नोटिस जारी करने की कार्रवाई की गई। वहीं प्रवर्तन टीमों ने 1,072 स्कूली वाहनों का चालान किया और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 356 वाहनों को बंद यानी सीज किया।

### दीक्षा पर यूपी के 27 लाख से अधिक उपयोगकर्ता

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश में डिजिटल शिक्षा को इसी व्यापक पहुंच से जोड़ते हुए दीक्षा के उपयोग और डिजिटल शिक्षण संसाधनों के विस्तार पर जोर दिया है। इसका परिणाम प्रदेश में बने 27.01 लाख पंजीकृत उपयोगकर्ताओं के बड़े आधार के रूप में सामने आया है, जो देश के कुल पंजीकृत दीक्षा उपयोगकर्ताओं का लगभग 12 प्रतिशत है। वर्ष 2025-26 में प्रतिदिन औसतन 17,597 सक्रिय उपयोगकर्ता दीक्षा से जुड़े रहे, जबकि इसी अवधि में 49,789 नए उपयोगकर्ता भी इस डिजिटल मंच से जुड़े। डिजिटल शिक्षा को शहरों के साथ-साथ ग्रामीण और दूरदराज के विद्यालयों तक पहुंचाने के लिए उत्तर प्रदेश ने दीक्षा पर 16 हजार से अधिक क्यूआरलिंक्ड शिक्षण वीडियो उपलब्ध कराए हैं। संबंधित पाठ में दिए क्यूआर कोड के माध्यम से शिक्षक और विद्यार्थी शिक्षण वीडियो तक आसानी से पहुंच सकते हैं। इससे विद्यालयों में उपलब्ध पाठ्य सामग्री को डिजिटल संसाधनों से जोड़ने और बच्चों के सीखने के अनुभव को बेहतर बनाने में मदद मिल रही है। इसके साथ गेम आधारित आकलन, प्री लोडेड स्मार्ट क्लास सामग्री और बहुभाषी पाठ्य सामग्री जैसे नवाचार भी डिजिटल शिक्षण व्यवस्था का हिस्सा बनाए गए हैं। इससे शिक्षकों को विषयों को समझाने के लिए अतिरिक्त डिजिटल संसाधन मिल रहे हैं और बच्चों के लिए सीखने की प्रक्रिया को अधिक सहज और रोचक बनाया जा रहा है।

### साइबर ठगी की 13.83 लाख धनराशि फ्रीज

**लखनऊ।** साइबर क्राइम टीम ने बुधवार को डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 42.09 लाख रुपये की साइबर ठगी के प्रकरण में 13.83 लाख रुपये की धनराशि फ्रीज कराई है। अपर पुलिस उपायुक्त अपराध किरन यादव ने बताया कि साइबर क्राइम थाना में वादी जमीन अब्बास जमाली ने तहरीर देकर बताया कि उसे साइबर अपराधियों ने डिजिटल अरेस्ट कर लिया था। उसके खाते से 42,09,869 लाख रुपये की साइबर ठगी की गई। एडीसीपी क्राइम किरन यादव ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं है। कोई भी पुलिस अधिकारी अथवा जांच एजेंसी वीडियो कॉल पर गिरफ्तारी का भय दिखाकर धनराशि ट्रांसफर करने के लिए नहीं कहती। ऐसे किसी कॉल पर घबराएं नहीं और अपनी बैंकिंग अथवा व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली साइबर ठगी के प्रति स्वयं जागरूक रहें तथा अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी जागरूक करें।

### कॉलेज ऑफ आर्ट्स फोटोग्राफिक सोसाइटी की छठी अखिल भारतीय छायाचित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन

# देश की 135 चयनित छायाचित्रों का प्रदर्शन

- प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बतौर मुख्य अतिथि रहे मौजूद



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर फाइन आर्ट हॉल में हुआ। प्रदर्शनी 18 से 20 अगस्त 2026 तक आयोजित की जा रही है और प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक दर्शकों के लिए खुली है। प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क है।

प्रदर्शनी का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. नीरज बोरा तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि ने प्रदर्शित छायाचित्रों की सराहना करते हुए कहा कि तस्वीरें समाज का आईना होती हैं।

फोटोग्राफी के 19वी सदी में विकास के बाद की दो शताब्दियों की इस यात्रा में फोटोग्राफी केवल तकनीक ही नहीं रही बलि समय समाज संस्कृति और मानवीय संवेदनाओ को दर्ज करने की महत्वपूर्ण भाषा बन गई है. वे केवल किसी क्षण को दर्ज नहीं करतीं, बल्कि अपने समय, समाज और जीवन की कहानी भी कहती हैं। मेंबर ऑफ़ पार्लियामेंट नीरज बोरा ने 1957 में स्थापित CAPS इतने सालों से सराहनीय कार्य कर रही है. वाईस चांसलर प्रोफेसर जय प्रकाश सैनी ने कहा की आज कैमरा मोबाइल तक पहुंच गया है और तस्वीर बनाना आसान हुआ है. लेकिन अच्छी तस्वीर के लिए तकनीक से ज़्यादा ज़रूरी है दृस्टि, संवेदना और रचनात्मकता।

प्रिंसिपल रतन कुमार ने अतिथियों का धन्यवाद् ज्ञापित करते हुए इनॉग्रेशन कमिटी से जुड़े छात्रों व शिक्षकों के प्रयास को भी सराहा।

इस वर्ष प्रदर्शनी में देशभर के 80 प्रतिभागियों के 155 चयनित छायाचित्र प्रदर्शित किए गए हैं। इनमें 43 श्वेत-श्याम तथा शेष रंगीन छायाचित्र हैं। प्रतिभागियों में महाविद्यालय के छात्र, शिक्षक एवं पूर्व छात्र तथा देश के विभिन्न हिस्सों से जुड़े छायाकार और छायाचित्र प्रेमी शामिल हैं। प्रदर्शनी में कॉलेज से जुड़े प्रख्यात कलाकार एवं शिक्षाविद् प्रो. जय कृष्ण अग्रवाल एवं प्रो. पी.सी. लिटल के छायाचित्र भी प्रदर्शित हैं।

इस वर्ष की प्रदर्शनी प्रख्यात छायाकार रघु राय की स्मृति को समर्पित की गई है। प्रदर्शनी का उद्देश्य फोटोग्राफी को केवल दस्तावेजी माध्यम के रूप में प्रस्तुत करने के बजाय उसकी रचनात्मकता, सौंदर्यबोध और दृश्य अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना भी है।

### ऐतिहासिक पुस्तकों का विशेष प्रदर्शन

प्रदर्शनी में फोटोग्राफी से संबंधित 100 वर्ष से अधिक पुरानी दुर्लभ पुस्तकों का विशेष प्रदर्शन भी किया गया है। यह संग्रह दर्शकों को छायांकन के विकास, तकनीक और इतिहास को करीब से समझने का अवसर प्रदान कर रहा है। विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर आयोजित इस प्रदर्शनी के साथ दो विशेष फोटोग्राफी कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रही हैं। 19 अगस्त को फैशन फोटोग्राफी तथा 20 अगस्त को पोर्ट्रेट प्रकाश व्यवस्था पर कार्यशाला होगी। इनके संचालन के लिए संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञ एवं अनुभवी फोटोग्राफी प्रशिक्षकों को आमंत्रित किया गया है। प्रतिभागियों को विशेषज्ञों से तकनीकी जानकारी के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। कार्यशालाओं में प्रवेश नि:शुल्क है तथा इच्छुक प्रतिभागी मौके पर पंजीकरण कर सकते हैं।

# पिछड़ा वर्ग तक पहुंचे योजनाओं का लाभ : राजेश



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उ.प्र. राज्य पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को इन्दिरा भवन में उ.प्र. पिछड़ा वर्ग आयोग की मासिक बैठक सम्पन्न हुई।

आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल व उपाध्यक्ष सोहन लाल सहित आयोग के सदस्यगण की उपस्थिति में राजेश वर्मा की अध्यक्षता में उ.प्र. सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण हेतु विभिन्न विकास एवं जन कल्याणकारी योजना के सफल क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण चर्चा की गयी।

विश्वकर्मा एकीकरण अभियान संस्था द्वारा विश्वकर्मा समाज की सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित किये जाने हेतु नरेश पांचाल के पत्र पर विचार किया गया। विश्वकर्मा कल्याण आयोग बोर्ड गठन के सम्बन्ध में मध्य प्रदेश, झारखण्ड, छत्तीसगढ एवं हरियाणा राज्यों से सूचना प्राप्त कर आयोग के समक्ष प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया, इस हेतु आयोग के सचिव को निर्देशित किया गया।

आयोग में प्राप्त एस.के. सिंघानिया के पत्र पर विचार किया गया। समाज के पारंपरिक अनाज भूनने वाले जिनमें भुर्जी/ भोजवाल/ भड़भूजा सम्मिलित हैं, हेतु 'श्री अन्न कला बोर्ड' तथा खाद्य प्रसंसकरण, कौशल को संरक्षण, ऋण, सब्सिडी और बाजार उपलब्ध कराने हेतु 'श्री अन्न कला बोर्ड' गठित किए जाने संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा की गई। इससे आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश तथा एक जनपद-एक उत्पाद (ओ.डी.ओ.पी.) की परिकल्पना को मजबूती मिलेगी।









# असहाय व जरूरतमंद श्रमिकों को कराया नि:शुल्क भोजन



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

विश्व मानवता दिवस के अवसर पर राजधानी लखनऊ के आलमबाग स्थित नहर लेबर चौक पर संचालित दिहाड़ी किचन के माध्यम से दिहाड़ी मजदूरों के लिए एक विशेष भोजन सेवा का आयोजन किया गया। यह अनूठी पहल उन गरीब और असहाय मजदूर भाइयों को समर्पित रही, जिनका किसी कारणवश उस दिन काम नहीं लग पाता है और उन्हें दो वक्त की रोटी के लाले पड़ जाते हैं।

मानवता की अलख जगाते हुए लखनऊ के सोमनाथ कश्यप पिछले 9 वर्षों से प्रति सप्ताह 5 दिन इन दिहाड़ी मजदूर भाइयों के लिए नि:शुल्क भोजन सेवा अनवरत रूप से संचालित कर रहे हैं।

विश्व मानवता दिवस के इस पावन अवसर पर आज की यह विशेष भोजन सेवा अनुपम श्रीवास्तव जी द्वारा अपनी दिवंगत माता स्व. आशा श्रीवास्तव जी की पुण्यस्मृति में दिहाड़ी मजदूर भाइयों को समर्पित की गई। इस दौरान भोजन ग्रहण कर रहे मजदूरों के चेहरों पर एक अलग ही संतुष्टि एवं खुशी देखने को मिली।

दिहाड़ी किचन के संचालक, संस्थापक सोमनाथ कश्यप का मानना है कि मानवता की सच्ची सेवा जरूरतमंदों को भोजन कराकर और उन्हें संबल देने में ही निहित है। हमारा सम्पूर्ण प्रयास है कि कोई भी दिहाडी मज़दूर भाई कभी भी भूखा न सोये।




# जिला प्रशासन की ओर से बाढ़ सुरक्षा एडवाइजरी-सतर्कता निर्देश जारी

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



कार्यालय अधिशासी अभियन्ता शारदा नहर खण्ड की रिपोर्ट के मुताबिक जनपद बिजनौर स्थित खो बैराज से रामगंगा नदी में 74,322 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। यह जलप्रवाह बरेली के चैबारी घाट से होते हुए शाहजहांपुर की तहसील परशुरामपुरी एवं कलान क्षेत्र को प्रभावित करेगा। पहाड़ी एवं कैचमेंट क्षेत्रों में वर्षा के कारण आगामी 3 से 4 दिनों में शाहजहांपुर तथा डबरी घाट पर रामगंगा नदी का जलस्तर लगभग 1.5 मीटर बढ़ने का अनुमान है। गंगा, गर्रा, खन्नौत नदियों के जलस्तर में भी आंशिक वृद्धि संभावित है। जलस्तर खतरे के निशान 137.300 मीटर से नीचे रहने का अनुमान है, फिर भी जन-धन की सुरक्षा के

**एडीएम वित्त बोले- किसी भी स्तर पर शिथिलता क्षम्य नहीं होगी**

मद्देनजर जिला प्रशासन की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है।

जिसमें मुख्यतः जन-जागरूकता एवं मुनादीरूरामगंगा, गंगा, गर्रा व खन्नौत के तटीय एवं डूब क्षेत्र में स्थित समस्त ग्रामों में तुरंत मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया जाए कि वे नदी के बहाव क्षेत्र के निकट न जाएं। पशुधन एवं संपत्ति की सुरक्षा को नदी किनारे बसे लोग अपने मवेशियों, कृषि उपकरणों एवं आवश्यक सामग्री को समय रहते सुरक्षित व ऊंचे स्थानों पर पहुंचाना सुनिश्चित करें। बाढ़ चैकियां व निगरानी के लिए बाढ़ चैकियों को 24 घंटे सक्रिय रखा जाए। लेखपाल, ग्राम विकास अधिकारी व राजस्व कर्मी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहकर जलस्तर पर नजर रखें। संवेदनशील घाटों एवं संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में नाविकों व नावों की पूर्व व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बाढ़ प्रभावित होने वाले संभावित क्षेत्रों में आवश्यक दवाओं, एंटी-वेनम, हैलोजन टेबलेट्स एवं प्राथमिक चिकित्सा किट की उपलब्धता स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुनिश्चित की जाए।

## रंजिशन जानलेवा हमले में तीन नामजद

**तिलहर-शाहजहांपुर।** घात लगाकर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए घायल ने तीन लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला जेरबरगद निवासी साहिद हुसैन पुत्र अशरफ हुसैन ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती छह अगस्त की सायं करीब सात बजे वह विसारत शाह मियां की मजार पर गया था। आरोप है कि वहां गांव महियावर निवासी शिवनारायण पुत्र धूमपाल सिंह, अंकित पुत्र सुरेशपाल सिंह, मोनू पुत्र रविंद्र तथा एक अज्ञात व्यक्ति पहले से घात लगाये बैठे थे। जिन्होंने उसे खेत में लेजाकर लोहे की राड से उसकी बांह व टांग पर ताबड़तोड़ प्रहार किये। जिससे उस की बांह टूट गई तथा टांग में भी गम्भीर चोट आई। और वह बेहोश हो गया। परिजन उसे चेक ले गए जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया । पीड़ित ने उसके चचेरे भाई की पत्नी शबाना द्वारा उक्त हमलावरों के खिलाफ 28 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसी से हमलावर उससे रंजिश मानने लगे।

# छुट्टा पशु की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल, एक की मौत

**समृद्धि न्यूज, बंडा, शाहजहांपुर।**



गांव से मेला देखने आये युवकों की बाइक अवारा पशु से टकरा गई। टक्कर लगने से बाइक पर सवार दोनों युवक दूर जा गिरे, घायल अवस्था में दोनों युवकों को बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला पीलीभीत के थाना बिलसंडा के खुटरायां गांव निवासी भीमसेन का 25 वर्षीय पुत्र रिंकू अपने गांव के ही साथी अहिवरन के 35 वर्षीय पुत्र मनोज के साथ आपनी बाईक से गांव अजमतपुर में नाग पंचमी के अवसर पर लगे मेले को देखने आया था। मेला देखकर रिंकू अपने साथी मनोज के साथ बंडा के गांव कल्यानपुर धर्माई स्थित अपने फूफा मेवाराम के घर आया और वहां कुछ देर रुकने के बाद रात करीब एक बजे अपने घर वापस जाने के लिए निकल पड़ा। जहां गांव बिराहिमपुर झंझरिया के पास पूरनपुर बंडा नेशनल हाईवे पर अवारा पशु से उसकी बाईक टकरा गई जिससे दोनों गिरकर घायल हो गए। घायल अवस्था में दोनों को बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने रिंकू को मृत घोषित कर दिया जबकि मनोज की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उसकी मौत से मां सरला देवी, बहन प्रीति, रचना और काजल का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक रिंकू के पिता भीमसेन ने बताया कि रिंकू उसका इकलौता पुत्र था जो अब नहीं रहा। वहीं सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## खबरें एक नजर में

### घरेलू कलह में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत



**तिलहर-शाहजहांपुर।** घरेलू कलह के चलते युवक ने घर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ते ही परिजन उसे जिला अस्पताल ले गये जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। कोतवाली क्षेत्र के गाँव ढका उधरनपुर निवासी 29 वर्षीय दुष्यंत सिंह उर्फ दंगल ने बुधवार को घरेलू कलह के चलते कथित रूप से जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन अनन फानन में उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां उसने दम तोड़ दिया। दुष्यंत की मौत से घर मे कोहराम मच गया। मृतक की करीब सात वर्ष पूर्व शादी हुई थी। उसके दो बच्चे हैं, जिनमें छह वर्ष का बेटा और तीन वर्ष की बेटी शामिल है। उधर सूचना मिलने पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### नाबालिग के अपहरण मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** थाना कटरा पुलिस ने नाबालिग के अपहरण और पॉक्सो एक्ट से जुड़े मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक 8 अगस्त को एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण के संबंध में थाना कटरा में मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में बीएनएस की कई धाराओं के साथ पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी बढ़ाई गईं। इसी मामले में वांछित आरोपी अमर उर्फ अमरपाल निवासी ग्राम परशुरामपुर, थाना कटरा को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कटरा चैराहे से आगे बरेली की तरफ शिवजी की मूर्ति के पास से सुबह करीब 10 बजकर 20 मिनट पर गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है और उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। इस कार्रवाई को थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक पदम सिंह, हेड कांस्टेबल रवेन्द्र कुमार और कांस्टेबल देवेन्द्र कुमार की टीम ने अंजाम दिया।

### चयन किए जाने की कार्रवाई कल कलेक्ट्रेट सभागार में

**शाहजहांपुर।** कृषि यंत्रीकरण की योजना के लिए जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति का गठन किया गया है। अपर मुख्य सचिव कृषि उत्तर प्रदेश द्वारा दिए गये निर्देशों एवं कृषि निदेशालय अभियन्त्रण अनुभाग कृषि भवन लखनऊ के निर्देशों के क्रम में वित्तीय वर्ष 2026-27 में कृषि यन्त्रीकरण की प्रमोशन आफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेन्ट आफ काप रेज्ड्यू एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजनानतर्गत प्रमोशन आफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेन्ट आफ काप रेज्ड्यू एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजनानतर्गत कृषि यंत्रों की बुकिंग 16 जुलाई से 10 अगस्त के मध्य की गयी है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कृषि यंत्रों पर अनुदान दिए जाने को कृषकों का ई-लॉटरी के माध्यम से चयन किए जाने की कार्यवाही 21 अगस्त को दोपहर 12 कलेक्ट्रेट सभागार में की जाएगी।

### ई-रिक्शा की टक्कर से घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**बंडा, शाहजहांपुर।** ढका गांव से पैदल घर लौट रहे एक अधेड़ को पीछे से आ रहे रिक्शा चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। ग्राम खखरा बुजुर्ग निवासी छैल बिहारी (42) मंगलवार शाम अपने गांव से पैदल ही पास के गांव ढका टहलने गए थे। रात करीब 7 बजे जब वह ढका से पैदल अपने घर लौट रहे थे, तभी पीछे से आ रहे गांव चिकटिहा निवासी सुरेश कुमार उर्फ सटल्ले 45 वर्ष अपना ई रिक्शा लेकर बंडा की तरफ आ रहे थे । तभी अचानक ई रिक्शा का संतुलन बिगड़ गया और उन्हें जोरदार टक्कर लग गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों की मदद से उन्हें बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान बुधवार सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक छैल बिहारी और उनके भाई सोवरन अपने चचेरे भाई संतोष के साथ रहते थे। दोनों भाई अविवाहित थे। छैल बिहारी की अचानक हुई मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था, खबर लिखे जाने तक छैलबिहारी का शव घर नहीं पहुंच सका था।

### दलित महिला ने पांच पर लिखाई एससी एसटी की रिपोर्ट

**तिलहर - शाहजहपुर।** दलित महिला ने पति के दोस्त समेत पांच लोगों द्वारा फोन पर जाति सूचक गलियाँ देने का आरोप लगाते हुए नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है । नगर के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी कान्ति देवी पत्नी अनिरूद्ध शर्मा ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसके पति की अनिरुद्ध शर्मा व मदनापुर क्षेत्र के गाँव द्वियुतरा निवासी कल्लू यादव में दोस्ती है। आरोप है कि कल्लू यादव उसके बेटे अजय यादव व सौरभ यादव , बरखेड़ा जयपाल निवासी नितिन मिश्रा पुत्र दिनेश मिश्रा तथा गांव ढका निवासी होशियार सिंह यादव पुत्र जबर सिह यादव ने अलग अलग नम्बरों से उसके मोबाइल नंबर पर फोन करके जाति सूचक गालियां दी। कोतवाल प्रभाष चंद्र ने बताया कि पांच लोगों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला गंभीर घायल

**तिलहर- शाहजहांपुर।** अज्ञात वाहन की टक्कर से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई । परिजन तत्काल सीएचसी लेकर पहुंचे । जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक मंगलबार देर शाम नगर के मोहल्ला भक्सी निवासी महिला प्रेमवती पत्नी श्रीराम 55 को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी । हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई । सूचना पर पहुंचे परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# जुलूस-ए-मुहम्मदी को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को हुई बैठक

**नबी की आमद की खुशी खुलूस से मनाएं: शहर इमाम**

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।**



पैगंबर ए इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब जन्म दिन बारावफात के मौके पर 26 अगस्त को नगर में निकलने वाले जुलूस-ए-मुहम्मदी को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के मद्देनजर खानकाहे शमशिया के सज्जादा नशीन इकवाल हुसैन उर्फ फूल मियां के आवास पर एक बैठक हुई। घ्बैठक में शहर इमाम मोहम्मद स्वालेह शद्दन मियांने कहा कि जुलूस के दौरान किसी भी ठेले आदि पर अभद्र चिप आदि का प्रयोग न करें। केवल माईक पर नातिया कलाम , सलातो सलाम पढ़े और नबी की आमद की खुशी शांतिपूर्वक हर्षोल्लासके साथ मनाएं। घ्जुलूस में हरे झंडों के साथ -साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भी लेकर चले जिनमें स्टील रॉड या भारी पाइप के इस्तेमाल न किए जाएं। शहर काजी मोहम्मद अकरम सलीम ने कहा कि घ्माईक या बिना माईक के किसी भी अन्य विषय पर अनावश्यक भाषण , तकरीर या कोइ नारा ना लगाया जाए , रोड पर राहगीरों का ध्यान रखें जो लोग मोहल्ले में लंगर फेंकते हैं उनसे गुजारिश करें की लंगर फेंक कर न दे जो भी बांटे लोगों को हाथों हाथ दे। मौजमपुर चैकी इंचार्ज देवेश कुमार ने कहा घ्जुलूस में शामिल होने वाले सभीअंजुमन या मोहल्ले से टोली के आयोजक अपने साथ दस दस सहयोगियों के आधार एवं फोटो जमा कर, जुलूस में सहयोग करने हेतु पहचान पत्र मुख्य आयोजक से जारी कराकर अपनी टोली के साथ रहकर सहयोग करें। घ्बैठक में शहर इमाम मोहम्मद स्वालेह उर्फ शद्दन मियां, शहर काजी मोहम्मद अकरम सलीम, मुन्नन मियां, इमाम अहमद रजा, मास्टर मतलूब अली, कारी इदरीस, कारी अदीब अली, हाफिज नसीम, हाफिज सोहेल हाफिज अकील, हाफिज जाहिद उर्फ गुड्डू मियां, अरमान रजा, हाफिज गुलाम अहमद रजा, मोहम्मद रईस कुरैशी, शरीफ कुरैशी शामिल रहे।

# पिकअप पर तिरपाल बांधते समय करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**कांवड यात्रा के दौरान तिरपाल बांधते समय हुआ हादसा मचा कोहराम**

**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद/बंडा।**



कांवड़ यात्रा के दौरान एक दर्दनाक हादसे में 20 वर्षीय युवक की करंट लगने और नीचे गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान बंडा थाना क्षेत्र के गांव दिउहना निवासी पंकज पुत्र सुंदरलाल के रूप में हुई है। पंकज खुटार थाना क्षेत्र के गांव मक्कापुर निवासी जितेंद्र के डीजे पर काम करता था। यात्रा के दौरान बरसात शुरू होने पर वह पिकअप गाड़ी पर तिरपाल संभालने के लिए ऊपर चढ़ा था। इसी दौरान वह अचानक करंट की चपेट में आ गया और झटके के कारण अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा। सिर में गंभीर चोट आने से वह लहूलुहान हो गया। साथी कांवड़ियों ने तत्परता दिखाते हुए उसे तुरंत जलालाबाद के सरकारी अस्पताल पहुंचायाए जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के बड़े भाई प्रेम ने बताया कि उन्हें सुबह करीब 4.30 बजे पंकज के साथियों द्वारा घटना की सूचना मिली। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने के बाद पुलिस ने भी परिजनों को आधिकारिक जानकारी दी। पंकज की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मां गुजर्रा देवी, पिता सुंदरलाल, भाई प्रेम, अंकज तथा बहन बबली का रो रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद जब उसका शव गांव पहुंचा तो पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। खबर लिखे जाने तक शव का अंतिम संस्कार नहीं हो हुआ था।

## घास काटने गया 14 वर्षीय बालक लापता

**तिलहर - शाहजहानपुर।** भैंस के लिए घास काटने गए नाबालिग बेटे के वापस न लौटने पर पीड़ित पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के गाँव पिपरोली निवासी अतीक अहमद पुत्र सुल्तान अली ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसका 14 वर्षीय बेटा अर्सलान 16 अगस्त को भैंस के लिए घास काटने गया था जो बापस नहीं लौटा। उसकी काफी तलाश की गई। लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित पिता ने अर्सलान को हाल्ट रेलवे फाटक संख्या 330 पर देखे जाने का भी रिपोर्ट में जिक्र किया है।

# मिर्जापुर क्षेत्र का प्राचीन भुर्जिया शिवमंदिर आस्था और चमत्कार का अनूठा केंद्र

**सावन में उमड़ता है श्रद्धालुओं का सैलाब**

**शैलेन्द्र पाण्डेय दीपक**

मिर्जापुर,शाहजहांपुर। कस्बे से करीब पांच किलोमीटर दूर ग्राम भुर्जिया के समीप स्थित प्राचीन शिवमंदिर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों में एक है। सावन के महीने में यहां दूर-दूर से श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ के स्वयं प्रकट शिवलिंग पर दूध और गंगाजल से जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना करने आते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से शिवलिंग का जलाभिषेक और शिवार्चन करने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। क्षेत्रीय शिवभक्तों के अनुसार, वर्षों पहले भुर्जिया गांव के पास घना जंगल हुआ करता था। आसपास के कई गांवों की गायें जंगल में चरने आती थीं। बताया जाता है कि उनमें से एक गाय प्रतिदिन एक निश्चित स्थान पर पहुंचकर अपना दूध स्वयं गिरा देती थी। करीब एक महीने तक यह सिलसिला चलता रहा। ग्रामीणों को जब इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने मौके पर जाकर देखा। वहां जमीन के अंदर शिवलिंग दिखाई दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने जमीन के अंदर से शिवलिंग को निकालने का प्रयास किया। किंतु शिवलिंग तमाम प्रयासों के बाद भी हिला तक नहीं। जनश्रुतियों के अनुसार ग्रामीणों ने कई हाथियों को लोहे की जंजीरों से बांधकर शिवलिंग को खींचने की कोशिश की गई, लेकिन शिवलिंग अपनी जगह से टस से मस नहीं हुआ। तब ग्रामीणों ने उसी स्थान पर मिट्टी का चबूतरा बनाकर पूजा अर्चना शुरू कर दी। स्वयं प्रकट शिवलिंग की चर्चा क्षेत्र में जंगल की आग की तरफ चैतरफा फैल गई। तब मिर्जापुर के सेठ झिंगुरीलाल गुप्ता ने जनसहयोग से इस स्थान पर मंदिर की स्थापना करवाकर विधिविधान से पूजा अर्चना की। आज इस छोटे से मंदिर के स्थान पर बाबा भोलेनाथ का भव्य मंदिर बना हुआ है।

### सावन में दूध और गंगाजल से जलाभिषेक करने के लिए लगता श्रद्धालुओं का तांता

वैसे तो भुर्जिया गांव के इस शिव मंदिर में वर्ष भर धार्मिक कार्यक्रमों और बच्चों के अन्नप्राशन, मुंडन, नवविवाहित जोड़ों के आशीर्वाद का सिलसिला चलता रहता है। लेकिन सावन के महीने में यहां जलाभिषेक करने वाले शिवभक्तों का मेला लगा रहता है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगाजल और दूध लेकर पहुंचते हैं तथा भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं। मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ वर्ष में दो बार मेले का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें आसपास के गांवों के अलावा दूर-दराज से भी लोग पहुंचते हैं। स्थानीय श्रद्धालुओं का मानना है कि भोलेनाथ के दरबार में सच्चे मन से आने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसी आस्था के चलते भुर्जिया शिव मंदिर आज भी क्षेत्र के लोगों के लिए श्रद्धा और विश्वास का महत्वपूर्ण केंद्र बना हुआ है।

# गौतम मौर्य हत्याकांडः हत्यारोपी समीर व उसके परिजनों के मकान पर आज होगी कार्रवाई

**अवैध निर्माण पर कार्रवाई की तैयारी, दो प्लाटून पीएसी समेत भारी पुलिस बल रहेगा तैनात**

**समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।**



नगर पंचायत कांट के वार्ड नंबर एक गढ़ी पूर्वी प्रथम में बिना स्वीकृत मानचित्र के किए गए निर्माण को लेकर प्रशासन ने कार्रवाई की तैयारी पूरी कर ली है। नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी नूर जहां की ओर से भवन गिराने का नोटिस जारी किए जाने के बाद 20 अगस्त को प्रस्तावित ध्वस्तीकरण के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहेगा। अपर जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय की ओर से पुलिस अधीक्षक को भेजे पत्र में भवन संख्या-12, रजिस्ट्रेशन नंबर 439६384 के अवैध निर्माण को हटाने के दौरान पुलिस बल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। भवन अमीरन पत्नी स्वर्गीय खुशी मुहम्मद, नसीम पत्नी स्वर्गीय शमीम और सलमा पत्नी लियाकत अली के नाम बताया गया है।प्रशासन ने मौके पर दो प्लाटून पीएसी, पांच महिला उपनिरीक्षक, 25 महिला सिपाही, दंगा नियंत्रण दस्ता, पांच पुरुष उपनिरीक्षक और 25 पुरुष आरक्षियों की तैनाती मांगी है। एसडीएम सदर और सीओ सदर को मौके पर मौजूद रहकर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से एंबुलेंस और चिकित्सीय टीम, अग्निशमन विभाग की ओर से फायर ब्रिगेड तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों और लाइनमैन को भी मौके पर मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी नूरजहां की ओर से पहले ही संबंधित भवन स्वामियों को नोटिस जारी किया गया था। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों क्षेत्र में हुए गौतम मौर्य हत्याकांड को लेकर आरोपी समीर इदरीसी और उसके परिजनों के मकान पर प्रस्तावित कार्रवाई की चर्चा है। प्रशासन की तैयारियों को देखते हुए ध्वस्तीकरण के दौरान सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

# विवाहिता ने पति समेत नौ लोगों के खिलाफ दर्ज कराई दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट

**दहेज में मांगे दस लाख शादी के 20 दिन बाद ही मायके छोड़ने का आरोप**

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहपुर।**

विवाहिता ने दहेज में दस लाख रुपये की मांग के चलते प्रताड़ित कर शादी के 20 दिन बाद ही पहने हुए कोड़ों में मायके छोड़ जाने का आरोप लगाते हुए पति समेत नौ लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोतवाली क्षेत्र के गाँव डभौरा निवासी रुचि विश्वकर्मा उर्फ मीना पुत्री स्व राम किशोर ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि 29 नवंबर 2026 को उसकी शादी उत्तराखंड के टनकपुर के मोहल्ला राजाराम चैक निवासी विजय शर्मा उर्फ लक्ष्मण पुत्र नन्हे लाल शर्मा के साथ टनकपुर में ही मिलन वाटिका में हुआ था। आरोप है कि उसके ससुरालीजन व रिश्तेदार दान दहेज से असंतुष्ट होने के कारण उसे प्रताड़ित करने लगे और दस लाख रुपए लाये बिना उसे घर में न रखने की जिद पर अड गये और 18 दिसंबर 2025 को पहने हुए कपड़ों में ही मायके छोड़ गए ।

पीड़िता ने पति के उसकी ममेरी बहन से संबंध होने का भी रिपोर्ट में जिक्र करते हुए पति विजय शर्मा उर्फ लक्ष्मण, ससुर नन्हेलाल, सास सुनीता देवी, ननद शीतल के अलावा उनके रिश्तेदार शाहजहांपुर के मोहल्ला झंडा निवासी विनोद कुमार पुत्र वंशीलाल उनकी पत्नी मंजू देवी, पुत्री पूनम भाई महेन्द्र व उनकी पत्नी रेखा के खिलाफ करंट लगाकर व गला दबाकर मारने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स के परशुरामपुरी दौरे पर कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद, शाहजहांपुर।**

झज्जर विधानसभा क्षेत्र से वरिष्ठ कांग्रेस विधायक और केंद्रीय ऑब्जर्वर कुलदीप वत्स के परशुरामपुरी पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। दौरे की शुरुआत में विधायक कुलदीप वत्स ने सबसे पहले स्थानीय भगवान परशुराम मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया और संगठन सृजन को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। घ्परशुरामपुरी निवासी और युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट आलोक शर्मा के आवास पर यह कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां आयोजक ने अपने साथियों के साथ विधायक को माला और पटका पहनाकर उनका

**वंदे मातरम और तिरंगे को लेकर भाजपा सरकार पर साधा निशाना**

अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि कुलदीप वत्स ने कई नए कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण कराई। प्रेस वार्ता के दौरान विधायक कुलदीप वत्स ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। श्वंदे मातरम और तिरंगे को लेकर उन्होंने कहा कि जो लोग आजादी के आंदोलन के समय दूर रहे और कक्षा पहनकर भागे हो और जिन्होंने कभी अपने संघ कार्यालय पर तिरंगा नहीं फहराया, वे आज हमें तिरंगे का पाठ न पढ़ाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान किया है और अंग्रेजों की आंखों में आंखें डालकर देश की आजादी की लड़ाई लड़ी है। घ्विधायक ने विश्वास जताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ रही है और आगामी विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। पार्टी का मुख्य लक्ष्य देश के सभी राज्यों में ब्लॉक से लेकर जिला स्तर तक मजबूत संगठन तैयार करना है। घ्कार्यक्रम के अंत में नगर अध्यक्ष सैयद तनवीर अली ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रजनीश गुप्ता, मुन्ना राम अवस्थी, युवा जिला अध्यक्ष फुरकान कुरैशी, गौरव त्रिपाठी, रफी उल हसन, सलमान भारतीय, रामजी शुक्ला, शकील खान सहित सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# परचम कुशाई के साथ उर्से ताजुल उरफा का हुआ आगाज

**समृद्धि न्यूज, मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।**



नगर की मशहूर ओ मारूफ खानकाहे हुसैनिया कलीमिया मे 3 दिवसीय उर्से ताजुल उरफा ( हजरत सैयद मसरूर अहमद कलीमी) का आगाज हो गया। सुबह कुरआन ख्वानी के साथ उर्स का आगाज हो गया। उर्स मे शिरकत करने देश के कोने कोने से जायरीन पहुँचे । जायरीन के पहुँचने से नगर के बाजाघ्र गुलजार हो गए। सभी ने बड़ी अकीदत से मुर्शिद की दरगाह पर हाजरी दी। बाद नमाजे इशा ताजुल उरफा कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमे उड़ीसा से मौलाना जियाउद्दीन, कानपुर से मौलाना हाशिम रजा अशरफी, झारखंड से मुफ्ती अब्दुल गफूर जामी, मुफ्ती समीउल अंसारी, प. बंगाल से मौलाना अमीर हमजा सकाफी ने बेहतरीन अंदाज में अपनी तकघरीर पेश की और हाजिरीन को इस्लाम की तालीमात रूबरू कराया । रामपुर से ताहिर रजा, प्रयागराज से नोमान कादरी और मो. इसराफील ने मीठे लहजे मे दिलकश नआतिया लाम पेश किए। जलसे का संचालन मो आमिर कलीमी ने किया। खानकाह के सज्जादानशीन के छोटे भाई डॉ. सैयद असद अहमद कलीमी ने बताया कि हर साल 6 रबीउल अव्वल को उर्से ताजुल उरफा मनाया जाता है। इस साल भी हस्बे दस्तूर उर्से ताजुल उरफा शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जा रहा है। साहिबे सज्जादा हजरत सैयद मसऊद अहमद कलीमी की सरपरस्ती मे और उनके छोटे भाई हजरत सैयद असद कलीमी की देखरेख में उर्स की तकरीबात को अंजाम दिया जा रहा है। इस दौरान नायवे सज्जादा सैय्यद मुशाद अहमद कलीमी चिश्ती कादरी, सैय्यद मुजीब कलीमी, पूर्व चेयरमैन पति दानिश खान, समाजसेवी आरिश खान, समाजसेवी सगीर खान डभौरा वाले पूर्व सभासद किशवर अंसारी, शरीफ अहमद कलीमी, आसिफ कलीमी, याकूब अंसारी, एजाज अहमद, मास्टर रईस अहमद, गुडडू खां शालू कलीमी, अफसर अंसारी, इमतेयाज, सुबहान कलीमी आदि लोग मौजूद रहे।

# किसान दिवस में छाया रहा छुट्टा गोवंश-बंदरों व बिजली समस्या का मुद्दा

▶ सीडीओ बोले- एक सप्ताह में समस्याओं का निस्तारण कर रिपोर्ट दें

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

विकास सभागार में सीडीओध्डीएम उत्कर्ष द्विवेदी की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डीडी कृषि पुरुषोत्तम कुमार मिश्र सहित कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर ने विगत दिवस की बैठक में किसानों द्वारा उठाई गयी, समस्याओं के निस्तारण के प्रगति के विषय में चर्चा की गई। कृषकों को अवगत कराया कि रबी सत्र 2026-27 में अनुदान पर बीज एवं निःशुल्क बीज मिनी किट प्राप्त करने हेतु प्रथम चरण की बुकिंग प्रारंभ हो चुकी है। कृषि विभाग की वेबसाइट के माध्यम से कोई भी भू-धारक कृषक बीज प्राप्त करने हेतु बुकिंग स्वयं अपने नजदीकी कृषि विभाग के कार्यालय-बीज भंडार पर अपनी सुविधा अनुसार कार्यालय समयावधि में भ्रमण करके भी बुकिंग करा सकेंगे। तोरिया फसल की बुकिंग 16 अगस्त तक की जानी थी, जिसमें कृषकों तोरिया मिनीकिट के 474 किसानों द्वारा बुकिंग की गयी, जिसकी ई-लॉटरी की जानी है, शीघ्र ही ई-लॉटरी से चयनित कृषकों के दूरभाष पर मैसेज प्राप्त होगा, जिसे वह अपने विकास खण्ड के राजकीय कृषि बीज भण्डार से तोरिया मिनीकिट बीज प्राप्त कर सकते है। इसी प्रकार दलहनी फसल चना, मटर एवं मसूर एवं



तिलहनी फसल राई,सरसों एवं अलसी बुकिंग प्रारंभ 10 सितंबर व 11 सितंबर गेहूँ एवं जौ बुकिंग प्रारंभ 30 सितंबर, 1 अक्टूबर को प्रथम चरण बुकिंग समाप्त होगा तथा द्वितीय एवं तृतीय चरण के लिए बुकिंग 7 दिन के अंतराल पर खोली जाएगी। तदुपरांत प्रत्येक चरण 3 दिन का होगा, सोमवार से बुधवार तक बुकिंग होगी एवं बृहस्पतिवार को ई लॉटरी एवं शुक्रवार से रविवार का बुकिंग एवं पुनः सोमबार को ई लॉटरी होगा। कृषि विभाग ने कृषकों से अपील कि यह समय से अपना आवेदन व बुकिंग अवश्य करें एवं योजना का लाभ उठाएं। इसी बैठक में जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक ने बागवानी, के अन्तर्गत बजट की उपलब्धता एवं सम्बन्धित यंत्र पावर ट्रिलर। 2 डब्लूडी के ट्रैक्टरों पर समस्त वर्गों के कृषकों को मिलने वाले अनुदान के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि जो भी कृषक ड्रैगन फ्रूट एवं मशरूम व सब्जियों पर मिलने वाले कृषि निवेश की सब्सिडी के बारे में अवगत कराया गया। बैठक में मंडी सचिव रोजा धनंजय सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजनान्तर्गत मण्डी समितियों में अपनी उपज बेचने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए लकी ड्रॉ के माध्यम से ट्रैक्टर, कृषि उपकरण और अन्य उपहार दिए जाते हैं। मुख्यमंत्री कृषक छात्रवृत्ति योजनाः मण्डी क्षेत्र के गरीब और पात्र किसानों के बच्चों को उच्च व तकनीकी शिक्षा जारी रखने के लिए मासिक या वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। कृषकों द्वारा गौवंशों व बन्दरों को पकड़ जाने एवं विद्युत समस्याओं का जल्द ही निस्तारण किए जाने की मांग की गयी। बैठक में 12 कृषकों द्वारा अपनी समस्याएं प्रस्तुत की गई। सीडीओ ने शिकायतों को सात दिन के अन्दर बैठक से सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी अनिल कुमार भारती, भूमि संरक्षण अधिकारी गोमती रामप्रकाश राणा, अधिशासी अभियन्ता शारदा नहर खण्ड एसके भास्कर, शशांक कुमार, अजय सिंह, अनिल कुमार, पुनीत, सौरभ शाक्य, ओम प्रकाश मौर्या, महक सिंह, शमी आलम व कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।अंत में जिला कृषि अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुये किसान दिवस के समापन की घोषणा की।

## पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय यादव महासभा की ओर से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल यादव की स्मृति में ब्लॉक सभागार सिंधौली में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रामाधार सिंह यादव के नेतृत्व में किया गया। इसमें क्षेत्रीय लोगों के साथ ही दूर-दराज से पहुंचे महासभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बताया गया कि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव का 11 अगस्त को लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया था। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व एवं सामाजिक योगदान को याद किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि वीरेंद्र पाल यादव ने सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया और लोगों के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहे। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष अशोक यादव एडवोकेट, मनीष यादव, मानवेंद्र उर्फ मोनू यादव, मुकुट बिहारी यादव, मुकेश यादव, वीरपाल यादव, रामरतन शर्मा, अनिल यादव, संतोष दीक्षित, राम सागर यादव, यदुवीर सिंह यादव, सतनाम सिंह, सुरेंद्र यादव, जयचंद यादव, रामकुमार यादव और मनोज यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राजीव यादव ने किया।

## खबरें एक नजर में

### नाले में डूबे चचेरे भाई, दोनों की दर्दनाक मौत

**सीतापुर।** महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के केवड़ा गांव में बुधवार को दर्दनाक हादसे में दो चचेरे भाइयों की नाले में डूबने से मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक 12 वर्षीय सुरेंद्र खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह नाले में जा गिरा और डूबने लगा। सुरेंद्र को नाले में डूबता देख उसका 25 वर्षीय चचेरा भाई संजय उसे बचाने के लिए नाले में उतर गया। बचाने के प्रयास में संजय भी गहरे पानी में डूब गया। देखते ही देखते दोनों की जान चली गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शवों को नाले से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में भी मातम का माहौल है। प्रशासन की ओर से दोनों मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसके लिए लेखपाल को आवश्यक दस्तावेज तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जिला पंचायत सदस्य ने तिलक लगाकर किया स्वागत



**गोला गोकर्णनाथ , लखीमपुर खीरी।** 139 विधानसभा गोला गोकरननाथ के अंतर्गत ग्राम चायत गोला देहात, मजरा बहेरा में गंगाजल लेने जा रहे बहेरा गांव के कांवड़िया साथियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। एक तरफ हज उमरह के लिए जाने वाले लोगों का स्वागत, तो दूसरी तरफ कांवड़ यात्रा पर जा रहे हिंदू भाइयों का स्वागत—यही हिंदू-मुस्लिम एकता की सच्ची मिसाल है। सपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अंसारी ने आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश देते हुए सभी कांवड़िया साथियों का स्वागत किया।यही हमारी गंगा-जमुनी तहज़ीब है, यही हमारी पहचान है। हिंदू-मुस्लिम एकता जिंदाबाद, की मिशाल का कायम भी रख रहे है।

# जुलूस-ए-मोहम्मदी को लेकर परशुरामपुरी में बैठक, डीजे और बाइक रैली पर पाबंदी

**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद, शाहजहांपुर।**

▶ जुलूस के रास्ते में खुर्दा बांटने पर भी रोक, अमन-चैन बनाए रखने की अपील

आगामी 26 अगस्त को निकलने वाले जुलूस-ए-मोहम्मदी को लेकर परशुरामपुरी स्थित बरगद वाली मस्जिद में उलेमा, मौलाना, मुफ्ती, कारी एवं समाज के जिम्मेदार लोगों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जुलूस को शांतिपूर्ण एवं परंपरागत तरीके से निकालने को लेकर आवश्यक हिदायतें और सुझाव दिए गए। बैठक में उपस्थित धर्मगुरुओं एवं जिम्मेदार लोगों ने कहा कि नबी-ए-करीम की आमद की खुशी के अवसर पर ऐसा कोई कार्य नहीं किया जाना चाहिए, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था या गुनाह की स्थिति उत्पन्न हो। बैठक में स्पष्ट रूप से निर्णय लिया गया कि जुलूस के दौरान डीजे, मेमोरी कार्ड अथवा मोबाइल फोन से तेज आवाज में संगीत बजाने पर पाबंदी रहेगी। जुलूस में मौलाना, मुफ्ती, आलिम, उलेमा, कारी एवं मदरसों के बच्चे हुजूर की शान में नात एवं कलाम माइक के माध्यम से पढ़ेंगे। इसके अलावा जुलूस के रास्ते में खुर्दा अथवा प्रसाद जैसी सामग्री बांटने पर भी रोक रहेगी, ताकि भीड़ में किसी को चोट न लगे। लंगर या खुर्दा बांटने के इच्छुक लोग जुलूस के मार्ग से अलग बैठने की जगह पर बैठकर लोगों को खिलाएंगे। बैठक में तय किया गया कि जुलूस में शामिल होने वाले लोग सुबह 10 बजे तक नीलम टॉकीज के पास एकत्रित होंगे। इसके बाद सबसे आगे बड़ी दरगाह का जुलूस चलेगा और सभी लोग निर्धारित क्रम में उसी के पीछे चलेंगे। जुलूस दोपहर करीब 1 बजे बड़ी दरगाह पहुंचकर समाप्त होगा। सुरक्षा और व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मोटरसाइकिल रैली तथा ट्रैक्टर से जुलूस निकालने पर भी पाबंदी रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि सभी लोग निर्धारित नियमों का पालन करें, जिससे जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो और क्षेत्र में अमन-चैन की बुनियाद कायम रहे। बैठक में मौलाना रफीकुल कादरी, मौलाना शराफत, हाफिज अब्दुर रहमान, हाफिज सईद अख्तर, हाफिज अकलाख अहमद, मौलाना तौसीफ खान, बन्ने हाफिजी, हाफिज यूसुफ अली, हाफिज अरशद, हाफिज आदिल रजा, एडवोकेट शादाब खान, अख्तर मंसूरी, गुड्डू खान, परवेज खान तथा इस्लामिक जानकार अफसर खां उर्फ अफसर चचा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# इस्लामिया इंटर कॉलेज में आपदा प्रबंधन प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण आयोजित

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

मानसून पूर्व तैनाती के अंतर्गत हनुमतधाम आश्रय भवन में तैनात 8वीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ द्वारा जनजागरूकता एवं सामुदायिक क्षमता निर्माण के उद्देश्य से विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों में आपदा प्रबंधन एवं प्राथमिक उपचार संबंधी जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में इस्लामिया इंटर कॉलेज उत्तर प्रदेश में एनडीआरएफ टीम द्वारा आपदा प्रबंधन एवं जीवनरक्षक प्राथमिक उपचार विषय पर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व इंस्पेक्टर भिम सिंह द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद अयूब खान की उपस्थिति रही। विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में रक्तस्राव नियंत्रण, स्प्लिंटिंग, श्वासनली अवरोध, आपातकालीन निकासी



तथा विभिन्न आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों के बारे में बताया गया। जीवनरक्षक तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया, जिससे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आपदा अथवा आपातकालीन स्थिति में स्वयं एवं अन्य व्यक्तियों की सहायता करने के आवश्यक कौशल प्राप्त हुए। विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ ने प्रतिभाग किया तथा टीम द्वारा दिए गए प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया। एनडीआरएफ द्वारा इस प्रकार के जनजागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों, युवाओं एवं आमजन को आपदाओं के प्रति जागरूक, सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

# अचानक निकले सियार से टकराईं बाइकें, वृद्ध की मौत व तीन गंभीर

**लखीमपुर-खीरी।** बरवर-जाहानीखेड़ा मार्ग पर बुधवार को सड़क किनारे उगी घनी झाड़ियों की वजह से एक दर्द हादसा हो गया। गन्ना सेंटर के पास झाड़ियों से अचानक एक सियार सड़क पर आ गया, जिसे बचाने के चक्कर में दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भीषण भिड़ंत हो गई। हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना मितौली के गांव लल्लैआ निवासी अनिल पुत्र दयाराम और छोटे पुत्र गेंदई अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान सामने से थाना पसगवां के गांव चंदिला निवासी जुनैद पुत्र नईम और मुमताज पुत्र शाहिद दूसरी बाइक से आ रहे थे। जैसे ही दोनों बाइकें गन्ना सेंटर के पास पहुंचीं, सड़क किनारे उगी बड़ी-बड़ी झाड़ियों से अचानक एक सियार निकलकर सामने आ गया। अनियंत्रित होकर दोनों वाहन आपस में जोरदार तरीके से टकरा गए। एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी मोहम्मदी भिजवाया। डॉक्टरों ने 60 वर्षीय छोटे को मृत घोषित कर दिया। वहीं अनिल, जुनैद और मुमताज का प्राथमिक उपचार के बाद शाहजहांपुर रेफर कर दिया।

# किसान दिवस में आईं 42 समस्याएं



**सीतापुर।** विकास भवन सभागार में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी डा. दीक्षा जोशी की अध्यक्षता में अगस्त माह के किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि एवं कृषि उत्पादन से जुड़े विभागों के अधिकारी, किसान बंधु और कृषक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। किसान दिवस में किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं और फसलों की देखभाल के संबंध में जानकारी दी गई। उप कृषि निदेशक ने बताया कि कृषि यंत्रों की लॉटरी 21 अगस्त को एनआईसी में आयोजित की जाएगी। वहीं जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने खरीफ फसलों में लगने वाले रोग, कीट और खरपतवार के नियंत्रण की जानकारी दी। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से फसलों की संस्तुत मात्रा के अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करने की अपील की। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि आलू बीज एवं मखाने की खेती पर अनुदान का लाभ लेने के लिए प्रथम चरण की प्रक्रिया पूरी करना अनिवार्य है। किसान दिवस में कुल 42 समस्याएं प्राप्त हुईं। इनमें सबसे अधिक शिकायतें विद्युत और राजस्व विभाग से संबंधित रहीं। सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं नियमानुसार निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही निस्तारण की अनुपालन आख्या एक सप्ताह के भीतर शिकायतकर्ता और उप कृषि निदेशक कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा।

# शहीदों की शिलापट लगवाने के लिए समाजसेवी का अनोखा प्रदर्शन

▶ सिर पर टोपी, एक हाथ में तिरंगा झंडा और दूसरे हाथ में भीख का कटोरा लेकर मांगी भीख

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर से एक अनोखी प्रदर्शन सामने आया है, जहां शहीदों की प्रतिमाओं पर उनके नाम के शिलापट लगाए जाने की मांग को लेकर समाजसेवी नवी सलमान ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। सिर पर टोपी, एक हाथ में तिरंगा झंडा और दूसरे हाथ में भीख का कटोरा लेकर सलमान कलेक्ट्रेट और विकास भवन पहुंच गए साथ ही शहर में घूमकर शहीदों के नाम की शिलापट लगवाने के लिए भीख मांगी। दरअसल, पिछले छह दिनों से नवी सलमान शहीदों की प्रतिमाओं के समक्ष धरने पर बैठे हैं। नगर निगम के बाहर लगी शहीदों की प्रतिमाएं कुछ माह पहले सौंदर्यीकरण के दौरान खंडित हो गई थीं। इसके बाद नई प्रतिमाएं तो लगा दी गईं, लेकिन इन प्रतिमाओं पर शहीदों के नाम के शिलालेख नहीं लगाए गए। इसी को लेकर समाजसेवी नवी सलमान ने विरोध का अनोखा



तरीका अपनाया। सिर पर टोपी, हाथ में तिरंगा और भीख का कटोरा लेकर वह कलेक्ट्रेट और विकास भवन पहुंचे। वहां उन्होंने अधिकारियों के सामने भीख मांगकर अपना विरोध दर्ज कराया। इस अनोखे प्रदर्शन से अधिकारियों में भी खलबली मच गई। मामला सिटी मजिस्ट्रेट तक पहुंचा, जिन्होंने सलमान से ज्ञापन लिया और नगरायुक्त से वार्ता की। वहीं नगरायुक्त सौम्या गुरुरानी ने आश्वासन दिया है कि एक सप्ताह के भीतर शहीदों की प्रतिमाओं के शिलालेख लगा दिए जाएंगे। जिन शहीदों ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, उनके नाम की शिलापट लगवाने के लिए समाजसेवी को भीख मांगने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह प्रदर्शन अब शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### ज्वैलरी शॉप चोरी के मामले में वारंट के बाद सर्राफा व्यापारी की संदिग्ध मौत

**निगोही, शाहजहांपुर।** निगोही के मोहल्ला गांधीनगर निवासी 65 वर्षीय सर्राफा व्यापारी उमेश गुप्ता उर्फ गुड्डू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव पड़ोस में स्थित उनके बड़े भाई राकेश गुप्ता के बंद मकान के आंगन में मिला। घटना के बाद परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2025 में लखनऊ में एक ज्वैलरी शॉप में चोरी हुई थी। चोरी के माल की खरीद के मामले में निगोही निवासी उमेश गुप्ता के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी होने की बात सामने आई है। इसी वारंट के सिलसिले में मंगलवार रात लखनऊ और शाहजहांपुर पुलिस उनके आवास पर पहुंची थी। पुलिस के पहुंचने पर उमेश गुप्ता घर पर नहीं मिले। मृतक की पत्नी संतोष कुमारी के अनुसार, रात करीब 2.30 बजे पुलिस ने घर का दरवाजा खुलवाया और उमेश गुप्ता के बारे में पूछताछ की। आरोप है कि पुलिस ने घर की तलाशी भी ली और उन्हें तलाशने के लिए कहा। सुबह सफाई कर्मचारियों से जानकारी मिलने पर परिजनों ने बड़े भाई राकेश गुप्ता के बंद मकान का ताला खुलवाया। अंदर आंगन में उमेश गुप्ता का शव पड़ा मिला। सूचना पर पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा, पूर्व एमएलसी अमित यादव रिंकू भी मौके पर पहुंचे। इसके बाद सीओ सदर, निगोही पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की। परिजनों का आरोप है कि देर रात पुलिस की दबिश और कथित दबाव के बाद उमेश गुप्ता की मौत हुई। वे पुलिस के खिलाफ कार्रवाई और निष्पक्ष जांच की मांग पर अड़े हैं। पुलिस आरोपों का निराधार बता रही हैं और कहा मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बेला तुरसिया में एक परिवार से उठी पांच अर्थियां, मचा कोहराम

▶ विपक्षी दलों के नेताओं ने 10 लाख सहायता राशि देने की रखी मांग

**समृद्धि न्यूज, मोहम्मदी लखीमपुर खीरी।**



क्षेत्र के गांव बेला तुरसिया के मजदूरों से भरी पिकअप मध्य प्रदेश में सड़क हादसे का शिकार हो जाने से एक परिवार के पांच लोग दर्दनाक मौत हो गई थी जबकि हादसे में दूसरे गांव के दो लोगों की जान चली गई थी जिसमें 23 लोग गंभीर रूप से घायल होई गए थे। मृतकों के शव गांव पहुंचते ही चीख पुकार मच गई पूरे गांव में मातम फैल गया प्रशासन की ओर से तहसीलदार ने गांव पहुंचकर अंतिम संस्कार के लिए सहायता उपलब्ध कराई है। वहीं शासन की ओर से मृतकों के परिवार को मिलने वाली सहायता राशि की जानकारी दी है। सभी मृतकों को गांव में एक स्थान पर और दो अन्य मृतकों के शव परिजनों ने अपने गांव में ले जाकर अंतिम संस्कार किया जबकि हादसे में मरने वाला एक व्यक्ति शाहजहांपुर का है। बुधवार को हादसे में मरने वाले एक परिवार के अमर सिंह, भूरेलाल, उपदेश, सुखदेव, और रजनीश के शव एंबुलेंस से गांव पहुंचे तो एक झलक देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी पूरे गांव में मातम फैल गया सभी मृतकों के शवों को गांव में तालाब के पास शमशान की भूमि पर पांचो चिताएं एक साथ सजाई गई दृश्य देखकर लोगों का कलेजा फट रहा था। जबकि हरनारायन पुर के मरने वाले सुभाष का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव में किया गया है।

**प्रशासनिक सहायता लेकर पहुंची तहसीलदार गरिमा वर्माः** अंतिम संस्कार के लिए प्रशासनिक सहायता के साथ तहसीलदार गांव पहुंची और परिजनों को ढांढस बंधाया और अंतिम संस्कार के लिए एक परिवार से पांच अर्थी उठी तो कंधा कम पड़ गए यह दृश्य देखकर किसी के आंसू थम नहीं रहे थे।

**विपक्ष के नेताओं ने मरने वालों को मुआवजा के लिए 10 लाख की देने की मांग रखी :** तहसीलदार के सामने विपक्ष के क्रांति कुमार, अशफाक उल्ला खां, जयकरन बाजपेई, डॉ सुरेंद्र सिंह समेत तमाम नेताओं ने तहसीलदार पर उच्च अधिकारियों को बुलाने की मांग करने लगे और मिलने वाली सहायता को न काफी बताया है।

**पांच मृतकों का एक स्थान पर किया गया अंतिम संस्कारः** दुर्घटना में मृतक अमर सिंह, भूरेलाल, उपदेश, सुखदेव, और रजनीश का गांव के तालाब के पास शमशान भूमि में एक जगह पर पांच चिता सजाकर अंतिम संस्कार किया गया है यह दृश्य देखकर लोगों के आंसू नहीं थम रहे थे। हादसे में घायलों ने गांव पहुंचकर मृतकों का अंतिम दर्शन करते हालत बिगड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों ने ग्वालियर के प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा वहां रहते तो मर जाते अच्छा हुआ यहां आ गए हैं। तहसीलदार गरिमा वर्मा बोली आप लोग आग में घी डालने का काम न करें प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष से 2 लाख रुपया, किसान दुर्घटना बीमा, पात्रता श्रेणी में आने पर आवास, राशन कार्ड, और विधवा पेंशन देने की बात कही है।

**विधायक पुत्र वैभव प्रताप सिंह ने गांव पहुंचकर पीड़ितों का जाना हालः** उन्होंने बीमारी हालत में गांव पहुंचकर पीड़ितों से मुलाकात कर हर संभव सहायता करने का भरोसा दिलाया है।

# नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**लखीमपुर-खीरी।** नगर पालिका परिषद, लखीमपुर-खीरी में बुधवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने नगरवासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर नियमानुसार शीघ्र समाधान कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान जलकल, निर्माण, सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण तथा गृहकर-जलकर से संबंधित कुल 19 प्रकरण सामने आए। नागरिकों ने पेयजल कनेक्शन, नाली एवं सड़क निर्माण/मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई, अवैध कब्जे एवं निर्माण तथा गृहकर-जलकर से जुड़ी विभिन्न



समस्याएं अध्यक्ष के समक्ष रखीं। अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने कहा कि नगरवासियों की समस्याओं का त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यकतानुसार स्थलीय निरीक्षण करते हुए प्रत्येक प्रकरण की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब न हो तथा संबंधित शिकायतकर्ता को कार्रवाई से अवगत कराया जाए।

### संबंध विच्छेद

मैंने व मेरी पत्नी आयशा बानो ने अपने पुत्र मो. फारुक खां को गलत आचरण के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। **मो. हनीफ खां पुत्र अब्दुल मुक्तादिर खां नि.मो. लोधीपुर तह. सदर, शाहजहांपुर**

# भारत विकास परिषद ने शुरू की 'भारत को जानो' परीक्षा की तैयारी

▶ 10 विद्यालयों में पहुंचा निमंत्रण, 31 को होगी लिखित परीक्षा

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**

देश की संस्कृति, इतिहास और गौरवशाली विरासत से नई पीढ़ी को जोड़ने के उद्देश्य से भारत विकास परिषद की बांसुरी शाखा ने 'भारत को जानो' अखिल भारतीय लिखित परीक्षा की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शाखा की टीम ने बुधवार सुबह शहर के 10 विद्यालयों का भ्रमण कर प्रधानाचार्यों से मुलाकात की और परीक्षा में विद्यार्थियों की सहभागिता के लिए निमंत्रण पत्र सौंपे। परीक्षा का आयोजन आगामी 31 अगस्त 2026 को किया जाएगा।



'भारत को जानो' परीक्षा में जूनियर और सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को भारत के इतिहास, संस्कृति, परंपराओं, महापुरुषों और राष्ट्रीय चेतना से परिचित कराने का प्रयास किया जा रहा है। परिषद का मानना है कि किताबों के ज्ञान के साथ बच्चों को अपनी जड़ों और देश की गौरवशाली विरासत की जानकारी होना भी जरूरी है।कार्यक्रम संयोजक संजीव अरोड़ा के नेतृत्व में भारत विकास परिषद बांसुरी शाखा की टीम ने विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर प्रधानाचार्यों से संवाद किया। टीम में शाखा अध्यक्ष जगदीश सक्सेना, सचिव शिरीष सक्सेना और कोषाध्यक्ष राहुल गजवानी भी शामिल रहे। पदाधिकारियों ने विद्यालय प्रबंधन को परीक्षा की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इसमें शामिल कराने का आग्रह किया।परिषद की टीम ने जिन विद्यालयों में पहुंचकर निमंत्रण पत्र वितरित किए, उनमें लिटिल एंजेल, बैनर पब्लिक स्कूल, लॉर्ड कृष्णा, इकरा पब्लिक स्कूल, अंगूरी देवी आदर्श पब्लिक स्कूल, अवध पब्लिक स्कूल, कंपोजिट विद्यालय बारहा, कंपोजिट विद्यालय कैच, राम इंटर कॉलेज और स्प्रिंगडेल स्कूल शामिल रहे।

# उधार से इनकार पड़ा भारी, घर में घुसकर बुजुर्ग दुकानदार की हत्या

▶ बेलचे से हमला कर श्रीपाल को किया मरणासन्न इलाज के दौरान मौत

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**

उधार सामान देने से इनकार करना एक बुजुर्ग किराना दुकानदार को इतना भारी पड़ा कि विवाद उसकी जान पर बन आया। बरखेड़ा थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव में मंगलवार रात उधार सामान को लेकर शुरू हुई कहासुनी कुछ ही देर में खूनी संघर्ष में बदल गई। आरोप है कि तीन लोग घर में घुस आए और बुजुर्ग दुकानदार श्रीपाल गुप्ता पर बेलचे से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल श्रीपाल ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हमले के



दौरान उन्हें बचाने पहुंची पत्नी और पुत्रवधू के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप है। इतना ही नहीं, घर में मौजूद दो मासूम बच्चियों को भी उठाकर फेंकने की बात सामने आई है। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई और परिवार में चीख-पुकार मच गई।परिजनों के अनुसार श्रीपाल गुप्ता गांव में अपने घर से ही किराना की दुकान चलाते थे। मंगलवार रात करीब आठ बजे गांव का सुनील कुमार उर्फ भोला उनकी दुकान पर सामान लेने पहुंचा। उसने सामान उधार मांगा, लेकिन श्रीपाल ने उधार देने से साफ इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ता देख श्रीपाल दुकान से उठकर अपने घर की ओर चले गए।आरोप है कि इसके कुछ देर बाद सुनील कुमार अपने भाई सुशील और पिता महेन्द्रपाल गंगवार के साथ श्रीपाल के घर पहुंच गया। बताया गया है कि आरोपियों में से एक के हाथ में बेलचा था। घर में घुसते ही तीनों ने श्रीपाल के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान बेलचे से किए गए वार में श्रीपाल की जांघ के पास गंभीर चोट लग गई और वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। श्रीपाल की चीख-पुकार सुनकर उनकी पत्नी मुन्नी देवी और पुत्रवधू छाया उन्हें बचाने के लिए दौड़ीं। परिजनों का आरोप है कि हमलावरों ने दोनों महिलाओं के साथ भी मारपीट की। घर में उस समय दो मासूम बच्चियां भी मौजूद थीं। परिवार का आरोप है कि हमलावरों ने दो वर्षीय शिया और आठ माह की ब्रिदा को भी उठाकर फेंक दिया। अचानक हुए हमले से घर में अफरा-तफरी मच गई।चीख-पुकार और शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके की ओर दौड़ पड़े। लोगों को आता देखकर आरोपी वहां से निकल गए। घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल श्रीपाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ा पहुंचाया।

### सूचना

मेरे पिता स्व. सुरेंद्र सिंह ने अपने जीवनकाल में हम तीनों भाई अमरीक सिंह, मलकीत सिंह व कुलवीर सिंह पुत्र स्व. सुरेंद्र सिंह को एक वसीयत की थी। जोकि विवादित नहीं है। जोकि वास्तव में खो गई है, जिसकी थाना बंडा में एफ आई आर की है। **अमरीक सिंह मलकीत सिंह व कुलवीर सिंह पुत्र स्व. सुरेन्द्र सिंह नि. ग्रा. दौलतपुर महोलिया पर. व तह. पुवायां, शाहजहांपुर**

# बंगाल में बदलाव

किसी भी सरकार के सौ दिन उसके पूरे कार्यकाल का मूल्यांकन करने के लिए पर्याप्त नहीं होते, लेकिन इतना जरूर बताते हैं कि सरकार की नीयत, नीति और दिशा क्या है। पश्चिम बंगाल की नई सरकार के शुरुआती सौ दिन इसी दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। इन दिनों में सबसे बड़ा बदलाव शासन के माहौल और प्रशासन की कार्यसंस्कृति में दिखाई देता है। लंबे समय से राजनीतिक हिंसा, टकराव और भय की खबरों से पहचाने जाने वाले बंगाल में अब सरकार व्यवस्था, विकास और जनविश्वास की बात कर रही है।

सत्ता परिवर्तन का अर्थ केवल मुख्यमंत्री और मंत्रियों का बदलना नहीं है। वास्तविक परिवर्तन तब माना जाता है, जब प्रशासन की कार्यशैली बदले और आम नागरिक को यह महसूस हो कि सरकार उसकी समस्याओं को सुन रही है। नई सरकार ने शुरुआती दिनों में प्रशासन को जवाबदेही, समयबद्ध निर्णय और योजनाओं को जमीन तक पहुंचाने का संदेश दिया है। यह बदलाव अभी शुरुआती अवस्था में है, लेकिन दिशा महत्वपूर्ण है। सरकार के महत्वपूर्ण निर्णयों में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को पश्चिम बंगाल में लागू करना उल्लेखनीय है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के साथ समझौते के बाद पात्र नागरिकों को देश के विभिन्न हिस्सों में सूचीबद्ध अस्पतालों में उपचार की सुविधा मिल सकेगी। गरीब परिवारों के लिए गंभीर बीमारी केवल स्वास्थ्य की समस्या नहीं, बल्कि आर्थिक संकट भी होती है। इसलिए स्वास्थ्य सुरक्षा का विस्तार जनकल्याण के साथ-साथ सामाजिक भरोसा मजबूत करने वाला कदम है।

बांग्लादेश से लगी लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा के कारण पश्चिम बंगाल की भूमिका राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण है। घुसपैठ, तस्करी और सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा जैसे विषयों पर राज्य सरकार और केंद्र के बीच सहयोग आवश्यक है। सीमा पर बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने का निर्णय इसी सहयोग की दिशा में महत्वपूर्ण संकेत है। राष्ट्रीय सुरक्षा को राजनीतिक मतभेदों से ऊपर रखना समय की जरूरत है।

बंगाल कभी भारत की औद्योगिक ताकत का प्रमुख केंद्र था। हुगली के किनारे उद्योग, जूट मिलें, इंजीनियरिंग इकाइयां और कोलकाता का व्यापारिक महत्व इसकी पहचान थे। दुर्गापुर, आसनसोल और हल्दिया जैसे औद्योगिक केंद्रों ने भी राज्य को नई पहचान दी। लेकिन समय के साथ उद्योगों के कमजोर होने से रोजगार के अवसर प्रभावित हुए। अब चुनौती पुराने गौरव को केवल याद करने की नहीं, बल्कि उसे आधुनिक औद्योगिक क्षमता में बदलने की है।

निवेशक को स्थिर नीति, बेहतर कानून-व्यवस्था, भूमि, बिजली और सरल प्रशासन चाहिए। सरकार यदि इन क्षेत्रों में भरोसा पैदा कर पाती है तो बंगाल में नए निवेश का रास्ता खुल सकता है। बंगाल की सबसे बड़ी ताकत उसका मानव संसाधन, बाजार, बंदरगाह और परिवहन नेटवर्क है। इन संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल रोजगार सृजन में किया जा सकता है। इसके लिए एमएसएमई, स्टार्टअप, आईटी, मैन्यूफैक्चरिंग, पर्यटन और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देना होगा। प्रत्येक जिले की स्थानीय क्षमता को रोजगार से जोड़ना आने वाले वर्षों में सरकार की बड़ी परीक्षा होगी।

महिला सुरक्षा केवल सरकारी घोषणाओं का विषय नहीं है। यह ऐसा क्षेत्र है, जिसमें लगातार काम और प्रभावी कानून-व्यवस्था की जरूरत होती है। बंगाल में महिलाओं के विरुद्ध अपराध की घटनाओं ने समय-समय पर चिंता पैदा की है। नई सरकार ने महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देने का संकेत दिया है। अब इस प्राथमिकता को धरातल पर परिणामों में बदलना आवश्यक है।

बंगाल केवल उद्योग और राजनीति की भूमि नहीं है। चैतन्य महाप्रभु, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, रवींद्रनाथ टैगोर और बंकिमचंद्र की यह धरती सुभाषचंद्र बोस और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की कर्मभूमि भी रही है। इसलिए आधुनिक बंगाल का निर्माण अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को साथ लेकर ही होना चाहिए।

नई सरकार के सौ दिन किसी अंतिम उपलब्धि का प्रमाण नहीं हैं। वे केवल एक दिशा का संकेत हैं। बंगाल की पूरी तस्वीर बदलने में समय लगेगा, क्योंकि वर्षों की चुनौतियां कुछ महीनों में समाप्त नहीं होतीं। लेकिन यदि शासन में जवाबदेही, सुरक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और उद्योग को प्राथमिकता मिलती है तो बदलाव की मजबूत नींव तैयार हो सकती है। बंगाल को आधुनिक बनना है, लेकिन अपनी जड़ों को छोड़कर नहीं। सौ दिन मंजिल नहीं, शुरुआत हैं। आने वाले पांच वर्षों में सरकार को यह साबित करना होगा कि शुरुआती संकेत वास्तविक परिवर्तन में बदलते हैं। बंगाल के पास क्षमता भी है और विरासत भी। जरूरत केवल उस क्षमता को सही दिशा देने की है। यही दिशा बंगाल को फिर से विकास की पटरी पर ला सकती है।

## दो टूक




# चीनी का पर्याप्त भंडार बनाम बेलगाम बाजार



डॉ. अनिल मिश्र



अर्थशास्त्र का सामान्य सिद्धांत है—आपूर्ति घटे और माँग बढ़े तो कीमत बढ़ती है। लेकिन जब सरकार पर्याप्त राष्ट्रीय भंडार का दावा करे, उत्पादन से लेकर मिल-वार स्टॉक तक का विवरण उसके पास हो, चीनी की मासिक बिक्री नियंत्रित करने का अधिकार भी उसी के हाथ में हो और फिर भी कुछ बाजारों में कीमत कुछ ही दिनों में रु. 54 से बढ़कर रु.64-65 प्रति किलो पहुँच जाए, तब इसे केवल माँग और आपूर्ति का स्वाभाविक परिणाम नहीं कहा जा सकता।

पंजाब के कुछ बाजारों में थोक चीनी लगभग रु.60 और खुदरा मूल्य रु.65 प्रति किलो तक पहुँचने की सूचना है। कोल्हापुर जैसे प्रमुख व्यापारिक केंद्र में थोक भाव करीब रु.5,350 प्रति क्विंटल तक पहुँचकर एक महीने में लगभग 20 प्रतिशत बढ़ गया। विभिन्न राज्यों में खुदरा मूल्य अभी समान नहीं है—कहीं चीनी रु.49-55 के बीच है तो कहीं रु.60-65 तक पहुँच चुकी है। त्योहारी माँग और बाजार की गति को देखते हुए कारोबारी इसके रु.70 तक पहुँचने की आशंका जता रहे हैं। रु.70 अभी तथ्य नहीं, लेकिन निराधार आशंका भी नहीं। प्रश्न है कि सरकार उस आशंका को वास्तविकता बनने से पहले रोकेगी अथवा उपभोक्ता की जेब कट जाने के बाद आयात, छापे और स्टॉक-सीमा की घोषणा करेगी? चीनी की मिठास किसान के श्रम से पैदा होती है; किंतु उसकी महँगाई का कड़वापन प्रायः बाजार की होल्डिंग, नीति की देरी और निगरानी की विफलता से पैदा होता है।

**स्थानीय महँगाई बनाम राष्ट्रीय औसत:-** चीनी की वर्तमान महँगाई पर चर्चा करते हुए दो अतियों से बचना होगा। पहली, कुछ स्थानीय बाजारों के रु.64-65 के भाव को तत्काल अखिल भारतीय औसत मान लेना; दूसरी, राष्ट्रीय औसत अपेक्षाकृत कम बताकर उन क्षेत्रों की वास्तविक महँगाई को अस्वीकार कर देना जहाँ उपभोक्ता अधिक कीमत चुका रहा है।

राष्ट्रीय औसत कई बार क्षेत्रीय असमानता छिपा देता है। किसी आवश्यक वस्तु का औसत मूल्य भले रु.52 हो, लेकिन किसी शहर में वही वस्तु रु.65 में मिल रही हो तो वहाँ के नागरिक के लिए सरकारी औसत सांख्यिकीय सांत्वना मात्र है। सरकार का दायित्व केवल राष्ट्रीय औसत को संतोषजनक बताना नहीं, असामान्य क्षेत्रीय उछाल की जाँच करना भी है। किस राज्य में कितना स्टॉक है, किस मिल ने कितना माल छोड़ा, थोक और खुदरा मूल्य में कितना अंतर है तथा परिवहन लागत के नाम पर कितनी वृद्धि उचित है—यह सूचना सार्वजनिक होनी चाहिए।

**सामान्य मुक्त बाजार नहीं है चीनी उद्योग:-** चीनी भारत के सर्वाधिक नियंत्रित कृषि-औद्योगिक क्षेत्रों में है। केंद्र सरकार गन्ने का उचित एवं लाभकारी मूल्य निर्धारित करती है; कई राज्य अपना परामर्शित मूल्य घोषित करते हैं; मिलों के मासिक बिक्री-कोटे, आयात-निर्यात और एथेनॉल के लिए गन्ने के रस, सिरप तथा शीरे के उपयोग पर सरकारी नीति का प्रभाव रहता है। सरकार उत्पादन का अनुमान लेती है, मिल-वार स्टॉक की जानकारी रखती है और आवश्यकता पड़ने पर भंडारण-सीमा भी लगा सकती है। जब बाजार के लगभग सभी प्रमुख द्वार सरकारी नियंत्रण में हों, तब अचानक बढ़ती कीमत को केवल बाजार की शक्तियों पर डाल देना सुविधाजनक तर्क है, विश्वसनीय स्पष्टीकरण नहीं। वास्तविक प्रश्न है—जब नियंत्रण सरकार के पास है, तब मूल्य-स्थिरता की जवाबदेही किसकी है?

**वास्तविक कमी और भविष्य की आशंका:-** मूल्य-वृद्धि का एक वास्तविक आधार उत्पादन-संबंधी चिंता है। महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्यों में कमजोर वर्षा ने अगली फसल को लेकर आशंका बढ़ाई है। कुछ क्षेत्रों में गन्ने की उपलब्धता, रोग और चीनी रिकवरी प्रभावित होने से उत्पादन पर दबाव पड़ा है। बाजार वर्तमान भंडार के साथ भविष्य की संभावित कमी का मूल्य भी आज की कीमत में जोड़ने लगता है। लेकिन आगामी उत्पादन की आशंका और वर्तमान उपलब्धता दो अलग स्थितियाँ हैं। अगले मौसम में उत्पादन घटने की संभावना हो सकती है, पर यदि आज पर्याप्त स्टॉक मौजूद है तो भविष्य की पूरी आशंका की कीमत वर्तमान उपभोक्ता से तत्काल क्यों वसूली जाए?

वास्तविक कमी एक सीमा तक मूल्य बढ़ाती है; भविष्य की कमी का भय, नियंत्रित रिलीज और जमाखोरी उसे कई गुना बढ़ा सकते हैं। यहीं सामान्य मूल्य-वृद्धि और सट्टात्मक मूल्य-वृद्धि के बीच की रेखा प्रारम्भ होती है।

**त्योहारी माँग : पूर्वानुमेय कारण, आकस्मिक संकट नहीं:-** अगस्त से नवंबर के बीच गणेश चतुर्थी, नवरात्र, दशहरा, दीपावली और विवाह के मौसम के कारण मिठाई, पेय और प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग में चीनी की माँग बढ़ती है। यह अचानक आया संकट नहीं, प्रत्येक वर्ष आने वाला पूर्वानुमेय चक्र है। यदि सरकार और उद्योग को पहले से मालूम है कि इन महीनों में माँग बढ़ेगी, तो अतिरिक्त बाजार-रिलीज की योजना समय रहते क्यों नहीं बनाई गई? हर वर्ष आने वाले त्योहार को महँगाई का कारण बताना वस्तुतः नियोजन की विफलता स्वीकार करना है। त्योहारों से पहले क्षेत्रीय माँग का अनुमान, मिलों के लिए आवश्यक रिलीज और वितरण-श्रृंखला की निगरानी होनी चाहिए। कीमत बढ़ने के बाद की गई कार्रवाई मूल्य-स्थिरता नहीं, क्षति-नियंत्रण है।

**एथेनॉल : ऊर्जा-सुरक्षा की कीमत खाद्य-महँगाई नहीं:-** एथेनॉल मिश्रण भारत की ऊर्जा-सुरक्षा, पेट्रोलियम आयात में कमी, पर्यावरणीय लक्ष्यों और चीनी मिलों की वित्तीय स्थिति के लिए महत्त्वपूर्ण है। अतिरिक्त गन्ने अथवा चीनी को एथेनॉल में बदलने से अधिशेष का प्रबंधन होता है और मिलों को किसानों का भुगतान करने में सहायता मिल सकती है। समस्या एथेनॉल नहीं, उसके लिए खाद्य-सुरक्षा की स्पष्ट और स्वतः सक्रिय सीमा का अभाव है। सरकार ने 2025-26 के लिए गन्ने के रस, सिरप और विभिन्न प्रकार के शीरे से एथेनॉल उत्पादन पर मात्रात्मक प्रतिबंध हटाते हुए कहा था कि घरेलू चीनी की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के लिए डाइवर्जन की निगरानी की जाएगी। बढ़ती कीमतों के बीच यदि सरकार को अगले मौसम में डाइवर्जन सीमित करने पर विचार करना पड़ रहा है, तो प्रश्न उठता है कि निगरानी ने समय रहते चेतावनी क्यों नहीं दी। विश्व बैंक ने भी इंगित किया है कि मक्का, तिलहन और चीनी जैसी खाद्य फसलों को जैव-ईंधन की ओर मोड़ने से दीर्घकाल में खाद्य कीमतें बढ़ सकती हैं। OECD-FAO का विश्लेषण चीनी और एथेनॉल की सापेक्ष लाभप्रदता को वैश्विक चीनी बाजार की प्रमुख अनिश्चितताओं में गिनता है। भारत को स्पष्ट प्राथमिकता निर्धारित करनी होगी—पहले घरेलू उपभोग और रणनीतिक बफर, उसके बाद एथेनॉल और अंत में निर्यात। ऊर्जा-सुरक्षा आवश्यक है, पर उसे खाद्य-मूल्य असुरक्षा की कीमत पर प्राप्त नहीं किया जा सकता।

**सट्टेबाजी का अदृश्य तंत्र:-** चीनी की सट्टेबाजी को केवल औपचारिक वायदा कारोबार तक सीमित समझना भूल होगी। भविष्य की कमी के अनुमान पर वर्तमान स्टॉक रोकना, मिलों द्वारा बिक्री धीमी करना, थोक व्यापारियों द्वारा सीमित माल छोड़ना, कुछ मंडियों में ऊँचे भाव का संकेत बनाना, अगले दिन महँगा माल मिलने का भय दिखाना और छोटे कारोबारियों को अग्रिम खरीद के लिए विवश करना भी सट्टात्मक व्यवहार है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# माता-पिता की छत पर अब बच्चों का हक नहीं

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**माता-पिता ने बच्चों को पालने में अपनी जिंदगी लगा दी, इसका अर्थ यह नहीं कि बुढ़ापे में उन्हें उसी घर में अपमान सहने के लिए मजबूर किया जाए। कानून यहां परिवार को बुजुर्ग को संरक्षण देने के लिए कह रहा है। यहां समझ लें कि अदालत का हस्तक्षेप उस अंतिम दीवार की तरह है, जिसके पीछे एक बुजुर्ग अपने सम्मान के साथ खड़ा हो सकता है और यही इस फैसले का व्यापक अर्थ है। जिस व्यक्ति ने जीवनभर परिवार को घर दिया, उसे जीवन के अंतिम पड़ाव में अपने ही घर में गरिमा से रहने का अधिकार भी कानून सुनिश्चित करता है।**

कभी जिस घर की नींव माता-पिता ने अपनी पूरी जिंदगी की कमाई, त्याग और सपनों से रखी थी, उसी घर में यदि बुढ़ापे में उन्हें अपमान, भय और असुरक्षा का सामना करना पड़े, तो सवाल फिर स्वभाविक तौर पर संपत्ति से आगे यह मनुष्य की गरिमा का बन जाता है। वस्तुतः सुप्रीम कोर्ट का बुधवार को सामने आया निर्णय इसी बुनियादी प्रश्न को केंद्र में लाता है।

न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि बढ़ती उम्र किसी व्यक्ति को असुरक्षित, अपमानित या अपने ही घर में बेबस होकर जीने के लिए मजबूर नहीं कर सकती। यदि बच्चे या रिश्तेदार बुजुर्ग माता-पिता के जीवन और सुरक्षा के लिए खतरा बनते हैं या उनके भरण-पोषण और गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार को बाधित करते हैं, तो माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत गठित ट्रिब्यूनल परिस्थितियों के अनुसार उन्हें संपत्ति से बाहर करने का आदेश दे सकता है। अब एक तरह से देखा जाए तो यह फैसला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कोर्ट ने संपत्ति के मालिकाना हक से आगे बढ़कर उस सामाजिक उद्देश्य को देखा है, जिसके लिए वरिष्ठ नागरिक कानून बनाया गया था।

बुजुर्गों को सिर्फ भोजन और आर्थिक सहायता के साथ ही सम्मान, सुरक्षा और रहने की सुरक्षित जगह उपलब्ध कराना इसका उद्देश्य है। उक्त मामला लखनऊ के विकास नगर निवासी रवि कांत गुप्ता से जुड़ा है। गुप्ता ने 5 जून 2022 को अपने बेटे को अपनी संपत्ति से हटाने के लिए जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन किया था। यह संपत्ति उन्होंने स्वयं खरीदी थी। विवाद की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनकी 81 वर्षीय मां को घर छोड़कर वृद्धाश्रम में रहने के लिए मजबूर होना पड़ा। एसडीएम ने 15 नवंबर 2022 को बेटे की बेदखली का आदेश दिया। इसके बाद जिला मजिस्ट्रेट ने 9 अगस्त 2023 को उस आदेश को बरकरार रखते हुए बेटे और बहू को मकान खाली करने का निर्देश दिया, किंतु इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इन आदेशों को रद्द कर दिया।

हाईकोर्ट की व्याख्या यह थी कि 2007 का कानून वरिष्ठ नागरिक को अपनी संपत्ति से बच्चों को बेदखल करने का स्पष्ट अधिकार नहीं देता। यहीं से मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और अदालत के सामने मूल प्रश्न यह बना कि क्या बुजुर्गों की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए ट्रिब्यूनल के पास बेदखली का आदेश देने की शक्ति है? सुप्रीम कोर्ट ने ने कहा कि 2007 का कानून कल्याणकारी कानून है और उसकी व्याख्या ऐसी होनी चाहिए जो उसके उद्देश्य को आगे बढ़ाए। धारा 7 के तहत गठित ट्रिब्यूनल और धारा 8 के तहत उसे प्राप्त शक्तियों को सिर्फ कागजी औपचारिकता मानकर नहीं देखा जा सकता। यदि बुजुर्ग की देखभाल, सुरक्षा और गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करने के लिए किसी बच्चे या रिश्तेदार को संपत्ति से हटाना आवश्यक हो, तो ऐसी राहत दी जा सकती है।

यानी अदालत का संदेश साफ है कि संपत्ति पर अधिकार मालिकाना दस्तावेज का विषय नहीं है; जब उस संपत्ति में रहने वाला वरिष्ठ नागरिक अपने ही बच्चों से असुरक्षित हो जाए, तब कानून का पहला उद्देश्य उसकी सुरक्षा और गरिमा बन जाता है। इसलिए न्यायालय द्वारा समय-समय पर दिए गए इस दिशा में निर्णय बताते हैं कि बुजुर्गों का हक उनकी अर्जित संपत्ति पर उनके जीवित रहते हुए सदैव ही बना रह सकता है। इस संबंध में सितंबर 2025 में कमलाकांत मिश्रा बनाम अतिरिक्त कलेक्टर मामले को भी देखा जा सकता है। जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ नागरिक ट्रिब्यूनल की बेदखली संबंधी शक्ति को और स्पष्ट किया। लगभग 80 वर्षीय कमलकांत मिश्रा और उनकी 78 वर्षीय पत्नी की संपत्तियों पर उनके बेटे ने कब्जा कर लिया था और उन्हें अपनी ही संपत्तियों में रहने नहीं दिया जा रहा था। ट्रिब्यूनल ने संपत्ति खाली कराने और माता-पिता को मासिक भरण-पोषण देने का आदेश दिया था, लेकिन बॉम्बे हाईकोर्ट ने उसे रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के दृष्टिकोण को गलत माना और कहा कि कल्याणकारी कानून के तहत ट्रिब्यूनल को ऐसी स्थिति में बच्चे या रिश्तेदार को हटाने की शक्ति हो सकती है। इसी तरह से यह फैसला मौजूदा निर्णय के कानूनी आधार को समझने में खासा महत्वपूर्ण है। जिसमें कि उर्मीला दीक्षित बनाम सुनील शरण दीक्षित जनवरी 2025 केस में भी सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और भरण-पोषण से जुड़े कानून की कल्याणकारी प्रकृति को रेखांकित किया। यदि इन फैसलों को साथ रखकर देखें तो तस्वीर ओर साफ होती है।

न्यायालय अब वरिष्ठ नागरिक कानून को आज सिर्फ आर्थिक भरण-पोषण का कानून नहीं मान रही हैं। इसके केंद्र में बुजुर्ग का सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन है। भारतीय परिवारों में अक्सर माता-पिता जीवनभर की कमाई से घर बनाते हैं और बाद में बच्चों के नाम संपत्ति कर देते हैं।

समस्या तब पैदा होती है जब संपत्ति हस्तांतरण के बाद वही बच्चे माता-पिता की उपेक्षा करने लगते हैं, इसलिए आज सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का सबसे बड़ा सामाजिक संदेश शायद यही है कि बुजुर्गों की सुरक्षा को पारिवारिक दया पर नहीं छोड़ा जा सकता। माता-पिता ने बच्चों को पालने में अपनी जिंदगी लगा दी, इसका अर्थ यह नहीं कि बुढ़ापे में उन्हें उसी घर में अपमान सहने के लिए मजबूर किया जाए। कानून यहां परिवार को बुजुर्ग को संरक्षण देने के लिए कह रहा है। यहां समझ लें कि अदालत का हस्तक्षेप उस अंतिम दीवार की तरह है, जिसके पीछे एक बुजुर्ग अपने सम्मान के साथ खड़ा हो सकता है और यही इस फैसले का व्यापक अर्थ है। जिस व्यक्ति ने जीवनभर परिवार को घर दिया, उसे जीवन के अंतिम पड़ाव में अपने ही घर में गरिमा से रहने का अधिकार भी कानून सुनिश्चित करता है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोरस



संजय एम तराणेकर

### आधुनिक युग का अन्नदाता...!

वो दरवाज़े पर जब घंटी बजती,
चेहरे पर मुस्कान लिए आता है।
मौसम धूप हो चाहे तेज़ बारिश,
वह अपना फर्ज़ खूब निभाता है।

उसके कभी हाथ में खाना होता,
तो कभी दवा हैं या कभी सामान।
हमारी छोटी-छोटी सी जरूरत को,
देता है वह सभी को अपना मान।

उसके मोबाइल की घंटी बजते ही,
रास्ते पर फटाफट निकल पड़ता है।
शहर की हर गली से परिचित होता,
जैसे सबकी उम्मीद बनके चलता है।



# भारत के ऊर्जा भविष्य की नई तस्वीर

योगेश कुमार गोयल



**अक्षय ऊर्जा दिवस पर विशेष**

पृथ्वी पर ऊर्जा के परम्परागत साधन बहुत सीमित मात्रा में उपलब्ध हैं, ऐसे में खतरा मंडरा रहा है कि यदि ऊर्जा के इन पारम्परिक स्रोतों का इसी प्रकार दोहन किया जाता रहा तो इन परम्परागत स्रोतों के समाप्त होने पर गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाएगी। यही कारण है कि पूरी दुनिया में गैर परम्परागत ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने की जरूरत महसूस की जाने लगी और इसी कारण अक्षय ऊर्जा स्रोतों से ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति करने के प्रयास शुरू हुए। अक्षय का अर्थ है, जिसका कभी क्षय न हो अर्थात् अक्षय ऊर्जा वास्तव में ऊर्जा का असीम और अनंत विकल्प है और आज के समय में यह किसी भी राष्ट्र के अक्षय विकास का प्रमुख स्तंभ भी है।

पिछले कुछ वर्षों से पर्यावरणीय चिंताओं को देखते हुए ऐसी ऊर्जा तथा तकनीकें विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिनसे ग्लोबल वार्मिंग की विकराल होती समस्या से दुनिया को कुछ राहत मिल सके। किसी भी राष्ट्र को विकसित बनाने के लिए आज प्रदूषणरहित अक्षय ऊर्जा स्रोतों का समुचित उपयोग किए जाने की आवश्यकता भी है। देश में अक्षय ऊर्जा के विकास और उपयोग को लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए ही वर्ष 2004 से हर साल 20 अगस्त को 'अक्षय ऊर्जा दिवस' भी मनाया जाता है।

आज न केवल भारत में बल्कि समूची दुनिया के समक्ष बिजली जैसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरूरतों को पूरा करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं। चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के अनुसार इन गंभीर समस्याओं और चुनौतियों से निपटने के लिए अक्षय ऊर्जा ही एक ऐसा बेहतरीन विकल्प है, जो पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में भी कारगर साबित होगी लेकिन अक्षय ऊर्जा की राह में भी कई चुनौतियां मुंह बाये सामने खड़ी हैं। अक्षय ऊर्जा उत्पादन की देशभर में कई छोटी-छोटी इकाईयां हैं, जिन्हें एक ग्रिड में लाना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य है। इससे बिजली की गुणवत्ता प्रभावित होती है। भारत में अक्षय ऊर्जा के विविध स्रोतों का अपार भंडार मौजूद है लेकिन इनसे ऊर्जा उत्पादन करने वाले अधिकांश उपकरण विदेशों से आयात किए जाते हैं। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के अनुसार, कुछ साल पहले सौर ऊर्जा के लिए करीब 90 प्रतिशत उपकरण विदेशों से आयात किए गए थे, जिससे बिजली उत्पादन की लागत काफी बढ़ गई। अब भी भारत की सौर सेल और मॉड्यूल की जरूरत का अधिकांश हिस्सा आयात से ही पूरा हो रहा है। हालांकि हाल के वर्षों में एएलएमएम नियम और पीएलआई स्कीम के कारण यह निर्भरता घट रही है। 2023-24 में चीन से सौर सेल्स का 53 प्रतिशत और मॉड्यूल्स का 63 प्रतिशत भारत में आया।

देश में ऊर्जा की मांग और आपूर्ति के बीच अंतर भी तेजी से बढ़ रहा है। देश में कुल स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता में अब बड़ा हिस्सा अक्षय ऊर्जा से प्राप्त हो रहा है, जिसमें सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, बायो-पावर और छोटे हाइड्रो प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अधिक बड़ी जल विद्युत परियोजनाओं से तथा परमाणु ऊर्जा से भी अक्षय ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है। कुल बिजली उत्पादन में अब अक्षय ऊर्जा का हिस्सा अब लगातार बढ़ रहा है, जो भारत को दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल करता है। भारत में ऊर्जा खपत भी तेजी से बढ़ रही है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) का अनुमान है कि वर्ष 2040 तक भारत में ऊर्जा की कुल मांग वर्तमान की तुलना में लगभग दोगुनी हो जाएगी। विशेषकर बिजली तथा ईंधन के रूप में उपभोग की जा रही ऊर्जा की मांग घरेलू एवं कृषि क्षेत्र के अलावा औद्योगिक क्षेत्रों में भी लगातार बढ़ रही है। औद्योगिक क्षेत्रों में ही बिजली तथा पैट्रोलियम जैसे ऊर्जा के महत्वपूर्ण स्रोतों का लगभग 55 प्रतिशत उपभोग किया जाता है।

हम जिस बिजली से अपने घरों, दुकानों या दफ्तरों को रोशन करते हैं, जिस बिजली या पैट्रोलियम इत्यादि ऊर्जा के अन्य स्रोतों का इस्तेमाल कर खेती-बाड़ी या उद्योग-धंधों के जरिये देश को विकास के पथ पर अग्रसर किया जाता है, क्या हमने कभी सोचा है कि वह बिजली या ऊर्जा के अन्य स्रोत हमें कितनी बड़ी कीमत पर हासिल होते हैं? यह कीमत न केवल आर्थिक रूप से बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी धरती पर विद्यमान हर प्राणी पर बहुत भारी पड़ती है। भारत में थर्मल पावर स्टेशनों में बिजली पैदा करने के लिए प्रतिदिन लगभग 18 लाख टन कोयले की खपत होती है। आज भी देश की लगभग 70 प्रतिशत से अधिक बिजली कोयले से ही पैदा होती है, शेष बिजली अक्षय ऊर्जा स्रोतों, जल, गैस व परमाणु ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त होती है। दुनियाभर में ऊर्जा क्षेत्र में लगभग 75 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन बिजली उत्पादन से ही होता है। यही कारण है कि अब सौर ऊर्जा तथा पवन ऊर्जा जैसे अक्षय ऊर्जा स्रोतों को विशेष महत्व दिया जाने लगा है। अंतर्राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, यदि अक्षय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता पर विशेष ध्यान दिया जाए तो वर्ष 2050 तक वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 70 प्रतिशत तक घटाया जा सकता है। भारत ने भी 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता हासिल करने और नेट जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य वर्ष 2070 तक प्राप्त करने का संकल्प लिया है। अक्षय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देने से हमारी ऊर्जा की मांग और आपूर्ति के बीच का अंतर कम होता जाएगा और इससे प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सामाजिक जीवन स्तर में भी सुधार होगा।

भारत में अब ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, स्मार्ट ग्रिड, बैटरी स्टोरेज और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे कदम भी तेजी से आगे बढ़ाए जा रहे हैं, जो अक्षय ऊर्जा को व्यावहारिक और टिकाऊ बनाएंगे। ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत वर्ष 2030 तक 5 मिलियन मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है, जिससे भारत न केवल अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करेगा बल्कि निर्यातक देश भी बन सकेगा। सही मायने में अक्षय ऊर्जा ही आज भारत में विभिन्न रूपों में ऊर्जा की जरूरतों का प्रमुख विकल्प है, जो पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ टिकाऊ भी है। भारत धीरे-धीरे ही सही, अब इस दिशा में आगे बढ़ रहा है और आज समय है कि हम आर्थिक बदहाली और भारी पर्यावरणीय विनाश की कीमत पर ताप, जल एवं परमाणु ऊर्जा जैसे पारम्परिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भर रहने के बजाय अपेक्षाकृत बेहद सस्ते और कार्बन रहित पर्यावरण हितैषी ऊर्जा स्रोतों के व्यापक स्तर पर विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ें। साथ ही हमें ऊर्जा की बचत की आदतें भी अपनानी होंगी क्योंकि ऊर्जा का विवेकपूर्ण उपयोग ही हमें सुरक्षित, समृद्ध और स्वच्छ भविष्य की ओर ले जाएगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### किसान दिवस में समस्याओं के समाधान और रबी तैयारियों पर जोर



**हमीरपुर।** कृषि उत्पादन मंडी समिति भरुआ सुमेरपुर में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक डॉ. प्रशांत, कृषि विज्ञान केंद्र कुरारा के वैज्ञानिक, जिला कृषि अधिकारी सहित सिंचाई, विद्युत, लघु सिंचाई, कृषि विपणन और अन्य विभागों के अधिकारी तथा किसान मौजूद रहे। किसानों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं और सुझाव अधिकारियों के सामने रखे। संबंधित अधिकारियों ने समस्याओं के निस्तारण की कार्रवाई शुरू करने का आश्वासन दिया। उप कृषि निदेशक ने बताया कि किसान कृषि विभाग के पोर्टल से रबी सीजन के लिए बीज की ऑनलाइन बुकिंग कर अनुदान पर बीज प्राप्त कर सकते हैं। कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए ई-लॉटरी की जानकारी भी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने उन्नत खेती, प्रमाणित बीज और वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी दी। पशुपालन, उद्यान और खाद्य विपणन विभाग की योजनाओं से भी किसानों को अवगत कराया गया।

### शव की शिनाख्त नहीं, पुलिस ने कराया अंतिम संस्कार

**राठ (हमीरपुर)।** राठ कोतवाली क्षेत्र के अकौना मोड़ के पास 15 अगस्त की रात मिले अज्ञात युवक के शव की 72 घंटे बाद भी शिनाख्त नहीं हो सकी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस युवक को सीएचसी राठ लाई थी, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए शवगृह में रखवाया था। मृतक की उम्र करीब 35 से 40 वर्ष बताई गई है। वह हाफ टी-शर्ट और हाफ पैंट पहने था। आसपास के लोगों ने सड़क दुर्घटना में मौत की आशंका जताई। बुधवार को पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया और शव का अंतिम संस्कार कर दिया। कोतवाली प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि 72 घंटे बाद भी शिनाख्त नहीं होने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

### कक्षा में अचानक गिरा छत का पंखा, तीन छात्र घायल

**सरीला (हमीरपुर)।** राजकीय इंटर कॉलेज सरीला में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कक्षा 12 (ए) में हिंदी की पढ़ाई के दौरान छत का पंखा अचानक टूटकर नीचे गिर गया। पंखे की चपेट में आने से तीन छात्र घायल हो गए। विद्यालय स्टाफ ने आनन-फानन में तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, हिंदी की कक्षा चल रही थी। इसी दौरान अचानक छत का पंखा टूटकर नीचे आ गिरा। पंखे के नीचे बैठे छात्र नागेंद्र (17), अंश तिवारी (19) निवासी ममना और अनमोल (18) निवासी मनकहरी उसकी चपेट में आ गए। घटना से कक्षा में हड़कंप मच गया। विद्यालय प्रशासन ने तत्काल घायलों को सीएचसी पहुंचाया और उनके अभिभावकों को सूचना दी। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों छात्रों की चोटों को मामूली बताया। प्रधानाचार्य अभय कुमार गुप्ता ने बताया कि पंखा अचानक गिरने से तीन छात्रों को मामूली चोटें आई हैं।

### डिजिटल लेबर चौक ऐप से श्रमिकों को मिलेगा रोजगार

**झांसी।** उप श्रमायुक्त किरन मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड ने निर्माण श्रमिकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और उन्हें शासन की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए 'UP Digital Labour Chowk' मोबाइल ऐप विकसित किया है। यह ऐप श्रमिकों और सेवायोजकों के बीच डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में काम करेगा।उन्होंने बताया कि श्रमिक, सेवायोजक, बिल्डर, ठेकेदार, निर्माण एजेंसियां एवं अन्य प्रतिष्ठान प्ले स्टोर से ऐप डाउनलोड कर पंजीकरण करा सकते हैं। सेवायोजक अपनी आवश्यकता के अनुसार पंजीकृत श्रमिकों की जानकारी प्राप्त कर उनसे सीधे संपर्क कर सकेंगे, जबकि श्रमिक अपनी उपलब्धता एवं कार्य संबंधी जानकारी ऐप पर दर्ज कर सकेंगे।उप श्रमायुक्त ने बताया कि ऐप के माध्यम से निर्माण श्रमिकों को रोजगार मिलने में सुविधा होगी और सेवायोजकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार कुशल एवं उपलब्ध श्रमिक आसानी से मिल सकेंगे। साथ ही बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ऐप पर उपलब्ध रहेगी।उन्होंने निर्माण श्रमिकों, बिल्डरों, ठेकेदारों, निर्माण एजेंसियों एवं कार्यदायी संस्थाओं से अपील की कि अधिक से अधिक श्रमिकों का ऐप पर पंजीकरण कराएं और डिजिटल लेबर चौक का उपयोग कर रोजगार के अवसरों का लाभ उठाएं।

### दिव्यांग छात्राओं को निःशुल्क ई-ट्राईसाइकिल पाने का मौका

**झांसी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांग छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और विद्यालय एवं महाविद्यालय तक आवागमन सुगम करने के उद्देश्य से ई-ट्राईसाइकिल योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत पात्र दिव्यांग छात्राओं को नि:शुल्क ई-ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई जाएगी।जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि योजना का लाभ मान्यता प्राप्त शासकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों-महाविद्यालयों में अध्ययनरत पात्र दिव्यांग छात्राओं को मिलेगा। पात्र छात्रा की आयु 16 वर्ष या उससे अधिक तथा दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होना आवश्यक है। दोनों हाथ क्रियाशील होने, दृष्टि एवं मानसिक स्थिति सामान्य होने तथा कमर के ऊपर का हिस्सा पूर्णत: सक्रिय होना भी पात्रता में शामिल है।उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों में किसी सरकारी योजना, सांसद निधि, विधायक निधि अथवा अन्य सरकारी अनुदान से मोटराइज्ड या ई-ट्राईसाइकिल प्राप्त कर चुकी छात्राएं पात्र नहीं होंगी।
पात्र छात्राएं द्व2स्र.ह्वश्वद्ब.द्बठ्ठ पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय, भूतल विकास भवन, झांसी अथवा दूरभाष 0510-3551633 पर संपर्क किया जा सकता है।

### सीडीओ ने पीएम श्री विद्यालय का किया निरीक्षण



**झांसी।** मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड ने जनपद में संचालित पीएम श्री विद्यालय का निरीक्षण कर शैक्षिक एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी पढ़ाई, रुचियों और विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।सीडीओ ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपनी प्रतिभा को निरंतर निखारने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नियमित अध्ययन, अनुशासन और रुचि के क्षेत्र में निरंतर प्रयास से विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।निरीक्षण के दौरान सीडीओ एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र सिंह गौड़ ने छात्र-छात्राओं के साथ मध्याह्न भोजन किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, स्वाद एवं स्वच्छता का जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।सीडीओ ने विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर शैक्षिक वातावरण तथा बच्चों के लिए सुरक्षित एवं पौष्टिक भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र झांसी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नशेड़ी युवक ने गटका जहरीला पदार्थ, मौत

**नरैनी, बांदा।** कोतवाली क्षेत्र के कृष्णा नगर शुक्लन टोला निवासी राजेश वर्मा (24) पुत्र नत्थू वर्मा ने मंगलवार की रात नशे की हालत में जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों को जानकारी हुई तो उसे गंभीर हालत में स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। लेकिन उपचार के दौरान राजेश ने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार राजेश नशे का आदी था। नशे की हालत में गुस्सा होकर उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया।

# जलभराव के स्थायी समाधान की बने कार्ययोजना: डीएम

▸ 'सफाई में आधुनिक तकनीक अपनाएं'

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**



जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने कलेक्ट्रेट सभागार में नगर निकायों एवं डूडा की योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मानसून से पहले जलभराव वाले स्थानों का चिन्हांकन कर तकनीकी परीक्षण और स्थायी जलनिकासी की कार्ययोजना तैयार करने को कहा। सड़कों व निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण और वीडियोग्राफी कर गुणवत्ता की जांच के निर्देश दिए। डीएम ने सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक मशीनों का प्रयोग सुनिश्चित करने तथा मैनुअल स्कैवेंजिंग पर पूर्ण रोक लगाने को कहा। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत एमआरएफ सेंटर नियमित संचालित करने और कचरे के पृथक्करण व वैज्ञानिक निस्तारण पर जोर दिया। नगरों के ओपन जिम की व्यवस्थाएं सुधारने तथा जरूरत के अनुसार शेड लगाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना में भूमि स्वामित्व एवं पात्रता का सत्यापन कराने को कहा। कांशीराम आवासों में अनधिकृत कब्जों का सत्यापन कर पात्र जरूरतमंदों को आवास दिलाने के निर्देश दिए। सीएचसी-पीएचसी में सफाई, कूड़ा निस्तारण और शौचालयों की स्वच्छता दुरुस्त रखने को भी कहा।

## जिलाधिकारी ने भेजी जर्जर सड़क निरीक्षण के लिए प्रशासन की टीम



**हमीरपुर।** सड़क निर्माण की मांग को लेकर स्कूली बच्चे गांव से पहुंचे कलेक्ट्रेट पुलिस अधिकारियों द्वारा बच्चों को समझाने का प्रयास किया गया। बच्चों ने जिलाधिकारी से मिलने कर अपने क्षेत्र की जर्जर सड़क की समस्याओं को लेकर बच्चों ने कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरना प्रदर्शन शुरू होते ही जिला अधिकारी अभिषेक गोयल ने प्रशासनिक टीम को ग्राम जमरेही तीर ग्राम भौली तक रिंग रोड सड़क बनाने की मांग को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों की टीम तत्काल भेज दी और बच्चों को सुरक्षित प्रशासन द्वारा अपने वाहनों से ग्रामीण आंचल के लिए सकुशल वाहन से भिजवा दिया गया।

## जनता दर्शन में डीएम ने सुनीं फरियादें

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में जनता दर्शन के दौरान आमजन की समस्याएं सुनीं। सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक हुई जनसुनवाई में राजस्व, विकास, विद्युत, सड़क, पेयजल, भूमि विवाद, राशन और पेंशन से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रार्थना-पत्र को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। आवश्यकता के अनुसार तहसील और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को गूगल मीट से जोड़कर मौके पर ही समस्याओं की जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि शिकायतों का केवल औपचारिक निस्तारण न हो, बल्कि समस्या के मूल कारण का परीक्षण कर स्थायी समाधान कराया जाए। दूरदराज से आने वाले फरियादियों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए स्थानीय स्तर पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

## एआरटीओ ने तीन स्कूली वाहन सीज कर तेरह का किया चालान

**सुमेरपुर।** बुधवार को सुबह एआरटीओ ने कस्बे में स्कूली वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया। इससे स्कूल वाहन चालकों में हड़कंप मच गया सर्वाधिक परेशानी केंद्रीय विद्यालय के वाहनों के चालकों को हुई चेकिंग के कारण उन्हें बच्चों को बीच रास्ते में उतरना पड़ा इससे बच्चों को करीब एक किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल पहुंचना पड़ा। सुबह करीब 7:00 बजे एआरटीओ प्रवीण कुमार सिंह ने स्कूली वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया इससे स्कूली वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। कई चालक वाहनों को सड़क पर ही छोड़कर फरार हो गए। इस दौरान एआरटीओ में तीन वाहनों को सीज कर दिया और 13 वाहनों के चालान किए हैं। एआरटीओ के इस अभियान से



सर्वाधिक परेशानी केंद्रीय विद्यालय के छात्र छात्राओं को उठानी पड़ी। कार्यवाही से बचने के लिए वाहन चालक बच्चों को बीच में ही छोड़कर भाग निकले। इससे बच्चों को एक किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ा।

## वरिष्ठ पत्रकार की पत्नी का निधन, शोक संवेदना जताने पहुंचे लोग

**राठ (हमीरपुर)।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार माधव द्विवेदी की पत्नी यामिनी द्विवेदी का लंबी बीमारी के बाद बुधवार रात निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही घर पर शोक संवेदना जताने वालों का तांता लग गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि दी। क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, पूर्व विधायक डॉ. अंबेश कुमारी, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. आराधना राजपूत, जिला पंचायत सदस्य मृत्युंजय प्रताप सिंह सहित कई लोगों ने घर पहुंचकर माधव द्विवेदी और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी।

## संत रविदास की कलश वंदन यात्रा का राठ में स्वागत



**राठ (हमीरपुर)।** संत शिरोमणि गुरु रविदास के 650वें जयंती वर्ष के अवसर पर बुधवार को समरसता संकल्प अभियान के तहत कलश वंदन यात्रा राठ पहुंची। शारदा पैलेस से शुरू हुई यात्रा अंबेडकर चौराहा होते हुए कांशीराम कालोनी पहुंची। विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरती उतारकर पुष्पवर्षा के साथ यात्रा का स्वागत किया। क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, पूर्व विधायक डॉ. अंबेश कुमारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे। भाजपा नेताओं ने कहा कि संत रविदास ने समानता, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। बताया गया कि यात्रा 26 जुलाई को वाराणसी के गोवर्धनपुर से शुरू हुई थी। यात्रा के दौरान संत रविदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

## गैंगस्टर एक्ट में अभियुक्त को 6 वर्ष 5 माह का कठोर कारावास

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**

ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी के चलते गैंगस्टर एक्ट के मामले में अभियुक्त चरन सिंह को न्यायालय ने 6 वर्ष 5 माह के कठोर कारावास और 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।मझगवां थाने में वर्ष 2017 में संतराम पुत्र गजाईया उर्फ गजाधर तथा उसके पुत्र चरन सिंह निवासी जराखर के विरुद्ध मु0अ0सं0 84/2017 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियुक्तों पर गिरोह बनाकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए जनता में भय व आतंक उत्पन्न करने का आरोप था।ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अभियोजन विभाग से समन्वय कर समयबद्ध रूप से साक्षियों की गवाही कराते हुए प्रभावी पैरवी की गई। इसके फलस्वरूप 18 अगस्त 2026 को गैंगस्टर कोर्ट हमीरपुर ने अभियुक्त चरन सिंह को दोषी करार देते हुए उक्त सजा सुनाई। मामले के विवेचक निरीक्षक शैल कुमार सिंह, अभियोजक एडीजीसी सुशील कुमार त्रिपाठी तथा पैरोकार कांस्टेबल अनिल कुमार रहे।

## कृषकों को प्राकृतिक व वैज्ञानिक तरीके से जैविक खेती करने के बताए गए उपाय

▸ कृषि विज्ञान केन्द्र में हुई प्राकृतिक खेती की कार्यशाला

**उरई।** जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला गंगा समिति के आदेशानुसार व प्रभागीय वनाधिकारी के दिशा निर्देश के क्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र रुरा मल्लू में बुधवार को जिला गंगा समिति के तत्वाधान में प्राकृतिक खेती की कार्यशाला आयोजित की गयी। इस कार्यशाला में कृषि विज्ञान केन्द्र के अध्यक्ष डा. मुहम्मद मुस्तफा द्वारा कार्यशाला में उपस्थित कृषकों को प्राकृतिक खेती को बढावा देने व वैज्ञानिक तरीके से जैविक खेती व प्राकृतिक खेती करने के उपायों को साझा किया गया। इसी क्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के डॉ. विस्तर जोशी द्वारा भी प्राकृतिक खेती को अपनाने हेतु सुझाव वताये गये। जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे) मोहित दौदेरिया द्वारा कृषकों को प्राकृतिक खेती में जीवामृत, बीजामृत, नीम पानी का छिड़काव, गोवर खाद का उपयोग खेतों में छिडकाव करने की विधि से अवगत कराया गया। वन रक्षक पुनीत कुमार द्वारा कृषकों को कार्वन क्रेडिट योजना से होने वाली आय व हर मेड पर पेड़ आदि योजनाओं से अवगत कराया गया। इस कार्यशाला में क्षेत्रीय वन अधिकारी कोमल सिंह, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ. विस्तर सिंह, उपराजिक मुवारक अली व रानी लक्ष्मीवाई केन्द्रीय कृषि विद्यालय के अध्यनरत विद्यार्थी हर्ष मनी, मनीष चैहान, अनुज कुमार, प्रवीण तिवारी व 70 कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर योजनाओं की प्रगति में तेजी लाएं: जिलाधिकारी

▸ पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध लाभ पहुंचाने के दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, उरई।**



डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में बुधवार को मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के साथ विकास योजनाओं व जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप प्रभावी ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं में प्राप्त अंकों, ग्रेडिंग के साथ प्रदेश स्तर पर जिले की रैंकिंग का विभागवार अवलोकन किया गया। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जिले की रैंकिंग व ग्रेडिंग योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और विभागीय कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण संकेतक है। जिन योजनाओं में प्रगति धीमी पाई गई है अथवा अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं, उनके अधिकारी विशेष ध्यान देते हुए तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई कर प्रगति में तेजी लाया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में जननी सुरक्षा योजना, फैमिली आईडी, 15वां वित्त आयोग, 5 वां राज्य वित्त आयोग, डे-एनआरएलएम, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना व राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना की प्रगति की विशेष रूप से समीक्षा की गई। डीएम ने निर्देशित किया कि अगली समीक्षा में धीमी प्रगति वाली योजनाओं में स्पष्ट सुधार दिखाई देना चाहिए। शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में लापरवाही अथवा अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जिले की रैंकिंग को और बेहतर बनाने के साथ अधिक से अधिक योजनाओं में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी व परिणामपरक कार्ययोजना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

## शौचालय निर्माण व पीएम आवास की सुस्त रफ्तार पर जिलाधिकारी खफा

▸ ब्लाक स्तर पर विकास कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**



जिलाधिकारी ने ब्लाक स्तर पर संचालित विभिन्न विकास कार्यों और योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रगति जानीं। बड़ोखर खुर्द और कमासिन सहित अन्य विकास खंडों में सामुदायिक शौचालय निर्माण और पीएम आवास की सुस्त रफ्तार होने पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में बुधवार को डीएम अमित आसेरी ने ब्लाक स्तर पर संचालित विभिन्न विकास कार्यों व योजनाओं की समीक्षा की। जिला पंचायत राज अधिकारी को रोस्टर के अनुसार पंचायत भवनों में ग्राम पंचायत सचिवों की बैठने की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि पंचायत भवनों में सचिवों एवं संबंधित कर्मचारियों की उपस्थिति की लगातार निगरानी करें। सामुदायिक व व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की समीक्षा के दौरान बड़ोखर खुर्द, कमासिन सहित कुछ विकास खंडों में प्रगति खराब मिलने पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण लेने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायतों में आरआरसी सेंटर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालयों में अनधिकृत रूप से किसी व्यक्ति का प्रवेश न हो तथा बिना अनुमति विद्यालय परिसर में वीडियो, फोटो बनाने की अनुमति न दी जाए।

## खराब सड़क के विरोध में स्कूली बच्चों ने किया हाईवे जाम

▸ 3 घंटे किया प्रदर्शन, पुलिस पर घसीटकर हटाने और बदसलूकी का आरोप

**समृद्धि न्यूज़, महोबा।**



खराब सड़क और जलभराव से परेशान रैपुरा कलां गांव के स्कूली बच्चों ने झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर जाम लगा दिया। करीब तीन घंटे तक चले प्रदर्शन के कारण हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। बच्चों का आरोप है कि गांव को जोड़ने वाला 3 किलोमीटर का रास्ता गड्ढों और जलभराव से पूरी तरह खराब हो चुका है। इससे स्कूल आने-जाने में परेशानी हो रही है। ई-रिक्शा व ऑटो पलटने से कई बच्चे घायल भी हो चुके हैं। प्रदर्शन के दौरान बच्चों ने सड़क पर लकड़ी और पत्थर रखकर यातायात रोक दिया। मौके पर पहुंची पुलिस पर प्रदर्शन कर रहे बच्चों के साथ बदसलूकी और बल प्रयोग करने का आरोप लगा है। छात्रों का दावा है कि पुलिसकर्मियों ने उन्हें सड़क से हटाने के लिए घसीटा। घटना के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें पुलिसकर्मी छात्रों को सड़क से हटाते नजर आ रहे है मामला महोबा सदर तहसील क्षेत्र के रैपुरा कलां गांव का है।

## अदालती सूचना

**एच.सी. जे. फार्म नं0 18 भाग 22 (नमूना काविल फाटो समन बिनावर इनफित्ताल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) नम्बर मुकदमा 11/2025 जिला साकिन हमीरपुर श्रीमती संतोषी साहू बनाम लाड़कुंवर साकिन**

हरगाह वादिया श्री महीलाई कुवर पो के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 07 माह 08 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन मार्फत यकील के जो मुकदमें के हालात से करार बाकई बाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुताल्लिका मुकदमा को जबाब दे सके या जिनके साथ कोई और शख्स हो कि जो जबाव ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दाबा की करें और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहारों के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवीज हुई है पर आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला गवाहों की जिनकी शहादत पर नीज तमाम दस्तावेजों को जिन पर आप अपनी जयाबदेही के ताईव में इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूअ और फैसला होगा। दरख्वास्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 31 माह 07 सन् 2026 ई. जारी किया गया।

**इत्तिला**

(1) अगर आपको यह अन्देशा है कि आपके गवाह अपनी मर्जी से हाजिर न हों तो आप अदालतहाजा से सम्मन बईमुराद जारी करा सकते हैं कि जो गवा हाजिर न हो वह जबरन हाजिर कराया जाये और जिस दस्तावेज को कि गवाह से पेश कराने का आप इस्तेहकाक रखते हैं वह उससे पेश कराई जाग व शर्त कि आप खर्चा जरुरी अदालत में दाखिल करके इस उम्र की दरख्वार गुजराये।

(2) अगर आप मुतालबा नवा मुझे मुदई को सलीम हैं तो आपको लाजिम है कि रुपर मय खर्चा नालिशा लअदालत में दाखिल करें ताकि कार्यवाही इजराय डिग्री आपकी जान या माल दोनों पर ही करना पड़े।

## दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण पर जोर



**झांसी।** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने जीओसी 31वीं आर्मर्ड डिवीजन के साथ झांसी कैंट स्थित आशा स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने दिव्यांग बच्चों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों एवं पेंटिंग का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं है। दिव्यांगजनों को सहानुभूति के बजाय समान अवसर, सम्मान और अधिकार दिए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए खेल, कला, संगीत, तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि वे आत्मनिर्भर होकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल में बच्चों को दी जा रही विशेष शिक्षा, कौशल विकास, फिजियोथेरेपी, पुनर्वास चिकित्सा एवं दैनिक जीवन से जुड़े प्रशिक्षण की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए गए उत्पादों को प्रदर्शित करने तथा उनके विकास के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए।जीओसी 31वीं आर्मर्ड डिवीजन ने बताया कि आशा स्कूल में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा के साथ जीवन कौशल, सामाजिक कौशल एवं आजीविका कौशल का प्रशिक्षण दिया जाता है। स्कूल में चिकित्सा सुविधाओं, फिजियोथेरेपी, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों, कृत्रिम अंग एवं आवश्यक उपकरणों के साथ भोजन और स्कूल बस की सुविधा भी उपलब्ध है।जिलाधिकारी ने बच्चों, शिक्षकों एवं स्कूल प्रबंधन का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## उर्वरक की पर्याप्त आपूर्ति पर किसानों ने तालियां बजाकर डीएम को दी बधाई

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**



विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों ने जनपद में पर्याप्त उर्वरक की उपलब्धता पर जिलाधिकारी को तालियां बजाकर बधाई दी। जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान दिवस शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। किसानों की समस्याओं का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को किसानों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी देने, कृषि उत्पादन बढ़ाने तथा किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए।किसानों द्वारा फसल बीमा से जुड़ी शिकायतें उठाए जाने पर जिलाधिकारी ने बीमा कंपनी के अधिकारियों को न्याय पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा बीमित किसानों को बीमा पॉलिसी एवं क्लेम संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल क्षति होने पर क्लेम प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।बैठक में किसानों ने खाद की उपलब्धता, फसल बीमा, कृषि सहित विभिन्न समस्याएं रखीं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने सोसायटी से जुड़े किसानों को प्राथमिकता के आधार पर खाद उपलब्ध कराने को भी कहा।किसान दिवस के दौरान जनपद में किसानों द्वारा कराई जा रही फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त की और अधिक से अधिक किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित किया।बैठक में किसान नेताओं महेंद्र शर्मा, कमलेश लंबरदार, राजेश कुमार बिरगुंआ, सुनील रिछारिया, सुरेंद्र पुरातिनी सहित अन्य किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं। संचालन जिला कृषि अधिकारी ने किया।

# समिति की बैठक में खेल सुविधाओं को बढ़ाने पर जोर

समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।



नवीन सभागार में बैठक करते सीडीओ विनय कुमार सिंह

कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक हुई। इसमें जिले में खेल सुविधाओं के विस्तार, संसाधन जुटाने और खिलाड़ियों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। बैठक में जिला क्रीड़ा अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि समिति के खाते में वर्तमान में 36 लाख 24 हजार 790 रुपये की धनराशि अवशेष है। बैठक में जिले के जिम और तरणताल संचालकों से वार्षिक पंजीकरण व अन्य शुल्क के रूप में 15 हजार रुपये एकमुश्त लिए जाने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। सीडीओ ने जिले में संचालित जिम और तरणतालों की संख्या की जानकारी उपलब्ध कराने तथा संचालकों को शुल्क संबंधी व्यवस्था से अवगत कराने के निर्देश दिए।इसके अलावा नए शराब और बीयर लाइसेंस प्राप्तकर्ताओं से पांच हजार रुपये समिति में जमा कराने के लिए आबकारी विभाग से समन्वय करने को कहा गया।

भारी वाहनों के पंजीकरण शुल्क से समिति के लिए हिस्सा जमा कराने के संबंध में परिवहन विभाग से समन्वय के निर्देश दिए गए। स्टेडियम में महिला चेंजिंग रूम व शौचालय निर्माण के लिए बजट की व्यवस्था कर जल्द कार्य कराने तथा तहसील स्तर पर समिति के खाते खुलवाने के भी निर्देश दिए गए।

## साइकिल सवार वृद्ध की सड़क हादसे में मौत

सुल्तानपुर। थाना करौंदीकला थाना क्षेत्र में मंगलवार को हुए सड़क हादसे में साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई, जबकि मोटरसाइकिल चालक घायल हो गया। हादसे के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार जौनपुर जिले के सरपतहा थाना क्षेत्र के उसरौली गांव निवासी समर सेन उपाध्याय (62) पुत्र सभापति उपाध्याय साइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार रोहित पाल पुत्र पारसनाथ ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में समर सेन उपाध्याय गंभीर रूप से घायल हो गए और जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं मोटरसाइकिल चालक रोहित पाल भी घायल हुआ, जिसका उपचार (सीएचसी) में चल रहा है। घटना के संबंध में क्षेत्राधिकारी कादीपुर विनय गौतम ने बताया कि सड़क हादसे में साइकिल सवार की मृत्यु हुई है, जबकि मोटरसाइकिल चालक घायल है।

# मनबढ़ युवक ने अधीक्षक को पीटा, बाधित रही स्वास्थ्य सेवाएं

समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखंडनगर पर मनबढ़ युवक ने अधीक्षक को पीट दिया। हल्ला गुहार पर पहुंचे स्टाफ की मदद से बीच बचाव के बाद चिकित्सीय सेवाएं 02 घंटे के लिए बाधित हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में लेते हुए मामले में अधीक्षक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। बुधवार को सुबह अखंडनगर थाना क्षेत्र के प्राणनाथपुर बछेड़िया गांव निवासी सचिन गौड़ पुत्र विनोद कुमार सीएचसी अधीक्षक डॉ सतेंद्र सिंह के ऑफिस में घुस गया।आरोप है कि सचिन द्वारा अधीक्षक पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला करते हुए सरकारी रजिस्टर,बीपी मशीन आदि तोड़ दिया। युवक के हमले में चिकित्सक घायल हो गए। हल्ला गुहार पर पूरा स्टाफ भी मौके पर पहुंच गया।विवाद की सूचना स्टाफ ने पुलिस को दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया।अस्पताल परिसर में बवाल के बीच काफी देर तक स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हो गई।और सभी कर्मचारियों ने मरीजों को सेवाएं देने से इनकार कर दिया।पुलिस के तहरीर लेकर कार्यवाही के आश्वासन के बाद चिकित्सीय सेवाएं बहाल हो सकी। प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि अधीक्षक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## अभिकर्ता की बेटी बनीं नर्सिंग ऑफिसर, परिजन मुदित

सलोन। क्षेत्र के जहानपुर मजरे केवली महिमा गांव निवासी एक अभिकर्ता की बेटी का नर्सिंग ऑफिसर के पद पर चयन हुआ है चयन की सूचना मिलने पर ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायबरेली द्वारा भावना मौर्य नर्सिंग ऑफिसर के पद पर चयन होने पर परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है, और परिजनों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कर इस सफलता का जश्न मनाया है। यह उपलब्धि बेटी की कड़ी मेहनत और परिवार के लिए गर्व का क्षण है। ऑफिसर पद पर चयन होने की सूचना पर माता रमादेवी व पिता अमर नाथ मौर्य अभिकर्ता ने बताया बेटी भावना मौर्य शुरू से ही पढ़ने में काफी रुचि रखती थी और उसकी मेहनत बदौलत है उसने यह मुकाम हासिल किया है।

# केएनआई में गृह विज्ञान विभाग ने किया पौधरोपण

समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।



वृक्षारोपण करती शिक्षिका व छात्राएं

कमला नेहरू संस्थान के गृह विज्ञान विभाग द्वारा दिन बुधवार को वृक्षारोपण किया गया।

इस दौरान गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा दुबे एवं सहायक प्राध्यापिका अंकिता सिंह के नेतृत्व मे छात्राओं ने परिसर मे पौधे लगाए । इस दौरान विभागाध्यक्ष ने बताया कि वृक्ष के बिना मानव सहित हर जीव जंतु का जीवन असंभव है।

वृक्षारोपण से पर्यावरण स्वच्छ , मृदा पोषण, जैव विविधता मे वृद्धि एवं वातावरण का तापमान नियंत्रित रहता है। वहीं अंकिता सिंह ने वनो से प्राप्त होने वाले फल, फूल, लकड़ी व औषधियाँ आदि की उपलब्धता हेतु अनवरत वृक्षारोपण को आवश्यक बताया । साथ साथ ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते प्रभाव से पर्यावरण के संरक्षण मे वृक्षों की भूमिका से विद्यार्थियों को अवगत कराया। इस दौरान छात्र पौधों की उचित देखभाल करने के लिए संकल्प भी लिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम मे गार्गी, महक, नाजिया श्वेता,पूजा यादव,शिवानी, शगुन, मुस्कान, सृष्टि व दुर्गा सहित स्नातक प्रथम व पांचवे सेमेस्टर की छात्राएं उपस्थित रहीं।

# पुलिस ने अपहृता को बरामद कर दो आरोपियों को दबोचा

समृद्धि न्यूज लम्भुआ, सुल्तानपुर।

▸ पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

लम्भुआ पुलिस ने अपहरण के मामले में कार्रवाई करते हुए अपहृता को सकुशल बरामद कर दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को मंगलवार रात भटौलिया जंगल से करीब 100 मीटर पहले रास्ते की नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार रविवार को एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि उसकी पुत्री को गुलाम रसूल निवासी बरुआ जगदीशपुर, थाना कोतवाली देहात, अपने साथी इरफान के साथ बहला-फुसलाकर घर के बाहर से भगा ले गया है। सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू की। पुलिस ने अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया। विवेचना के दौरान मामले में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध कानून की संबंधित धाराओं की भी बढ़ोतरी की गई।

प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोनों वांछित आरोपियों गुलाम रसूल पुत्र इस्लामुद्दीन और इरफान पुत्र मुस्ताक अली, निवासी बरुआ जगदीशपुर, को मंगलवार रात को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस दोनों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।

# ऑपरेशन मुस्कानः चार घंटे में लापता बालिका बरामद

▸ जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के चोरमा गांव की घटना

समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।



बरामद बालिका के परिजनों से मुलाकात करती एसपी चारु निगम

ऑपरेशन मुस्कान के तहत जयसिंहपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घर से लापता हुई बालिका को करीब चार घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।

मंगलवार की रात करीब 11:40 बजे पुलिस को सूचना मिली कि थाना जयसिंहपुर के सेमरी चौकी क्षेत्र के दलपत सहाय का पुरवा चोरमा निवासी सुनील यादव की पुत्री मानवी यादव (08)शाम करीब सात बजे के बाद से घर से लापता है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई। पुलिस अधीक्षक चारु निगम, अपर पुलिस अधीक्षक बृज नारायण सिंह, क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर सुनील सिंह, थाना प्रभारी जयसिंहपुर विवेक राय और थाना प्रभारी मोतिगरपुर अनिरुद्ध सिंह मौके पर पहुंचे। टीम ने गांव और आसपास के रास्तों व संभावित स्थानों पर तलाश शुरू की।सघन खोजबीन के दौरान बालिका घर से कुछ दूरी पर स्थित एक गलियारे में सेमरी चौकी इंचार्ज वंदना अग्रहरी की टीम को सकुशल मिल गई। पूछताछ में उसने बताया कि मां के डांटने के बाद वह रोते हुए वहां चली गई थी और सो गई थी। आवश्यक तस्दीक के बाद पुलिस ने बालिका को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## खबरें एक नजर में

### मनरेगा मजदूरों की हाजिरी डिलीट करने का निर्देश

करीदकला, सुल्तानपुर। सोमवार को जिले में हुई भीषण बारिश के मध्य विकास खंड क्षेत्र के लगभग दर्जन भर गांव में मनरेगा मजदूरों की हाजिरी दर्ज कर मनरेगा साइट पर अपडेट किया गया था। नवागत खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश सिंह यादव ने बताया कि मस्टररोल से हाजिरी हटाने का निर्देश दिया गया है,जल्द ही हाजिरी डिलीट कर दी जाएगी। और चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी पुनरावृति होने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### चीनी के बढ़ते दाम से महंगे हो रहे खाद्य पदार्थ

सुल्तानपुर। चीनी के लगातार बढ़ते दाम का असर अब आम लोगों की रसोई के बजट पर दिखाई देने लगा है। चाय से लेकर मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों की कीमतों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। जिले में फुटकर बाजार में बुधवार को चीनी का भाव करीब 65 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गया। बताया जाता है कि कुछ माह पहले तक चीनी 40 से 45 रुपये प्रति किलो के आसपास बिक रही थी। इसके बाद कीमत बढ़कर करीब 52 रुपये प्रति किलो तक पहुंची और अब फुटकर बाजार में इसका भाव 65 रुपये किलो तक बताया जा रहा है। कम समय में चीनी के दाम में हुई इस बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं का घरेलू बजट प्रभावित हो रहा है। चीनी का इस्तेमाल रोजमर्रा की चाय के अलावा मिठाई, बेकरी और कई अन्य खाद्य पदार्थों में होता है। ऐसे में कीमत बढ़ने से इन उत्पादों की लागत पर भी असर पड़ने की संभावना है। मिठाई और चाय-नाश्ते से जुड़े कारोबारियों के लिए भी बढ़ी कीमत चुनौती बन रही है। गन्ना उत्पादन के लिए उत्तर प्रदेश प्रमुख राज्यों में शामिल होने के बावजूद चीनी के दाम में तेजी ने उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। लोगों का कहना है कि खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के बीच चीनी के दाम में उछाल से घरेलू खर्च और बढ़ गया है।

### तुलसीदास जयंती पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, त्रिपुला में गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। विद्यार्थियों ने गोस्वामी तुलसीदास के जीवन, साहित्य और भारतीय संस्कृति में उनके योगदान को याद करते हुए उनकी रचनाओं में निहित आदर्शों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत तुलसीदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इस अवसर पर छात्र मानिकांत ने तुलसीदास के जीवन एवं साहित्य पर प्रेरणादायी भाषण प्रस्तुत किया। वहीं सत्यार्थ, अविरल, देवेश, अनुराग, अर्णव मिश्रा, स्तव और अर्पित ने रामचरितमानस की चौपाइयों का सस्वर वाचन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। छात्र शौर्य प्रताप सिंह ने तुलसीदास की भूमिका निभाकर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्या शर्मिला दास गुप्ता ने बताया कि गोस्वामी तुलसीदास केवल महान कवि ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और जीवन-मूल्यों के सशक्त संवाहक थे। रामचरितमानस में निहित आदर्श आज भी समाज और युवा पीढ़ी को सत्य, मर्यादा, त्याग, सेवा तथा कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से तुलसीदास की रचनाओं से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में अच्छे संस्कार एवं मानवीय मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शुभी सिंह, अजय सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सहकारी समिति हरदी टीकर का हुआ शुभारम्भ

समृद्धि न्यूज़, रायबरेली।

दिन बुधवार को बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड हरदी टीकर का उद्घाटन जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने किया कार्यक्रम के संयोजक अमरेश सिंह प्रधान प्रतिनिधि हरदी टीकर डायरेक्टर जिला सहकारी बैंक रायबरेली रहे कार्यक्रम में क्षेत्र के व गांव पंचायत हरदी टीकर हजारों लोग उपस्थित रहे समित के खुलने से क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर रही सभी ने अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक विवेक विक्रम सिंह का अमरेश सिंह आभार प्रकट किया किसानों ने कहा अब हमको बहुत दूर नहीं जाना पड़ेगा।

कार्यक्रम में अखिलेश बहादुर सिंह सूर्यपाल दीक्षित इंद्रजीत सिंह जितेंद्र सिंह राम मनोहर शुक्ला रूपेंद्र सिंह





हरिश्चंद्र देशराज जगदीश विजय यादव रविंद्र सिंह प्रधान सिद्धौर देवेंद्र सिंह प्रधान सराय प्रकाश मनोज प्रधान वेनी कामा अरविंद तिवारी राकेश जगन्नाथ जगतपाल सिंह सूर्यभान सिंह जंग बहादुर आनंद पाल कोटेदार शंभू राम प्रसाद बजरंगी सुरेश कुमार संजय कुमार मुकेश कुमार आज बहुत सारे लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# रक्तदान शिविर आयोजित, 100 यूनिट रक्त संग्रहित

समृद्धि न्यूज़, रायबरेली।



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जेसीआई रायबरेली द्वारा एनटीपीसी ऊंचाहार के सहयोग से स्वतंत्रता दिवस समारोह एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 15 अगस्त 2026 को एनटीपीसी ऊंचाहार परिसर एवं जीवन ज्योति हॉस्पिटल में किया गया, जिसमें जेसीआई सदस्यों एवं सहयोगियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक भी किया गया। कार्यक्रम में एनटीपीसी ऊंचाहार के कार्यकारी निदेशक एवंपरियोजना प्रमुख बिश्व मोहन सिंह जी एवं पंकज अरोरा की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके सहयोग से शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसके लिए जेसीआई रायबरेली ने आभार व्यक्त किया। शिविर में कुल 100 यूनिट रक्तदान किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए महत्वपूर्ण योगदान साबित होगा। रक्तदाताओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। जेसीआई रायबरेली के अध्यक्ष जेसी सुयश जीवनानी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समाज सेवा और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी निभाने का अवसर है। उन्होंने एनटीपीसी प्रबंधन, चिकित्सकीय टीम एवं सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अध्यक्ष जेसी सुयश जीवनानी, सचिव जेसी आदित्यराज श्रीवास्तव, कार्यक्रम अधिकारी जेसी नवजोत शर्मा एवं कार्यक्रम संयोजक जेसी आदित्य मुसद्दी सहित रचित मुराका, संस्कार जायसवाल, देवांग सिकारिया, ऋषि अग्रवाल, विवेक सिंह, अभिनव वर्मा सदस्यों का सहयोग रहा। संस्था ने भविष्य में भी सामाजिक सेवा एवं जनहित के कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# गौशाला भूमि पर लहलहा रही फसल, ईओ व चेयरमैन की भूमिका पर सवाल

▸ चारे की जमीन पर लहलहा रही फसल
▸ जिम्मेदारों की कथित शह पर चल रहा खेल

महराजगंज,समृद्धि न्यूज, रायबरेली।



नगर पंचायत की कान्हा गौशाला में गौवंश के लिए चारा उगाने के लिए गढ़ी मजरे अतरेहता में उपलब्ध चारागाह की जमीन पर धान की फसल लहलहा रही है। जिस भूमि पर गोवंश के पेट भरने के लिए हरा चारा होना चाहिए था, वहां धान की खेती किए जाने से नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सूत्रों की मानें तो गौशाला की देखरेख से जुड़े एक कर्मी ने कथित रूप से चारागाह की जमीन पर कई वर्षों से धान व गेहूं की फसल बोता आ रहा है। सवाल यह है कि इतनी बड़ी जमीन पर खेती होती रही और नगर पंचायत के ईओ तथा चेयरमैन को इसकी भनक तक नहीं लगी या फिर जानबूझकर आंखें मूंद ली गई, जिस पर नगर पंचायत के जिम्मेदारों की कथित सरपरस्ती में यदि सरकारी उपयोग की जमीन निजी खेती के लिए इस्तेमाल हो रही है तो यह बेहद गंभीर मामला है। ईओ की निगरानी में गौशाला चल रही है तो फिर चारागाह की जमीन पर धान की फसल किसकी अनुमति से खड़ी हुई। चेयरमैन की जिम्मेदारी क्या केवल कुर्सी तक सीमित है या नगर पंचायत की संपत्तियों और गौशाला की व्यवस्था पर भी उनकी जवाबदेही है, जैसे सवाल लोगों के दिलो दिमाग में तैर रहे। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि चारागाह की जमीन पर धान बोने वाले पर कार्रवाई होगी या फिर ईओ और चेयरमैन की कथित चुप्पी इस खेल को संरक्षण देती रहेगी। सोमवार को डीएम की अध्यक्षता में हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रियतोष वैश्य द्वारा चारागाह की भूमि में धान की फसल बोए जाने को लेकर शिकायत भी की जिस पर सख्त नजर आई डीएम सरनीत कौर ब्रोका द्वारा एसडीएम चंद्रप्रकाश गौतम को इसकी जांच भी सौपी है।

अब देखने वाली बात यह है की नगर पंचायत के इस चहेते कर्मी तक जांच की आँच कहा तक पहुँचती है, यह देखने वाली बात है। मामले में एसडीएम चंद्रप्रकाश गौतम ने बताया की राजस्व टीम भेज कर चारागाह की जमीन की पैमाइस करा, धान की फसल बोने वाले के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कराते हुए फसल जुतवाई जाएगी।

# डग्गामार वाहनों पर एआरटीओ का शिकंजा, 12 वाहन सीज

समृद्धि न्यूज़, करौंदीकला, सुल्तानपुर।

शासन के निर्देश पर अवैध और मानकों का उल्लंघन कर संचालित डग्गामार वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने अभियान तेज कर दिया है। सोमवार को एआरटीओ प्रवर्तन दल ने करौदीकला क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाकर करीब एक दर्जन वाहनों को सीज कर दिया। पीटीओ शैलेंद्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान सवारी वाहनों, स्कूल बसों और मैजिक वाहनों के कागजात, फिटनेस, परमिट और बीमा की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर वाहनों को मौके पर ही सीज कर संबंधित थाने भेज दिया गया। अचानक हुई कार्रवाई से डग्गामार वाहन संचालकों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई की जानकारी मिलते ही कई चालक अपने वाहनों को लेकर गलियों की ओर चले गए। प्रवर्तन दल ने स्कूल बसों की भी जांच की और निर्धारित मानकों का पालन नहीं करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की।

पीटीओ शैलेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि शासन के निर्देश पर अभियान लगातार जारी रहेगा। बिना परमिट, फिटनेस अथवा आवश्यक दस्तावेजों के संचालित वाहनों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम की पहल पर प्रा. विद्यालय सीवन में तिथि भोज आयोजित

समृद्धि न्यूज़, रायबरेली।

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की पहल पर जनपद में विशेष तिथियों को बच्चों के साथ मनाने के उद्देश्य से शुरू की गई अभिनव पहल के अंतर्गत विकास खण्ड शिवगढ़ क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सीवन में तिथि भोज का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेंद्र कुमार पाण्डेय द्वारा अपने पिता जी के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित तिथि भोज में विद्यालय के बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया तथा बच्चों के साथ भोजन कर विशेष तिथि को यादगार बनाया गया। जिलाधिकारी ने जनपद में यह विशेष पहल शुरू करते हुए अधिकारियों, शिक्षकों एवं अन्य संबंधित लोगों से अपील की है कि वे अपने जीवन की विशेष तिथियों को बच्चों के साथ मनाएं। इसके अंतर्गत जन्म दिवस, शादी की सालगिरह, पुण्यतिथि अथवा अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर आंगनबाड़ी केंद्रों एवं बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों में जाकर बच्चों के साथ समय बिताने तथा उनके साथ तिथि भोज आयोजित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय सीवन में तिथि भोज का आयोजन किया गया।

# रायबरेली जिले के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता थे अखिलेश

सुरेश बहादुर सिंह
राजनीतिक संपादक

उत्तर प्रदेश के रायबरेली सदर से कांग्रेस विधायक अदिति सिंह के पिता अखिलेश सिंह का मंगलवार सुबह लंबी बीमारी के बाद लखनऊ के एसजीपीजीआई में निधन हो गया। वह करीब 60 वर्ष के थे। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस को अपना आदर्श मानने वाले रायबरेली सदर के पूर्व विधायक अखिलेश सिंह ने अपने राजनीतिक जीवन में सत्ता विरोधी राजनीति में अग्रणी भूमिका निभायी। प्रदेश में अपनी दबंग छवि के लिए मशहूर अखिलेश रायबरेली जिले के सबसे लोकप्रिय नेता थे। उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वह अपने हर चुनाव में जीत का अन्तर बढ़ाने में कामयाब होते थे। अखिलेश उस समय मीडिया की सुर्खियों में आये थे, जब उन्होंने अपने सांसद भाई स्व. अशोक सिंह के गिरफ्तार होने की खबर सुनने के बाद रायबरेली के पुलिस अधीक्षक को उन्हीं के आवास में कैद रहने को मजबूर कर दिया था। उन्होंने उसी दिन एक सत्ता विरोधी, साहसी व संघर्षशील नेता बनने के संकेत दे दिये थे, जो आगे चलकर उनके राजनीतिक जीवन में देखने को भी मिला।

अखिलेश का जन्म एक प्रतिष्ठित क्षत्रिय परिवार में हुआ था। उनके पिता स्व. धुन्नी सिंह पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इन्दिरा गांधी के बहुत करीबी थे, इसीलिए गांधी परिवार से उनका पारिवारिक रिश्ता था। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत कांग्रेस पार्टी से ही की थी। बाद में श्रीमती सोनिया गांधी के स्थानीय प्रतिनिधि से विरोध के कारण उन्होंने कांग्रेस पार्टी छोड़कर अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी का गठन कर लिया था। कुछ समय बाद वह पीस पार्टी में शामिल हो गये थे और विधानसभा में पीस पार्टी विधानमंडल दल के नेता भी बने थे। अपने राजनीतिक जीवन काल में उन्होंने सत्ता विरोधी राजनीति को ही प्रमुखता दी। अपनी इसी सत्ता विरोधी राजनीति के कारण उन्हें राजनीति में जिस मुकाम पर होना चाहिए था, वह मुकाम वह नहीं हासिल कर सके, हालांकि उन्हें इसका कभी कोई मलाल नहीं रहा। उन्होंने कभी भी किसी के साथ होते अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया और उस अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने के लिए खड़े हो गये। कुण्डा के निर्दलीय विधायक राजा रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैय्या के खिलाफ जब तात्कालिक मुख्यमंत्री मायावती ने दमन चक्र चलाया था, तब अखिलेश ने अकेले विधानसभा में राजा भैय्या पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ मायावती सरकार की आलोचना की थी, हालांकि उन्हें इस आलोचना का परिणाम भी भुगतना पड़ा था। मायावती के शासनकाल में वह खुद भी काफी दिन फरार रहे थे और उनके घर की कुर्की भी की गई थी, फिर भी वह सरकार के सामने झुके नहीं। ज्ञात हो कि इससे पूर्व अखिलेश ने पूर्व मंत्री व वर्तमान समय में मधुमिता हत्या कांड के आरोपी अमरमणि त्रिपाठी के साथ मिलकर मायावती की सरकार बनवाने में काफी सहयोग किया था। मायावती ने उन्हें अपने मंत्रिमंडल में भी शामिल करने का आश्वासन दे दिया था, लेकिन %मैं किसी के आगे घुटने नहीं टेकूंगा% जैसे विवादित बयान देने के कारण मायावती ने उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया था, जबकि उन्होंने अमरमणि त्रिपाठी को अपनी सरकार में मंत्री बनाया था। अखिलेश की छवि भले ही एक माफिया व एक दबंग नेता के रूप में रही हो, लेकिन रायबरेली में उनकी छवि गरीबों के मसीहा के रूप में भी थी। रायबरेली में उन्हें अपार जनसमर्थन प्राप्त था। एक बार जब उनसे उनकी लोकप्रियता का राज पूछा गया तो उन्होंने जेब से एक छोटी सी डायरी निकाल कर दिखायी जिसमें उन्होंने कुछ नाम लिख रखे थे, जिसे वह खुद ही पढ़ सकते थे। उस डायरी में उन गरीबों के नाम थे जिनके यहां शादियां होनी थी। उन्होंने उन गरीबों के नाम के आगे धनराशि भी लिखी थी जो शादी ब्याह में उनके यहां पहुंचायी जाती थी। जब भी कोई गरीब, अनाथ, बेरोजगार, कमजोर उनके यहां पहुंचता था तो कभी निराश होकर वापस नहीं जाता था। यही कारण था कि हर चुनाव में उनके जीत का अन्तर बढ़ता जाता था। अखिलेश अपने पारिवारिक जीवन की चर्चा कभी भी नहीं करते थे, लेकिन अपनी बीमारी के बाद मुखर होकर वह अपनी विधायक बेटी अदिति की तारीफ करते थे। वह मानते थे कि बीमारी के बाद उन्हें जो भी जीवन मिला है वह अदिति की ही देन है। ज्ञात हो कि जब अखिलेश कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे तो अदिति ने ही सिंगापुर में उनके इलाज की पूरी व्यवस्था की थी। (स्वर्गीय अखिलेश सिंह जी की मृत्यु के बाद वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बहादुर सिंह जी का लिखा लेख)

# अविका डिग्री कॉलेज में एनसीसी भर्ती प्रक्रिया आयोजित

- एनसीसी कैडेट श्रेया का प्रतिष्ठित थल सैनिक कैंप में चयन
- एनसीसी सीटीओ डॉ. शिखा कुमारी ने किया सहयोग



छात्राओं को संबोधित करते सीओ कर्नल विजेंद्र शारदा

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

गुगरापुर ब्लॉक क्षेत्र के अविका डिग्री कॉलेज, चांदपुर में बुधवार को 4 यू.पी. गर्ल्स बटालियन, फतेहगढ़ के तत्वावधान में एनसीसी भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई। भर्ती प्रक्रिया में सीओ कर्नल विजेंद्र शारदा, हवलदार मुजफ्फर खान तथा एनसीसी जीसीआई पायल एवं प्रियंका मौजूद रहीं। महाविद्यालय की एनसीसी सीटीओ डॉ. शिखा कुमारी ने सक्रिय सहयोग किया। भर्ती के दौरान छात्राओं की लंबाई और वजन का मापन कर अभिलेख तैयार किए गए।

इसके बाद हवलदार मुजफ्फर खान ने छात्राओं के फुट इम्प्रेशन के नमूने लिए।

छात्राओं ने उत्साह और अनुशासन के साथ भर्ती प्रक्रिया में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कर्नल विजेंद्र शारदा ने महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट श्रेया के प्रतिष्ठित थल सैनिक कैंप (टीएससी), नई दिल्ली के लिए चयनित होने पर प्राचार्य डॉ. हरिओम प्रजापति को बधाई दी। प्राचार्य डॉ. हरिओम प्रजापति एवं उपनिदेशक डॉ. अभिषेक शेखर ने एनसीसी अधिकारियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

प्राचार्य ने एनसीसी को विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

## इंग्लिश रेसिटेशन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**समृद्धि न्यूज़,फर्रुखाबाद।** गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों के लिए इंग्लिश रेसिटेशन प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में अंग्रेजी भाषा के प्रति रुचि विकसित करना, उच्चारण एवं वाचन कौशल को निखारना तथा उनमें आत्मविश्वास की भावना बढ़ाना था। सभी छात्रों ने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुतीकरण किया। छात्रों ने स्पष्ट उच्चारण एवं भाव भंगिमा और आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कक्षा तृतीय से वन्या शर्मा प्रथम, अनवी शर्मा द्वितीय तथा आरोही शुक्ला तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा चतुर्थ से अनन्या सिंह प्रथम, सौम्य श्रीवास्तव द्वितीय तथा वंश तिवारी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा पंचम से आराध्या कुशवाहा तथा समृद्धि त्रिवेदी प्रथम, प्रियम सिंह द्वितीय तथा समिष्ठा तृतीय स्थान पर रही। प्रधानाचार्य डॉ. लकी चावला ने विजेता छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

शारदीय नवरात्र

# नवमी पर निकाली जाएगी दुर्गा शोभायात्रा

**समृद्धि न्यूज़,छिबरामऊ, कन्नौज।**



शारदीय नवरात्र की नवमी पर 19 अक्टूबर सोमवार की रात में ऐतिहासिक भव्य दुर्गा शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए पिछली कमेटी को ही इस वर्ष की भी जिम्मेदारी सर्वसम्मति से सौंप दी गई।

श्री नव दुर्गा समिति विजयनाथ मंदिर पीपल चौराहा समिति की बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व पालिकाध्यक्ष राजीव दुबे को पुनः अध्यक्ष मनोनीत कर दिया गया।लोगों ने माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया।

इसी के साथ यह भी तय किया गया कि पिछले वर्ष की कमेटी ही पूरी जिम्मेदारी निभाएगी। इस दौरान पिछले वर्ष का आय व्यय ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। सर्व समिति से लिए गए निर्णय के अनुसार इस बार की शोभायात्रा में नगर की जीवंत झांकियों को प्राथमिकता दी जाएगी। अध्यक्ष राजीव दुबे ने कहा नगर में पिछले 36 वर्षों से परंपरागत ढंग से शारदीय नवरात्र की नवमी को विशाल दुर्गा शोभायात्रा निकाली जाती है। इस परंपरा को खत्म नहीं किया जाएगा।

नगर के लोगों के सहयोग से इस नवरात्र की नवमी 19 अक्टूबर को भी विशाल और भव्य दुर्गा शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर नरेश वर्मा, रामानंद वर्मा, सुरेश वर्मा पेंटर, नेमीचंद्र राठौर, भास्कर चतुर्वेदी, जवाहरलाल वर्मा, प्रियतोश तोमर, डॉ वरुण प्रताप सिंह, मोनू चौहान, राजू दुबे, दिलीप गुप्ता, विनीत वर्मा सिंपल, देवराज त्रिपाठी, अखिलेश सक्सेना, मयंक गुप्ता, कन्हैया गौर, सुधीर गुप्ता, अजय वाल्मीकि, संतोष भुर्जी एवं सत्यम आदि उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मना भाकियू (अवधेश) का स्थापना दिवस


**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ, कन्नौज।**



विशुनगढ़ रोड स्थित लिटिल स्टार गेस्ट हाउस में भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) का स्थापना दिवस केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश के कई जिलों से आए पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि संगठन निरंतर किसानों और मजलूमों की सेवा में कार्य कर रहा है तथा आगे भी करता रहेगा। सभी ने एक स्वर में संगठन को आगे बढ़ाने की शपथ ली तथा खाटू श्याम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर आरती की। किसानों की समस्याओं में सबसे अधिक शिकायतें बहवलपुर फीडर से आईं। वहां निरंकुश कर्मचारी किसानों का उत्पीड़न कर रहे हैं। जिनका बिल मात्र 400 रुपये आता था, उनका 40 हजार का बिल निकालकर सुधार के नाम पर धन का दोहन किया जा रहा है। ऐसे लाइनमैन व कर्मचारियों को चिन्हित कर जिले से बाहर खदेड़ने तथा कार्य नहीं करने देने का संकल्प लिया गया। भ्रष्ट कर्मचारियों की सूची तैयार की जा रही है, जिसके बाद उन्हें सबक सिखाया जाएगा। स्थापना दिवस समारोह में राष्ट्रीय संरक्षक राजपाल सिंह चौहान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता, प्रदेश सचिव संजय कुमार दुबे, राम प्रकाश तिवारी, प्रमोद कुमार त्रिपाठी, रत्नेश कुमार दुबे, मंडल उपाध्यक्ष रूपलाल वर्मा, रामेंद्र यादव फौजी, डॉ राजू पाल, वीर सिंह, मंडल उपाध्यक्ष कानपुर प्रदीप राजपूत, चंद्र सिंह, बृजकिशोर राजपूत, सुनील शाक्य जिलाध्यक्ष मैनपुरी, रवीश चंद तिवारी जिला मंत्री, अनिल सक्सेना, अखिलेश दुबे, सुधीश चंद तिवारी, राकेश यादव, दादा मनोज कुमार, राम शरण दीक्षित, आशीष सक्सेना, राजीव शर्मा, रामनरेश पाल, सोनू तिवारी, शैलेंद्र कुमार, आदित्य कुमार देवेंद्र तिवारी विनय कुमार दुबे, उमाकांत दीक्षित, अमरदीप दीक्षित, अखिलेश गंगवार, कुलदीप मिश्रा, नारायण दास मिश्रा, अनिल, गोविंद, नंदकिशोर, अमित, रविराज सिंह, सुमित कटियार, भुवनेंद्र शर्मा, टीटू उर्फ अवनीश, सरोवर सिंह, सुमित, राहुल राठौर, शैलेंद्र सिंह प्रधान, प्रदेश उपाध्यक्ष रामानंद वर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जलभराव से जूझ रहा कल्याणपुर का अंग्रेजी माध्यम विद्यालय

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ, कन्नौज।**



ग्राम कल्यानपुर स्थित अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय में बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या से शिक्षक और छात्र परेशान हैं। विद्यालय परिसर में पानी भर जाने से बच्चों को बैठने में दिक्कत होती है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यालय में छात्र संख्या अधिक होने के कारण जलभराव की स्थिति में कक्षाओं के संचालन में भी परेशानी सामने आ रही है। प्रधानाध्यापिका पूजा पांडेय के अनुसार, समस्या के संबंध में कई बार ग्राम विकास अधिकारी और खंड विकास अधिकारी को सूचना दी जा चुकी है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हुआ। उनका आरोप है कि विद्यालय में तैनात सफाई कर्मी भी नियमित रूप से सफाई करने नहीं आता। सप्ताह में केवल एक दिन विद्यालय परिसर में एकत्रित कूड़ा डालने के लिए आता है। विद्यालय की नियमित सफाई रसोइयों द्वारा ही की जाती है। शिक्षिका का आरोप है कि ग्राम प्रधान द्वारा भी स्कूल की समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। शिक्षिकाओं ने अधिकारियों से जलनिकासी की व्यवस्था कराने और विद्यालय की नियमित सफाई सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो।

## ग्राम हाथिन में आज लगेगा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम पंचायत हाथिन में 20 अगस्त को शंकरा आई हॉस्पिटल, चौबेपुर कानपुर के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर ग्राम पंचायत भवन, हाथिन में सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक लगेगा। शंकरा मित्र देव कुमार यादव ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक जरूरतमंद मरीज शिविर में पहुंचकर इसका लाभ उठाएं। शिविर में आंखों की नि:शुल्क जांच, मोतियाबिंद की जांच और विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया जाएगा। जांच के बाद ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों का नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन कराया जाएगा। ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों के आने-जाने, दवा, लेंस और भोजन की व्यवस्था भी नि:शुल्क की जाएगी। आयोजकों ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे जरूरतमंद मरीजों को शिविर तक पहुंचाने में सहयोग करें।

# जलभराव से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, उठायी स्थायी समाधान की मांग



**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम पंचायत सराय सुंदर में जलभराव की समस्या को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। गांव की गलियां बारिश के पानी से लबालब हो गई हैं, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर प्रशासन से जल्द जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश होते ही गांव में जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है। उचित जल निकासी की व्यवस्था न होने से घरों के आसपास पानी भर जाता है। बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कत होती है और ग्रामीणों का रोजमर्रा का आवागमन भी प्रभावित होता है। ग्रामीणों ने गांव में नाला बनवाकर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की। प्रदर्शन में वेद प्रकाश, अंकुल दुबे, जीतू दुबे, अवध दुबे, प्रदीप, राजेश, प्रमोद, राम दुबे, शिवम दुबे, चंद्रशेखर, पवन, अनिल, ग्रीस, नंद किशोर, रवि और विकास दुबे सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### स्वामी वेदानंद स्कूल नदसिया की साधारण सभा 30 अगस्त को

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज।** स्वामी बेधड़क हायर सेकेंडरी स्कूल नदसिया कन्नौज की प्रबंध समिति की साधारण सभा का आयोजन 30 अगस्त 2026 दिन रविवार को किया जाएगा। सभा विद्यालय प्रांगण में संस्था अध्यक्ष की अध्यक्षता में दोपहर 12:30 बजे होगी। विद्यालय के प्रबंधक सुमन द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रबंध समिति के सभी मान्य सदस्यों से अनुरोध है कि वह निर्धारित समय पर विद्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। सभा में संस्था से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक के दौरान रजिस्टर और पंजिका भी लाना आवश्यक होगा। प्रबंधक ने कहा कि विद्यालय के विकास और शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए सभी सदस्यों के सुझाव महत्वपूर्ण हैं। इसलिए सभी सदस्य समय से उपस्थित होकर सभा को सफल बनाएं। उल्लेखनीय है कि स्वामी बेधड़क हायर सेकेंडरी स्कूल नदसिया क्षेत्र का एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान है और यहां हर वर्ष प्रबंध समिति की बैठक कर शैक्षिक और प्रशासनिक मुद्दों पर निर्णय लिए जाते हैं।

### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए 21 को होगी ई-लॉटरी



**कन्नौज।** कृषि यंत्रीकरण योजनाओं के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान पाने वाले किसानों के चयन के लिए 21 अगस्त को ई-लॉटरी होगी। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में दोपहर 12 बजे प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। उप कृषि निदेशक संतोष कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन (एनएमएई), फसल अवशेष प्रबंधन सहित अन्य योजनाओं के तहत अनुदान के लिए किसानों ने विभागीय पोर्टल पर 16 जुलाई से 10 अगस्त तक ऑनलाइन बुकिंग की थी। अब इन आवेदकों में से पात्र किसानों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने पात्र आवेदक किसानों से निर्धारित तिथि और समय पर गांधी सभागार पहुंचकर ई-लॉटरी में स्वयं शामिल होने की अपील की। बताया कि कृषि यंत्रों के उपयोग से खेती की लागत, श्रम और समय कम करने के साथ उत्पादन क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### 12 सितंबर को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत




**कन्नौज।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 12 सितंबर को जिला न्यायालय परिसर और तालुका न्यायालयों में इस वर्ष की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पौमेला श्रीवास्तवा ने बताया कि लोक अदालत में आपसी सहमति से लंबित और प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण किया जाएगा। बैंक ऋण वसूली, चेक बाउंस, श्रम व सेवा विवाद, बिजली-पानी बिल, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, शमनीय आपराधिक मामले और यातायात चालान निस्तारित किए जा सकेंगे। इच्छुक पक्ष 12 सितंबर से पहले संबंधित न्यायालय या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन देकर मामला लोक अदालत में शामिल करा सकते हैं। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 12 सितंबर को जिला न्यायालय परिसर और तालुका न्यायालयों में इस वर्ष की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पौमेला श्रीवास्तवा ने बताया कि लोक अदालत में आपसी सहमति से लंबित और प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

# स्कूलों में बच्चों को मिला दूध, बीएसए ने परखी व्यवस्था

- कन्नौज और उमर्दा के विद्यालयों का निरीक्षण
- मेन्यू के अनुसार मिला भोजन

**समृद्धि न्यूज, कन्नौज।**



पीएम पोषण योजना के तहत बुधवार को जिले के 1576 विद्यालयों में बच्चों को निर्धारित मानकों के अनुसार दूध वितरित किया गया। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर योजना के संचालन में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विद्यालयों का निरीक्षण किया गया।

जिला समन्वयक मध्यान्ह भोजन आदिल नियाज, सामुदायिक सहभागिता शैलेंद्र प्रताप और समेकित शिक्षा सुबोध अवस्थी ने कन्नौज और उमर्दा विकासखंड के कई विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान दूध वितरण मानक के अनुरूप मिला। विद्यालयों में निर्धारित मेन्यू के अनुसार मध्यान्ह भोजन भी वितरित किया जा रहा था। शिक्षकों से प्रेरणा पोर्टल पर दूध वितरण के फोटो और छात्र उपस्थिति अपलोड कराने के निर्देश दिए गए।

बीएसए संदीप सिंह ने विद्यालयों में अधिक से अधिक नामांकन कराने पर जोर दिया। परिवार सर्वेक्षण के जरिए आउट ऑफ स्कूल बच्चों को नजदीकी विद्यालयों में प्रवेश दिलाने और दिव्यांग बच्चों का नामांकन बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बीएसए ने कहा कि बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के साथ उनके स्वास्थ्य और शैक्षिक विकास को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# परेशान किसानों ने आलू की माला पहनकर किया प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ, कन्नौज।**



क्षेत्र के कमालपुर गांव में आलू का उचित भाव न मिलने से परेशान किसानों ने गले में आलू की माला पहनकर अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया। किसान अच्छे खान ने बताया कि उनका आलू कोल्ड स्टोर में रखा है, लेकिन बाजार में उचित भाव नहीं मिल रहा है। मौजूदा कीमत में लागत निकालना मुश्किल हो रहा है। किसान मदनन्ने ने बताया कि उनके करीब 500 पैकेट आलू कोल्ड स्टोर में रखे हैं। कम भाव के कारण कर्ज बढ़ता जा रहा है। अच्छे भाव की उम्मीद में फसल रखी थी, लेकिन लगातार गिरते दामों ने परेशानी बढ़ा दी। चिंता के बीच चक्कर आने से गिरकर सिर में चोट भी लगी थी। लखनऊ में इलाज में करीब पांच लाख रुपये खर्च हुए। किसान अनिल कुमार ने बताया कि उनके करीब 600 पैकेट आलू रखे हैं। 150 से 200 रुपये प्रति पैकेट में बिक्री होने से लागत भी पूरी नहीं हो पा रही है। किसानों का कहना है कि कोल्ड स्टोर से आलू निकालने का दबाव है, जबकि उचित भाव नहीं मिल रहा। उन्होंने सरकार से कम से कम 1000 रुपये प्रति पैकेट मूल्य दिलाने की मांग की है।

## छावन में भाकियू लोकतांत्रिक के सदस्यता अभियान में जुड़े किसान

**भरावन, हरदोई।** भारतीय किसान यूनियन (लोकतांत्रिक) के सण्डीला तहसील अध्यक्ष कृष्णमूर्ति सिंह रोहित के नेतृत्व में बुधवार को भरावन ब्लॉक की ग्राम पंचायत छावन के गौढ़ी गांव में वृहद सदस्यता अभियान चलाया गया। जिला अध्यक्ष हरदोई बीर प्रकाश सिंह (बीरू), ब्लॉक अध्यक्ष भरावन पुनीत तिवारी तथा युवा मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष सरवन पाल, युवा मोर्चा ब्लॉक उपाध्यक्ष जसकरन लाल की मौजूदगी में करीब तीन दर्जन किसानों को भाकियू (लोकतांत्रिक) की सदस्यता दिलाई गई। पदाधिकारियों ने नवनियुक्त सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन की नीतियों, उद्देश्यों और किसान हित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। साथ ही संगठन से संबंधित आवश्यक निर्देशों से किसानों को अवगत कराया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि सदस्यता अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को संगठन से जोड़कर उनके हितों की आवाज को मजबूती प्रदान की जाएगी।

## संज्ञेय अपराध की आशंका में चार आरोपित गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ पुलिस ने संज्ञेय अपराध की आशंका के चलते चार आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस अधीक्षक कन्नौज विनोद कुमार के निर्देश पर थाना प्रभारी विशुनगढ़ शशिकांत कन्नौजिया के निर्देशन में पुलिस टीम ने 19 अगस्त को चारों आरोपितों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपितों में शिव कुमार उर्फ राजू पुत्र मलखान सिंह निवासी ग्राम करैया, प्रभुदयाल पुत्र बच्चनलाल, लोकेश पुत्र प्रभुदयाल तथा शैलेश पुत्र प्रभुदयाल निवासीगण कस्बा विशुनगढ़ शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक हरेन्द्र, उपनिरीक्षक अजय कुमार तिवारी, कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह और कांस्टेबल सोनू वर्मा शामिल रहे।

# उर्दू शिक्षक के पिता के निधन पर हुई शोकसभा, दी श्रद्धांजलि

**समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज कन्नौज।**



नगर के मोहल्ला गांधीनगर स्थित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गुरसहायगंज में कार्यरत उर्दू शिक्षक डॉक्टर अमीर हम्ज़ा के पिता का आकस्मिक निधन हो जाने से विद्यालय परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत अब्दुल वहीद उनकी उम्र लगभग 75 वर्ष क उनका निवास ग्राम गणेशपुर, पोस्ट परसा रेलवे स्टेशन, जिला सिद्धार्थनगर, उत्तर प्रदेश में था। सूचना मिलते ही बुधवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता के नेतृत्व में विद्यालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में विद्यालय के समस्त शिक्षकों, शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की। प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता ने कहा कि अब्दुल वहीद सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्ति थे। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे और शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने शोक संतप्त शिक्षक अमीर हम्ज़ा और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

# टीबी के उपचार को लेकर युवाओं को दी जानकारी

- ईएलपी के दूसरे दिन जिला अस्पताल में हुआ प्रशिक्षण

**समृद्धि न्यूज, कन्नौज।**



टीबी मुक्त भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला क्षय रोग विभाग एवं मेरा युवा भारत के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे पांच दिवसीय अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम (ईएलपी-टीबी) के दूसरे दिन जिला अस्पताल में प्रशिक्षण आयोजित हुआ। इसमें चयनित गांवों के माय भारत स्वयंसेवकों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी और जिला मुख्यालय पर्यवेक्षक प्रदीप कुमार ने स्वयंसेवकों को टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने और अभियान में युवाओं की भूमिका के बारे में जानकारी दी। लैब टेक्नीशियन दीपक पाल ने टीबी की जांच में प्रयोग होने वाली ट्रूनेट और सीबीनेट मशीनों की कार्यप्रणाली समझाई। उन्होंने कहा कि समय पर जांच से बीमारी की पहचान कर उपचार शुरू करने में मदद मिलती है।

वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक डॉ. ऋषभ जैन ने टीबी के उपचार में प्रयोग होने वाली दवाओं और उपचार प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चिकित्सकीय सलाह के अनुसार नियमित दवा लेने से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकता है। जिला युवा अधिकारी ने स्वयंसेवकों से प्रशिक्षण में मिली जानकारी को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। स्वयंसेवकों ने टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।



# वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी को किया नमन

**छिबरामऊ कन्नौज।** वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी जी की जन्मजयंती के अवसर पर विधायक अर्चना पांडेय ने अपने आवास पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर विधायक अर्चना पांडेय ने कहा कि वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी जी का जीवन साहस, शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति की अद्भुत मिसाल है। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध अदम्य साहस के साथ संघर्ष करते हुए मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी जी का संघर्ष और बलिदान सदैव देशवासियों को राष्ट्रसेवा एवं मातृभूमि के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता रहेगा। उनकी वीरगाथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भी वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर श्री भारत सिंह वर्मा, पुनीत वर्मा, विमलेश राजपूत, अतुल वर्मा, अंशुल पाल आदि उपस्थित रहे।

# पुरसा गो संरक्षण केंद्र में 30 कुंतल साइलेज मंगाने के निर्देश

- सीवीओ ने किया निरीक्षण, गोवंश के चारा-पानी

**समृद्धि न्यूज, कन्नौज।**



जलालाबाद विकासखंड के पुरसा स्थित एनजीओ द्वारा संचालित वृहद गो संरक्षण केंद्र का मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने निरीक्षण किया।

इस दौरान गोवंश के स्वास्थ्य, चारा-पानी, साफ-सफाई और आश्रय स्थल की व्यवस्थाएं परखी गईं। कमियां मिलने पर उन्हें प्राथमिकता से दूर करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण में बताया गया कि केंद्र के पास 18 बीघा क्षेत्र में हरा चारा बोया गया है। इसमें करीब दो बीघा चारा 15 दिन बाद खिलाने योग्य हो जाएगा। वर्तमान में हरा चारा कम होने के कारण गोवंश के लिए पर्याप्त मात्रा में पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिए तत्काल 30 कुंतल साइलेज मंगाने के निर्देश दिए गए। सीवीओ ने गोवंश की नियमित स्वास्थ्य जांच, पर्याप्त चारा-पानी और साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने बताया कि शासन की ओर से निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण के लिए 50 रुपये प्रतिदिन यानी 1500 रुपये प्रतिमाह प्रति गोवंश की व्यवस्था है। इच्छुक एनजीओ को शासन की व्यवस्था के तहत निराश्रित गोवंश उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

# नशे में न.पा. कार्यालय में हंगामा लेखाकार का हुआ मेडिकल

- पालिका कर्मी बोले, इस तरह का व्यवहार नहीं करेंगे बर्दाश्त

**समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज कन्नौज।**

नगर पालिका परिषद कार्यालय में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब कार्यालय में कार्यरत लेखाकार अनिल प्रजापति शराब के नशे में कार्यालय पहुंच गए और वहां उत्पाद मचाने लगे।

मिली जानकारी के अनुसार अनिल प्रजापति द्वारा कार्यालय में हंगामा करने की सूचना पर पालिका के बाबू ने इसकी लिखित शिकायत पुलिस से की। शिकायत मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने आरोपी लेखाकार को हिरासत में लेकर मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना को लेकर कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों और फरियादियों में चर्चा का विषय बना रहा। पालिका कर्मचारियों ने कहा कि कार्यालय में इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सूचना

मैंने व मेरे पति ने अपने दो पुत्रों अलमशाद व नौशाद को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **खुश्वरी पत्नी मुन्ने खाँ व मुन्ने खाँ पुत्र रफ्फन खाँ निवासी ग्राम कटिया थाना कम्पिल, फर्रुखाबाद।**

# पेट्रोल पंप की कोठरी में सेल्समैन का लटका मिला शव

- चार दिन पहले चाचा के साथ आया था युवक
- सुसाइड नोट मिलने की चर्चा को पुलिस ने नकारा


जांच पड़ताल करती फॉरेंसिक टीम व मृतक का फाइल फोटो

**समृद्धि न्यूज,अमृतपुर।**

थाना क्षेत्र के किराचन गांव में जब पेट्रोल पंप पर सेल्समैन का काम करने वाले युवक का शव परिसर में बनी कोठरी में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। घटना की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। जनपद एटा के थाना जैथरा क्षेत्र के जगतपुर निवासी भूपेंद्र पुत्र आदेश अपने चाचा जगवीर के साथ पेट्रोल पंप पर सेल्समैन का काम करता था। बताया जा रहा है कि वह करीब चार दिन पहले ही चाचा के साथ पेट्रोल पंप पर आया था। मंगलवार रात उसका साथी कप्तान किसी काम से बाहर चला गया। इसी दौरान भूपेंद्र कमरे में चला गया और दरवाजा भीतर से बंद कर लिया। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर लोगों को शक हुआ। कमरे में उसका शव फंदे से लटका मिला। घटना के बाद ग्रामीणों में युवक के पास सुसाइड नोट मिलने की चर्चा रही, लेकिन पुलिस ने सुसाइड नोट मिलने की बात को स्पष्ट रूप से नकार दिया। फोरेंसिक टीम ने मौके से पंखे से बंधी प्लास्टिक की रस्सी और मोबाइल फोन समेत अन्य साक्ष्य कब्जे में लिए। उपनिरीक्षक कल्लू सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और मौत के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं को खंगाला जा रहा है। भूपेंद्र तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। उसकी मौत की खबर मिलते ही मां पुष्पा, भाई कार्तिक और बहन नंदिनी समेत परिजनों में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही मौत की वास्तविक वजह पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

# फोटो क्लब ने केक काटकर मनाया विश्व फोटोग्राफी दिवस

- डिजिटल युग में तकनीक के साथ चलना जरूरी

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

फोटो क्लब के तत्वावधान में विश्व फोटोग्राफी दिवस धूमधाम से मनाया गया। फोटोग्राफरों ने दीप प्रज्ज्वलन, सेमिनार एवं केक काटकर खुशियां मनाईं। फोटोग्राफरों ने कहा कि फोटोग्राफी में बदलते हुए परिवेश, डिजिटल क्रांति और ज्ञान-विज्ञान-तकनीक के दौर में सभी फोटोग्राफरों को अपने आपको अपडेट करना होगा। कैनन कंपनी से आए विशेषज्ञ अमित सक्सेना ने कैमरों की नई तकनीक पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के समय में नए मॉडल, लेंस, फिल्टर, ड्रोन, वीडियो


गोष्ठी में मौजूद पदाधिकारी

सिने फोटोग्राफी और एआई तकनीक का ज्ञान हर फोटोग्राफर के लिए जरूरी हो गया है। नगर अध्यक्ष मुकेश शुक्ला ने कहा कि फोटोग्राफी केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि यह जीवन की सबसे खूबसूरत स्मृतियों को सहेजने का माध्यम है।

कैनन कैमरा कंपनी के जोनल प्रभारी अमित राठौर ने कहा कि कैमरा केवल मशीन नहीं बल्कि परिवार है। कंपनी सभी फोटोग्राफरों की सुरक्षा, ज्ञान-विज्ञान, सुख-दुख में उनके साथ खड़ी है। अनिल श्रीवास्तव ने भी विचार रखे।

संचालन सोनू शुक्ला ने किया। इस अवसर पर इरशाद, पंकज वर्मा, योगेन्द्र सिंह, नन्द किशोर, सोनू शुक्ला, संजीव चौहान, भारत सिंह, रवीन्द्र भदौरिया, महेंद्र भदौरिया, अनुराग पाण्डेय, आलोक मिश्र, शुभम सिंह, शान्तनु कटियार, नीरज वर्मा, जितेन्द्र, नीरज बाबू मौजूद रहे।

## पांच वाहनों का चालान कर लगाया गया 2.58 लाख का जुर्माना

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।** नगर में बुधवार सुबह उस समय वाहन चालकों में हड़कंप मच गया, जब एआरटीओ सुभाष चंद्र राजपूत ने अचानक वाहन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। चेकिंग के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले पांच वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 2 लाख 58 हजार रुपये के चालान किए गए। कार्रवाई के दौरान एक डीसीएम ओवरलोड पाया गया, जिस पर चालान की कार्रवाई की गई। इसके अलावा एक ट्रैक्टर भी निर्धारित क्षमता से अधिक भार लेकर चलता मिला। एआरटीओ ने ट्रैक्टर के खिलाफभी कार्रवाई की। एक प्राइवेट बस को भी चेकिंग के दौरान नियमों के उल्लंघन में पकड़ा गया। एक स्कूल वाहन मैजिक की भी जांच की गई। स्कूल वाहन में अनियमितता मिलने पर उसका 33 हजार रुपये का चालान किया गया।

# भण्डारे के साथ शिव महापुराण कथा का हुआ समापन


प्रसाद वितरण करते डॉ. राजीव पाठक

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

सावन माह के पावन अवसर पर फतेहगढ़ स्थित गोपाल फंक्शन पैलेस में चल रही शिव महापुराण कथा का विधि-विधान के साथ विश्राम हुआ। कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाया और भगवान शिव की आराधना की। प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन का आयोजन किया गया। जिसमें यजमानों ने आहुतियां देकर विश्व कल्याण की कामना की। हवन पूर्ण होने के पश्चात कन्या पूजन किया गया और कन्याओं को सप्रेम भोज कराकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस भव्य आयोजन में मुख्य यजमान की भूमिका राजेश मिश्रा तथा सूरज ग्रुप के चेयरमैन एवं राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन के राष्ट्रीय सचिव डॉ. राजीव पाठक व उनकी धर्मपत्नी विनीता पाठक ने निभाई। वहीं, कथाव्यास प्रीतम शरण महाराज ने अपनी अमृतमयी वाणी से भक्तों को शिव महापुराण कथा का रसपान कराया और भगवान भोलेनाथ की महिमा का गुणगान किया। कथा के विश्राम पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की व्यवस्था व आयोजन में मुख्य रूप से समाजसेवी डॉ. राजीव पाठक एवं सभासद एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी की अहम भूमिका रही। इस पुनीत एवं धार्मिक मौके पर सौरभ शुक्ला, अर्चित शुक्ला, तरुण पांडे, अंबिका त्रिवेदी, गौरव मिश्रा और मुन्नालाल वार्ष्णेय, डॉ. वैभव पाठक, डॉ. आयुष पाठक, सुभ्रा पाठक, आरती मिश्रा समेत क्षेत्र के कई गणमान्य लोग एवं शिवभक्त मौजूद रहे।

# अवैध कब्जे से परेशान किसान ने दी अनशन की धमकी

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**

तहसील क्षेत्र के गनीपुर नवाबगंज निवासी किसान किशन पाल की जमीन से अवैध कब्जा न हटने से नाराज ऑल इंडिया किसान यूनियन ने आंदोलन का ऐलान कर दिया है। संगठन ने 31 अगस्त से नवीन मंडी कायमगंज में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करने की चेतावनी दी है। जिलाध्यक्ष कमलेश राजपूत के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने तहसील परिसर में पहुँचकर उपजिलाधिकारी अभिशेक वर्मा को ज्ञापन सौंपा। किशन पाल पुत्र स्व. गंगाराम जाटव की गाटा संख्या 129 के तहत गनीपुर-जोगीपुर-चांदपुर रोड पर जमीन स्थित है। वहीं सावित्री पत्नी ब्रजमोहन निवासी पुराना गनीपुर की जमीन गाटा संख्या 1310 के पास है, किसान का आरोप है कि 13 अप्रैल को भाकियू टिकैत गुट के संरक्षण में किशन पाल की जमीन पर कब्जा कर लिया गया।

अपर जिलाधिकारी ने जांच टीम गठित की गई थी और 19 अप्रैल को पैमाइश भी कराई गई। उपजिलाधिकारी को को ज्ञापन दिया गया था और 8 दिन का समय मांगा गया था। जिलाध्यक्ष कमलेश राजपूत ने कहा कि यदि 31 अगस्त तक अवैध कब्जा नहीं हटाया गया तो संगठन के कार्यकर्ता नवीन मंडी में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे।

# बच्ची का अपहरण करने वाला चाउमीन विक्रेता गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**

महाकाल की शोभायात्रा के दौरान एक 8 वर्षीय दिव्यांग बच्ची के अपहरण के मामले में पुलिस ने बच्ची को एक निर्माणाधीन स्कूल की झाड़ियों से सकुशल बरामद कर लिया गया है। वहीं, घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, बजरिया रामलाल निवासी जितेंद्र शर्मा की 8 वर्षीय दिव्यांग बेटी मानसी अपनी दादी के साथ नगर में निकली महाकाल की शोभायात्रा देखने आई थी। इसी दौरान गऊटोला अम्बेडकर मूर्ति के पास, मऊ रसीदाबाद निवासी आरोपी नरेंद्र उर्फ पेंटू वहां पहुंचा। नरेंद्र गांव में ही चाउमीन का ठेला लगाता है। उसने मासूम बच्ची को टॉफी का लालच दिया और अपने साथ ले गया। देर शाम


पुलिस हिरासत में अपहरण का आरोपी

तक जब बच्ची घर नहीं लौटी, तो घबराए परिजनों ने खोजबीन शुरू की और कोतवाली पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने तत्काल एक्शन लिया और अपहरण का मुकदमा दर्ज किया। बच्ची की तलाश के लिए आला अधिकारियों के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीमों ने पूरी रात सर्च अभियान चलाया। इस दौरान इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। जिसमें आरोपी बच्ची को आर्य समाज मंदिर वाली गली से गऊटोला रोड की ओर ले जाता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद पुलिस ने गऊटोला गांव और आसपास के इलाकों में ताबड़तोड़ दबिश दी। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे बच्ची सधवाड़ा मोहल्ले में नाले के पास एक निर्माणाधीन परिषदीय विद्यालय की झाड़ियों से सुरक्षित बरामद कर ली गई। बुधवार को पुलिस ने आरोपी नरेंद्र को गऊटोला गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

## खबरें एक नजर में

### पिछड़ा वर्ग आयोग के पदाधिकारियों ने की बैठक

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह की अध्यक्षता में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आयोग के सदस्य ब्रजेश कुमार (से.नि. डी.जे.), सदस्य संतोष कुमार विश्वकर्मा (से.नि. ए.डी.जे.), सदस्य डॉ0 अरविन्द कुमार चौरसिया (से.नि. आई.ए.एस.), सदस्य एस.पी. सिंह (से.नि. आई.ए.एस.) एवं प्रशासक जिला पंचायत मोनिका यादव की उपस्थिति रही। बैठक में जनपद में स्थानीय ग्रामीण निकायों में पिछड़ा वर्ग से संबंधित आरक्षण एवं अन्य संबंधित विषयों के संबंध में अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। अध्यक्ष ने कहा कि आयोग का उद्देश्य स्थानीय ग्रामीण निकायों में पिछड़ा वर्ग के हितों एवं प्रतिनिधित्व से संबंधित विषयों का समुचित अध्ययन कर शासन को आवश्यक सुझाव एवं संस्तुतियां उपलब्ध कराना है। बताया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित एक विशेष आयोग है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश चंद्र सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### गोस्वामी तुलसीदास की जयन्ती पर संगोष्ठी सम्पन्न

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** भारतीय संस्कृति पीठ के साहित्य विभाग द्वारा तुलसी जयन्ती पर संगोष्ठी का आयोजन पीठ के कार्यालय लोहाई रोड पर किया गया। जिसकी अध्यक्षता रामकथा वाचक आशुतोष अग्नहोत्री ने की। संचालन डॉ0 कृष्णकान्त अक्षर ने किया। वक्ताओं ने गोस्वामी तुलसीदास के साहित्य के संदर्भ में उपयोगिता रेखांकित की। प्रधानाचार्या संतोष कुमारी ने कहा गोस्वामी कालजयी महाकवि हैं, उन्होंने देश को राममय कर दिया। आचार्य कपिध्वज मिश्र ने रामचरितमानस के मार्मिक प्रसंगों पर वक्तव्य दिया। प्रवेश चतुर्वेदी ने गोस्वामी के जीवन पर प्रकाश डाला। डॉ0 कृष्णकान्त अक्षर ने गोस्वामी की सारस्वत प्रतिभा का वैशिष्ट्य निरूपित किया। संगोष्ठी में नंदन, नागेश, उमा तिवारी, अंजलि बबलू, विनय आदि श्रोता उपस्थित रहे।

### तुलसीदास जयंती पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** सरस्वती विद्या मंदिर सेनापति में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य धर्म सिंह एवं मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार कटियार ने संयुक्त रूप से एवं पुष्प अर्चन कर किया। मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार कटियार ने गोस्वामी तुलसीदास के जीवन व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। रामचरितमानस के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, त्याग सेवा और संस्कारों का संदेश जन-जन तक पहुंचा। धर्मवीर सिंह ने कहा कि तुलसीदास का साहित्य भारतीय संस्कृत और जीवन मूल्यों का अमूल्य भंडार है। विद्यार्थियों को उनके साहित्य से संबंधित विचार लेकर अपने जीवन में सदाचार, अनुशासन और संस्कारों को अपनाना चाहिए। विद्यार्थियों द्वारा तुलसीदास के जीवन एवं साहित्य को संबंधित विचार, दोहे, प्रसंग प्रस्तुत किए गए।

### शराब बंदी जन जागरण कार्यक्रम 31 अगस्त को

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** राष्ट्रीय शराब बंदी संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में नशा मुक्त भारत बनाओ अभियान के तहत जन जागरण जारी है। आगामी ३१ अगस्त को डीएन डिग्री कालेज फतेहगढ़ में नशाबंदी अभियान को सफल बनाने के लिए विद्यार्थियों व परिवार के लोगों को समाजसेवी कार्यकर्ताओं को संकल्प समारोह कार्यक्रम में भागीदारी करने के लिए आमंत्रित किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य आलोक सिंह करेंगे। यह जानकारी राष्ट्रीय संयोजक सुल्तान सिंह ने दी है।

### बसपा की हुई बूथ स्तरीय बैठक, दर्जनों लोग पार्टी में हुए शामिल

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** बहुजन समाज पार्टी द्वारा हैबतपुर गढ़िया टाउन हॉल और रकाबगंज खुर्द स्थित एक गेस्ट हाउस में बूथ स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नगेन्द्र पाल सिंह जाटव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व एमएलसी और कानपुर मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी भीमराव अम्बेडकर उपस्थित रहे। बसपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर जगदीश प्रजापति के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी छोड़कर बसपा का दामन थाम लिया। मुख्य अतिथि भीमराव अम्बेडकर ने सभी नए सदस्यों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। भीमराव अम्बेडकर ने स्पष्ट किया कि बहुजन समाज पार्टी चुनाव से पूर्व कोई लोकलुभावन घोषणा पत्र जारी नहीं करती है, बल्कि पार्टी सीधे तौर पर भारतीय संविधान को ही अपना घोषणा पत्र मानती है। आगामी चुनावों में पांचवीं बार बहन कुमारी मायावती के नेतृत्व में सरकार बनानी है और उन्हें पुनः मुख्यमंत्री पद पर आसीन करना है। बैठक में सर्वेश भारती, राम दत्त बौद्ध, अरविन्द जाटव, सुरजीत बाबू, प्रमोद जाटव, जहांगीर मंसूरी, अब्दुल रहमान, अवधेश गौतम, राम आसरे, बाबू राम, महताब खां, अशोक चौधरी, ब्रजेश फौजी, राजेश कठेरिया, योगेन्द्र कुमार, विजय भारती मौजूद रहे।

### युवक पर किशोरी को भगाने का आरोप

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी मंगलवार रात करीब आठ बजे परिजनों को बिना बताए घर से कहीं चली गई। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारी में उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। बुधवार को किशोरी के पिता नवाबगंज थाने पहुंचे और गांव के ही एक युवक पर उनकी बेटी को ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। परिजनों ने किशोरी की तलाश कर उसे बरामद कराने की भी मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# चोरों ने सात लाख के जेवरात व दो लाख की नकदी की पार

- पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर की जांच पड़ताल

**समृद्धि न्यूज, कंपिल।**

चोरों ने एक घर के दोनों कमरों में अलग-अलग जगह नकब लगाकर सात लाख रुपए का जेवर व दो लाख रुपए की नकदी चोरी कर ली। जबकि एक अन्य घर में नकब लगाने पर फर्श की मिट्टी निकलने पर चोर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। पीड़ित ने मामले की तहरीर दी।

क्षेत्र के गांव हरकरनपुर निवासी नीरेश राजपूत मंगलवार शाम घर से खाना खाकर अपने छोटे बेटे अमन के साथ घेर में सोने चले गए। जबकि घर में उनकी पत्नी ममता बेटी सोनी, बड़ा बेटा सुरजीत आंगन में सो गए। बुधवार की बीती रात चोरों ने घर के किनारे दीवार में दो जगह अलग-अलग कमरों में नकब लगाकर एक कमरे में रखी अलमारी से बहू के लगभग सात लाख रुपए के जेवर व दूसरे कमरे में रखा बक्शा तोड़कर दो लाख रुपए की नगदी चोरी कर ली। चोरी के बाद चोरों ने नकब को ईंट लगाकर बंद कर दिया। चोरों ने पड़ोसी रमेश चंद्र के घर की दीवार में नकब लगाया। नकब लगाने के दौरान फर्श की मिट्टी निकलने पर चोर मौके से फरार हो गए। चोरों ने नीरेश के घर की दीवार किनारे बनी नांदो पर बैठकर भैंस का दूध निकालकर कटोरी से पिया। इसके बाद बाल्टी भरी दूध व कटोरी को छोड़कर फरार हो गए। सुबह बेटी सोनी ने झाड़ू लगाने के लिए घर का कमरा देखा तो अलमारी टूटी व सामान बिखरा देख वह चीख पड़ी। शोर की आवाज सुनकर स्वजन व ग्रामीण मौके पर इकट्ठे हो गए। सामान चोरी हुआ देख स्वजन बिलखने लगे। स्वजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर स्वजनों से घटना के संबंध में जानकारी की। बुधवार शाम चार बजे पहुंची फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। पीड़ित ने स्वजनों के साथ थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। थाना प्रभारी नितिन कुमार ने बताया मामले की जांच की जा रही है।


जांच पड़ताल करती फॉरेंसिक टीम

# सटरिंग का सामान लेने जा रहे युवक के साथ मारपीट

**समृद्धि न्यूज, नवाबगंज।**

- 28 हजार रुपये छीनने का आरोप, पुलिस ने लूट की सूचना को बताया गलत

थाना क्षेत्र के गांव पुठरी निवासी हरिओम पुत्र सतीश चंद्र गांव धुरीहार में सटरिंग लगाने का काम करता है। बुधवार को धुरीहार गांव में सटरिंग लगाने का काम चल रहा था। इसी दौरान काम के लिए कुछ प्लाई कम पड़ गई।

प्लाई की जरूरत होने पर हरिओम ट्रैक्टर लेकर अपने गांव पुठरी से प्लाई लेने के लिए जा रहा था। हरिओम के अनुसार, वह रास्ते से गुजर रहा था, तभी कुछ लोगों ने उसे रोक लिया। लोगों ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान उसकी जेब में रखे 28 हजार रुपये निकाल लिए गए। घटना के बाद हरिओम ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने घटनास्थल की जानकारी लेने के साथ ही हरिओम से पूरे मामले की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस हरिओम को अपने साथ नवाबगंज थाने ले आई। पुलिस ने घटना के संबंध में पूछताछ शुरू कर दी।

## शिक्षा व्यवस्था सुधारने को बीईओ ने बुलाई प्रधानाध्यापकों की बैठक



**समृद्धि न्यूज, नवाबगंज।** विकासखंड नवाबगंज के खंड शिक्षा कार्यालय पर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार शिक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विकासखंड क्षेत्र के समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने स्पष्ट किया कि पठन-पाठन और विभागीय कार्यों में अब किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी ने क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को लेकर कड़ा रुख अख्तियार किया है। शिक्षा की गुणवत्ता और व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए बीईओ ने सभी शिक्षकों को पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने की सख्त चेतावनी दी। डीएम की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की तैयारी बीईओ अमर सिंह राणा ने बताया कि जिलाधिकारी जल्द ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था की सीधे समीक्षा करेंगे। इसी वीसी में जुड़ने और विभागीय तैयारियों को परखने के लिए सभी प्रधानाध्यापकों को तत्काल प्रभाव से कार्यालय बुलाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से एआरपी मुनेंद्र सिंह, एआरपी अखिलेश कुमार, सुरेश चंद्र के अलावा प्रधानाध्यापक व शिक्षक शालिग्राम गंगवार, मानवेंद्र सिंह, प्रशांत कटिहार, संजीव रंजन, रामबरन सिंह, परविंदर सिंह, सैयद आसिफ अली सहित विकासखंड क्षेत्र के समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

# डीएम ने संकेत राजकीय विद्यालय फतेहगढ़ का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने जनपद में संचालित संकेत राजकीय विद्यालय फतेहगढ़ का औचक निरीक्षण कर विद्यालय में बच्चों को दी जा रही शिक्षा एवं शिक्षण व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने विद्यालय में संचालित कक्षाओं का भ्रमण कर विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर एवं अध्ययन-अध्यापन कार्यों की जानकारी ली।

उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए उनके पाठ्यक्रम, विषयों से संबंधित ज्ञान तथा विद्यालय में उपलब्ध शैक्षिक सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी शिक्षा प्रदान की जाए तथा प्रत्येक बच्चे की शैक्षिक प्रगति पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षण कार्य को रुचिकर एवं गतिविधि आधारित बनाया जाए, जिससे बच्चों में सीखने की क्षमता और विषयों के प्रति रुचि विकसित हो। उन्होंने विद्यालय में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत


बच्चों के साथ मौजूद डीएम

सुविधाओं की स्थिति का भी जायजा लिया तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। डीएम ने कहा कि जनपद के राजकीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारी एवं शिक्षक पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें।

डीएम ने छोट-छोटे बच्चों का मन रखने के लिए उनके साथ क्रिकेट खेला, जिसके पश्चात बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

डीएम ने विद्यालय प्रबंधन के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि विद्यालय की कक्षा कक्ष में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था करें। कंप्यूटर कक्ष में बच्चों को तकनीकी शिक्षा के ज्ञान में वृद्धि हेतु उपलब्ध कंप्यूटरों के सॉफ्टवेयर अपडेट करें। विद्यालय में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखें, इसके साथ ही अध्यनरत बच्चों का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराएं। निरीक्षण के दौरान जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# बीईओ के निरीक्षण में विद्यालयों में मिलीं भारी खामियां

**समृद्धि न्यूज, नवाबगंज।**

विकासखंड क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर, दौलतपुर, मड़िया और चांदनी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई गंभीर खामियां और हेराफेरी उजागर हुई हैं।

निरीक्षण के दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय चांदनी में साफ-सफाई की व्यवस्था पूरी तरह चौपट मिली। खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय चांदनी में सड़क का पानी सीधे स्कूल परिसर में आ रहा है, जिससे वहां जलभराव की स्थिति बनी हुई है। इस समस्या के समाधान के लिए नवाबगंज के


निरीक्षण के दौरान बच्चों से बात करते खंड शिक्षा अधिकारी

अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखकर जलभराव खत्म कराने का प्रयास किया जाएगा। कंपोजिट विद्यालय बीरपुर के निरीक्षण में फर्जीवाड़ा सामने आया। खंड शिक्षा अधिकारी के मुताबिक, यहाँ उपस्थित छात्रों की संख्या के मुकाबले रजिस्टर में कहीं अधिक बच्चों का नामांकन दर्शाया गया है। बच्चों की गिनती कराने पर 20 बच्चे कम पाए गए। फर्जी नामांकन दिखाकर मिड-डे मील योजना में सीधा गोलमाल किया जा रहा है। रसोइया के अनुसार विद्यालय में केवल 4 लीटर दूध आया था, जबकि शिक्षकों ने रिकॉर्ड में 8 लीटर दूध दर्शाया है। विद्यालय की भौतिक स्थिति भी बेहद खराब पाई गई। परिसर में बने किचन और शौचालय क्षतिग्रस्त हालत में मिले। एक किचन में कबाड़ भरा हुआ था, जबकि दूसरे में जैसे-तैसे खाना बनाने का कार्य किया जा रहा था। इसके अलावा, विद्यालय में विभागीय निर्देशानुसार व्हाइट बोर्ड भी नहीं लगाया गया है, जो उच्चाधिकारियों के आदेशों की स्पष्ट अवहेलना है। खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पाई गई सभी खामियों, वित्तीय अनियमितताओं और हेराफेरी की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। यह रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दोषियों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की मांग की जाएगी।

## बाढ़ राहत की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/नोडल अधिकारी बाढ़ राहत ने जनपद के बाढ़ क्षेत्रों में जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे राहत कार्यों के बारे में सर्वसाधारण को सूचित किया है। गंगा नदी में 19 अगस्त को नरोरा बैराज से 115137 क्यूसेक पानी पास हुआ है, जिससे पांचाल घाट पर पानी का जलस्तर 136.85 मीटर है, जो अभी खतरे के निशान से 137.10 मीटर से 20 मीटर नीचे है। रामगंगा नदी में 19 अगस्त को 75445 क्यूसेक पानी पास हुआ है, जिससे रामगंगा सेतु पर भी पानी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है। प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जिलों में जनपद अतिसंवेदनशील श्रेणी में चिन्हित है। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में जनपद की तीन तहसीलो में 63 गांव, आशिक आबादी एवं कृषि बाढ़ से प्रभावित है। रामगंगा नदी पर एक सुरक्षित तटबंध (कड़कका 7.45 कि0मी0) निर्मित है। जनपद में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रेस्क्यू टीम के रिजर्व स्टाफकी पूर्ण व्यवस्था है, इसके साथ ही 01 जून से टोल फ्री नंबर 1077, दूरभाष नंबर 05692-235077 एवं मोबाइल नंबर 94544 416457, जिलाधिकारी कैंप कार्यालय दूरभाष नंबर 05692-234165, 234111 एवं सिंचाई विभाग नलकूप कॉलोनी दूरभाष नंबर 8005103770 में सातों दिन 24 घंटे बाढ़ नियंत्रण कक्ष संचालित किए गए हैं। राजस्व विभाग द्वारा 52 बाढ़ चौकी तहसील सदर में 05, तहसील कायमगंज में 15 एवं तहसील अमृतपुर में 33 एवं 24 बाढ़ शरणालय तहसील सदर में 05, तहसील कायमगंज में 06 एवं तहसील अमृतपुर में 13 संचालित हैं। सुरक्षा एवं बचाव के लिए 24 अस्थाई बाढ़ शरणालय एवं 52 अस्थाई बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं। जिसमें राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्राम विकास विभाग, चिकित्सा विभाग एवं पशु चिकित्सा विभाग के कार्मिकों की तैनाती की गई है। बाढ़ प्रभावित तहसीलों में 01-01 मॉडल शरणालय स्थापित किया गया है। सिंचाई विभाग द्वारा 12.15 करोड़ रुपए की धनराशि से कुल 04 परियोजनाओं में गंगा एवं रामगंगा नदी के कटाव से सुरक्षा हेतु परकोपाइन इस पर एवं स्क्रीन का कार्य कराया गया है।

# रिश्वतखोर बिजली विभाग का जेई व लाइनमैन गिरफ्तार





हिरासत में जेई व लाइनमैन

खबर का असर

फर्रुखाबाद/कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

बिजली विभाग के अवर अभियंता अजीत राजपूत व एसएसओ को एंटी करप्शन टीम ने बुधवार दोपहर 10 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। जेई के खिलाफकाफी पहले से शिकायतें आ रही हैं। जनपद में लगातार भ्रष्टचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले समाचार पत्र समृद्धि न्यूज की खबर का बड़ा और असरदार परिणाम सामने आया है। समाचार में विद्युत विभाग के भ्रष्टाचार को प्रमुखता से उजागर किए जाने के बाद आखिरकार एंटी करप्शन की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुरौरा क्षेत्र से जुड़े विद्युत जेई (जूनियर इंजीनियर) अजीत राजपूत उसके साथी लाइनमैन को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। खबर का संज्ञान लेकर विभागीय जांच भी जेई के खिलाफ चल रही है।

जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज के ग्राम गुगौरा निवासी शिकायतकर्ता मंसाराम पुत्र राजेंद्र ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी। टीम ने पहुंचकर जाल बिछाया। मंसाराम ने जेई अजीत राजपूत को रुपये लेने को कहा तो उसने कहा कि हमारे लाइनमैन को 10 हजार रुपये दे दो, तभी एंटी करप्शन टीम जेई व उसका साथी लाइनमैन चंद्रभान को मौके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी जेई अजीत राजपूत हर बार अपने पद और पावर का दुरुपयोग करने के लिए अक्सर खुद को एक प्रभावशाली भाजपा सांसद का रिश्तेदार बताता था। इस रसूख की आड़ में वह उपभोक्ताओं और आम जनता से खुलकर अवैध वसूली और घूसखोरी का खेल चला रहा था। हालांकि जेई की इस बात की पुष्टि हमारा समाचार पत्र नहीं करता है। उपभोक्ताओं से अधिकार समझकर खुलेआम रिश्वत लेता था।

निजी लाभ के लिए बिना एस्टीमेट ट्रांसफार्मर लगाना व लाइन शिफ्ट करना जेई के लिए आम बात हो गई थी। मामला खुलने पर लाइनमैनों के खिलाफ कार्रवाई की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लेता। बिना रिश्वत के उपभोक्ताओं को घरेलू बिजली कनेक्शन भी नहीं मिल रहा था। इससे उपभोक्ता त्रस्त थे। जेई अजीत राजपूत के इस भ्रष्टाचार और तानाशाही की खबरों को समृद्धि न्यूज ने प्रमुखता के साथ लगातार कई बार प्रकाशित किया था।

मीडिया में खबरें छपने के बाद शासन-प्रशासन हरकत में आया और मामले की गोपनीय ढंग से गहन जांच शुरू की गई। जांच में शिकायतें सही पाए जाने पर एंटी करप्शन की टीम ने पूरा जाल बिछाया और जेई अजीत राजपूत व उसके साथी लाइनमैन को 10 हजार रुपये रिश्वत की रकम लेते हुए मौके पर ही रंगे हाथों दबोच लिया। टीम आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस को सौंप दिया, आगे की कार्यवाही के लिए।

# अटेवा पदाधिकारियों ने रैली को लेकर किया जनसम्पर्क

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।



जन सम्पर्क के दौरान मौजूद शिक्षक

अटेवा पेंशन बहाली मंच के तत्वाधान में बुधवार को अटेवा टीम ने विभिन्न डिग्री कालेज व इंटर कालेजों में शिक्षक व कर्मचारियों से सम्पर्क कर आगामी 21 अगस्त को आयोजित होने वाली पेंशन बहाली रैली को लेकर तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए आवाहन किया गया। 21 अगस्त को पुरानी पेंशन बहाली को लेकर जनपद में तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। अटेवा टीम ने बढ़पुर, राजेपुर, अमृतपुर के अलावा विकास भवन में जन सम्पर्क किया। चांदपुर, अमेठी कोहना, सोता बहादुरपुर, कटरी, चाचूपुर जटपुरा व महात्मा गांधी इंटर कालेज राजेपुर, दयानंद इंटर कालेज अमृतपुर, राजपुर एवं कमालगंज में भी जन सम्पर्क किया गया। प्रदेश अध्यक्ष विजय बंधु के आवाहन पर तिरंगा यात्रा में जनपद के शिक्षक कर्मचारी भाग लेंगे। 21 अगस्त को दोपहर 2:30 बजे विकास भवन गेट पर पहुंचकर हाथों में तिरंगा लेकर पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे और जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन देंगे। इस मौके पर प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, अटेवा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव, फूल सिंह शाक्य, विमलेश शाक्य, अखिलेश पाण्डेय, मजहर मोहम्मद खां, भूपेश प्रकाश पाठक, प्रमोद दीक्षित, सुजीत कुमार, जितेन्द्र सिंह, अनुराग पाण्डेय, सर्वेश त्रिपाठी, प्रवेश कटियार, आलोक द्विवेदी, पीयूष कटियार, प्रवेश सिंह राठौर, पंकज यादव, डॉ. वीरेन्द्र त्रिवेदी, डॉ. मनोज कुमार दुबे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अधिवक्ता ने चेंबर पर कब्जा करने व रंगदारी मांगने का लगाया आरोप

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कचहरी परिसर स्थित अधिवक्ता के चेंबर पर जबरन नामपट्ट उखाड़ने और चेंबर को अपने अधिकार में बताकर 50 हजार रुपये की मांग करने का आरोप है। अधिवक्ता सुनील कुमार कन्नौजिया ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र में कहा कि कचहरी परिसर स्थित चेंबर संख्या 226 पूर्व में अधिवक्ता धर्मपाल के नाम आवंटित था। अधिवक्ता धर्मपाल की 24 अप्रैल 2018 को मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद बार एसोसिएशन के नियमानुसार आवेदन करने पर उक्त चेंबर अधिवक्ता सुनील कुमार कन्नौजिया के नाम आवंटित किया गया था। आरोप है कि 13 अगस्त 2026 की सुबह करीब आठ बजे जब अधिवक्ता चेंबर पर मौजूद नहीं थे, उसी दौरान अनिरुद्ध प्रताप उर्फगोलू पुत्र धर्मपाल चेंबर पर लगा नामपट्ट जबरन उखाड़कर अपने साथ ले गया। इसके बाद उसने चेंबर पर अपना नामपट्ट लगा दिया। अधिवक्ता का आरोप है कि अनिरुद्ध प्रताप स्वयं को चेंबर का अधिकार प्राप्त व्यक्ति बताते हुए फोन पर चेंबर बेचने और हस्तांतरण करने के नाम पर 50 हजार रुपये की मांग कर रहा है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपित द्वारा फोन से कथित रूप से दबाव बनाया जा रहा है और कहा जा रहा है कि उसके मुताबिक रकम नहीं देने पर चेंबर पर नहीं बैठने देंगे। अधिवक्ता सुनील कुमार कन्नौजिया ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की गहनता से जांच कर आरोपित के खिलाफकार्रवाई किए जाने की मांग की है। वहीं बार एसोसिएशन के सचिव कुंवर सिंह यादव ने बताया कि बार एसोसिएशन के सचिव होने के नाते पूर्व में खाली पड़े चेम्बर को सुनील कनौजिया के लिए संस्तुति की गई थी, जिसने नामपट उखाड़ा है वह अधिवक्ता भी नहीं है और अवैध वसूली की मांग कर रहे हैं। अगर सुनील कनौजिया का नामपट वापस नहीं किया तो बार एसोसिएशन की तरफ से अनिरुद्ध प्रताप उर्फगोलू के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# ब्रह्माकुमारी संस्थान ने 3500 विद्यार्थियों को दिलाई नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा

**दस करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महा अभियान के तहत स्कूलों और कॉलेजों में हुआ जागरूकता कार्यक्रम**




जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं व शिक्षिकाएं

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महा अभियान के तहत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ओम निवास जटवारा जदीद अंगूरी बाग सेवा केंद्र की ओर से एक नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अभियान के अंतर्गत ब्रह्माकुमार भाई-बहनों द्वारा विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के लगभग 3500 बच्चों को जागरूक किया गया और उन्हें नशा न करने की प्रतिज्ञा दिलाई गई।

बीके पूनम बहन ने विद्यार्थियों को समझाया कि हमारे जीवन में हर प्रकार का नशा और व्यसन हानिकारक है। उन्होंने कहा कि काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे मानसिक विकारों के साथ-साथ बीड़ी, सिगरेट, शराब, तंबाकू, गांजा, गुटखा और मोबाइल का अत्यधिक उपयोग भी हानिकारक नशे की श्रेणी में आते हैं। हमें इन सभी नशों को छोड़ना है और दूसरों को भी ऐसा करने की प्रेरणा देकर जागरूक करना है।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा किए अगर नशा करना ही है तो ईश्वरीय नारायणी नशा करो, पढ़ाई का नशा करो और अच्छी बातों का नशा करो। एकता बहन ने उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्ति की विधिवत प्रतिज्ञा कराई। इस पुनीत अवसर पर विद्यार्थियों के साथ-साथ विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शपथ ग्रहण की। राजपूताना पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य हिरदेश कुमार सिंह, ज्योति दुबे, दीपांजलि, पवन कुमार, पूजा पाठक, सोनी पाठक, रंजन मिश्रा, शोभा मिश्रा, साक्षी यादव, साक्षी, ललित शुक्ला, अनुपम, संदीप शर्मा, महिमा सिंह और शिवांगी राठौर रही। वहीं एनकेपी इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य इंदु मिश्रा एवं शिक्षिका प्रीति, गीता अवस्थी, मालती, श्वेता, भूमिका, रूपाली, विजय कुमारी, पुष्पा, लक्ष्मी और आरती मौजूद रही।

# टीएसकेके पब्लिक स्कूल में फहराया गया तिरंगा

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।



विचार व्यक्त करते डॉ. मुकेश सिंह राठौर

देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस पर नारायणपुर स्थित टीएसकेके पब्लिक स्कूल में देशभक्ति और उत्साह के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के मैनेजर डॉ. मुकेश सिंह राठौर ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ. मुकेश सिंह राठौर ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया और विद्यार्थियों को देश की उन्नति में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए प्रेरित किया। वहीं विद्यालय के डायरेक्टर अनुग्र प्रताप सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं व अध्यापकों को संबोधित करते हुए आजादी के सही मायने समझाए। उन्होंने कहा कि वास्तविक स्वतंत्रता अनुशासन, नैतिक मूल्यों और अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने में निहित है। इस दौरान स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण कर सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकायें एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### भाजपा प्रदेश महामंत्री का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**कानपुर।** बुधवार भाजपा कानपुर–बुंदेलखंड क्षेत्र प्रभारी एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री शंकर लाल लोधी का प्रथम नगर आगमन पर रामादेवी चौराहे पर भाजपा कानपुर उत्तर के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सभी ने श्री लोधी जी के सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### अधिवक्ताओं को मिले सपरिवार कैशलेश इलाज

**कानपुर।** अधिवक्ता कल्याण संघर्ष समिति के नेतृत्व में अधिवक्तागण जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां पर बोलते हुए संघर्ष समिति संयोजक पं रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लॉयर्स एसोसिएशन ने कहा कि अधिवक्ताओं को सपरिवार कैस लेस इलाज दिए जाने या आयुष्मान से जोड़े जाने को लेकर हम लोग वर्षों से संघर्षरत थे उसी क्रम में 26 दिसंबर 2025 को मुख्यमंत्री से उनके आवास पर मिले थे और ज्ञापन दे अधिवक्ताओं को सपरिवार कैश लेस इलाज देने पर सकारात्मक वार्ता हुई थी हमारी कैस लेस इलाज की मांग को मुख्यमंत्री ने बड़ी गंभीरता से लिया था और फिर गोरखपुर में कैशलेश इलाज देने की घोषणा भी कर दी किंतु अभी तक योजना लागू नहीं की गई। आज अधिवक्ता और अधिवक्ता परिवारों के तमाम सदस्य योजना लागू न होने से बेहतर इलाज से वंचित है।

### साइबर अपराध के प्रति जागरूकता का संदेश देती फिल्म साइलेंट क्राइम की विशेष स्क्रीनिंग

**कानपुर।** साइबर अपराध के बढ़ते मामलों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर शाखा एवं कानपुर पुलिस कमिश्नरेट के संयुक्त तत्वावधान में तथा रोटरी क्लब सूर्या, कानपुर के सहयोग से साइलेंट क्राइम शॉर्ट फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की गई।कानपुर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा निर्मित लगभग 40 मिनट की यह फिल्म साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों, अपराधियों की कार्यप्रणाली तथा डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने के उपायों के प्रति लोगों को जागरूक करती है। फिल्म का संदेश स्पष्ट है कि साइबर अपराध से बचाव का सबसे प्रभावी हथियार जागरूकता और सतर्कता है। कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त कानपुर रघुबीर लाल, द्बरूकानपुर के अध्यक्ष डॉ. अनुराग मेहरोत्रा, मानद सचिव डॉ.(प्रो.)शालिनी मोहन, रोटरी क्लब सूर्या कानपुर के अध्यक्ष डॉ. रोटेरियन प्रशांत गुप्ता तथा सचिव डॉ. कुनाल सहाय सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं सदस्य उपस्थित रहे। साइलेंट क्राइम – एक फिल्म नहीं, बल्कि साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश।

### फ्रॉड 63700 रूपये की धनराशि करायी गयी रिफण्ड

**उन्नाव।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली सदर की साइबर टीम द्वारा आवेदको से फ्रॉड की गयी 63700 रूपये की धनराशि खाते में रिफण्ड करायी गयी। 25.01.2025 को मुनेन्द्रपाल पुत्र सुरेश पाल निवासी कब्बाखेडा थाना कोतवाली सदर उन्नाव फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर डरा धमका कर फोन पे के माध्यम से 34900 रूपये 2. दिनांक 15.06.2026 मो. सुजा काजमी पुत्र सैय्यद वजाहद हुसैन काजमी निवासी कासिम नगर थाना कोतवाली सदर उन्नाव से डिजिटल मार्केटिंग का कोर्स कराने के नाम पर फोन पे के माध्यम से 26800– रूपये 3. दिनांक 14.08.2026 को आवेदक अनूप पुत्र वीरेन्द्र निवासी जगन्नाथगंज थाना कोतवाली सदर उन्नाव के खाते से स्वत: 2000– रूपये का फ्राड होने के सम्बन्ध मे आनलाइन आवेदन किया गया था जिसमे थाना कोतवाली सदर की साइबर सेल द्वारा कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 19.08.2026 को तीनो की फ्रॉड हुयी सम्पूर्ण धनराशि रिफण्ड करायी गयी।

### बइक पत्थर से टकराकर पलटी, दो युवक घायल

**बांगरमऊ उन्नाव।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 252 स्थित गंगा एक्सप्रेस वे इंटरचेंज के निकट सड़क पर पड़े पत्थर से तेज रफ्तार बाइक टकराकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को यहाँ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आगरा जनपद के थाना मनसुखपुरा क्षेत्र के ग्राम जगतूपुरा निवासी सुनील 27 वर्ष पुत्र मुरारी लाल और ग्राम रानूपुरा निवासी जगबीर 27 वर्ष पुत्र राजवीर दोनों इलेक्ट्रिशियन का काम करते हैं। दोनों युवक लखनऊ में काम करने के बाद बाइक से अपने घर लौट रहे थे। रास्ते मे क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के इंटरचेंज के निकट सड़क पर पड़ा बड़ा पत्थर उनकी तेज रफ्तार बाइक के सामने आ गया। बाइक पत्थर से टकराते ही अनियंत्रित होकर पलट गई।

# डीएम ने किया जीजीआईसी का औचक निरीक्षण

**पानी, शौचालय, व क्लास इत्यादि व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।



जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने राजकीय बालिका इंटर कालेज फ्तेहपुर का औचक निरीक्षण किया के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई पीने के पानी की व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाएं देखीं।

विद्यालय में बालिकाओं से बातचीत करते हुए उन्होंने विद्यालय में पढ़ाई संतोषजनक होती है कि जानकारी ली बच्चियों द्वारा बताया गया कि विद्यालय में पढ़ाई अच्छी होती है। उन्होंने कहा की अपने रुचि के हिसाब से कैरियर चुनें तथा लक्ष्य निर्धारित करें व उस दिशा में कार्य करें। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन कराने का निर्देश दिया और विद्यालय में पीने के पानी की व्यवस्था और अच्छी कराने तथा शौचालयों की नियमित साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# सीएसजेएम यूनिवर्सिटी में हुआ लघु नाटिका का मंचन

समृद्धि न्यूज,कानपुर।



श्रीमद्भगवद्गीता वैदिक न्यास (ट्रस्ट) द्वारा पोषित एवं संचालित श्रीमद्भगवद्गीता एवं वैदिक वाङ्मय शोधपीठ (छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर) एवं सनातन सेवा सत्संग समिति उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती हर्षोल्लास से मनायी गयी। प्रातः पिछले वर्ष तुलसी जयंती पर ही इसी कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के चौक में इस्थापित गोस्वामी तुलसीदास जी की प्रतिमा के अभिषेक के साथ हुई । अपराह्न इस यूनिवर्सिटी के वीरांगना वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई सभागार में समारोह का शुभारम्भ अपराह्न दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। उसके पश्चात गणेश वंदना , गीता के 12 वे अध्याय का पाठ और विनय पत्रिका का गायन हुआ इसके बाद राष्ट्र उत्थान में श्रीमद्भगवद्गीता एवं श्रीराम चरित मानस की भूमिका विषयक संगोष्ठी हुई जिसमें मुख्य वक्ता पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी मुम्बई के महामण्डलेश्वर स्वामी चिदम्बरानन्द जी सरस्वती ने गोस्वामी तुलसीदास जी के जीवन चरित्र का विस्तार से वर्णन किया। श्रीमद्भगवद्गीता वैदिक न्यास के केन्द्रीय सचिव/महामंत्री परमानन्द शुक्ला ने कहा कि श्री रामचरितमानस एवं श्रीमद्भगवद्गीता का अध्ययन जीवन में निश्चित ही सकारात्मक बदलाव लाता है। गोष्ठी का संचालन डॉ. बीना उदय सिंह एवं शोध पीठ के अनिल गुप्ता ने किया। इस कार्यक्रम में न्यास को सहयोग प्रदान करने के लिए डॉ अरुण दीक्षित जी और अन्नू अवस्थी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ वंदना पाठक ,बलराम नरूला, मुकेश पालीवाल ,राजीव महाना, घनश्याम दीक्षित शशिकांत पाण्डेय राजीव दीक्षित महावीर प्रसाद गंगाराम आदि उपस्थित रहे।

# एन.एच.एम. संविदाकर्मियों ने आवाज की बुलंद

समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार पटेल के नेतृत्व में धरना दिया गया और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नाम ज्ञापन भी प्रेषित किया गया जिसमें इन लोगों ने कहा कि जनपद में कार्यरत समस्त संविदा कर्मचारी व आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का मानदेय शासन के मनसा के अनुसार माह के पहले सप्ताह में आहरित किया जाना सुनिश्चित किया जाए। समय-समय पर ऐसे शासनादेश शासन से निर्गत हुए हैं कि किसी भी एनएचएम कर्मचारियों का जनपद स्तर पर कोई भी स्थानांतरण ना किया जाए किंतु उसके उपरांत भी पीएचसी बहुआ की महिला चिकित्सक डॉक्टर आभा श्रीवास्तव, विशाल मिश्रा एलटी पीएचसी दमापुर व पीएचसी असोथर आयुष फार्मासिस्ट बुद्धि लाल गुप्ता का स्थानांतरण किया गया।

इन लोगों ने मांग किया कि उनके स्थानांतरण को निरस्त किया जाए। इन लोगों ने कहा कि मासिक बैठक अभी तक जब से मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कार्य भार संभाला है नहीं कराया है जबकि शासन से प्रत्येक माह जीआरसी बैठक कराये जाने के निर्देश है। इस अवसर पर संरक्षक डा0 केके पांडेय, सचिव रामजी सचान, अजीत सिंह, महामंत्री शिव प्रताप सिंह, अशोक कुमार, राजकुमार, राशिद हुसैन सिद्दीकी, दीपक सचान, शिवदीप वर्मा, प्रदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### एसडीएम ने किया कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण

**असोहा, उन्नाव।** एसडीएम दिग्विजय सिंह ने बुधवार को असोहा क्षेत्र के पाठकपुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। एसडीएम ने उपस्थिति रजिस्टर को चेक किया। जिसमे आठ शिक्षिकाओं की तैनाती के दौरान दो शिक्षिकाएं बिना सूचना अनुपस्थित पाई गई।इसके बाद उन्होंने परिसर का निरीक्षण किया। जहां नाला गंदगी से पटा मिला और हास्टल में भी गंदगी पाई गई। एसडीएम को मुख्य गेट पर लगा सीसीटीवी कैमरा बंद मिला तो वही विद्यालय की पर्श भी जर्जर थी। वही कंप्यूटर लैब न होने से कंप्यूटर की शिक्षा मिलने में असुविधा पाई गई। जबकि विद्युत सप्लाई में अतिरिक्त व्यवस्था जनरेटर आदि नहीं मिला।एसडीएम ने जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजने की बात कही है।

# जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय रामपुर थरियांव का किया निरीक्षण



**फतेहपुर।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रामपुर थरियांव शिक्षाक्षेत्र हसवा का औचक निरिक्षण किया के दौरान उन्होंने विद्यालय में पठन–पाठन, छात्राओं की उपस्थिति, आवासीय व्यवस्था, भोजन, स्वच्छता, पेयजल, सुरक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छात्राओं से संवाद कर उनकी पढ़ाई एवं विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति, भोजन की गुणवत्ता तथा दैनिक दिनचर्या के बारे में भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने, छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने तथा पेयजल एवं शौचालयों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विद्यालय की आवश्यक व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करने तथा किसी भी समस्या का तत्काल समाधान कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिंसी मौर्य सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता ने एक माह में 110 गांवों का किया भ्रमण

**भ्रमण कर जन-जन तक पहुंचाई भाजपा की नीतियां**

समृद्धि न्यूज, हरदोई।



सण्डीला विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान को लगातार गति दे रहे भाजपा नेता पंकज शुक्ल ने एक माह में करीब 110 गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकारों की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई। बुधवार को उन्होंने सण्डीला शहर के साथ ही शिवथाना, गोगादेव, भिठरिया, गहिरा, पड़री और गंगादीनखेड़ा गांवों में पहुंचकर लोगों से मुलाकात की। पंकज शुक्ल ने कहा कि भाजपा की राजनीति का मूल आधार विकास, सुशासन और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने बीते वर्षों में विकास की नई दिशा तय की है। सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, किसान कल्याण और गरीबों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ बड़ी संख्या में लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा मैं केवल राजनीतिक जनसंपर्क के लिए गांवों का भ्रमण नहीं कर रहा हूं, बल्कि मेरा उद्देश्य ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनना और उन्हें यह बताना भी है कि सरकार की कौन-कौन सी योजनाएं उनके लिए हैं। एक माह में 110 गांवों तक पहुंचने के दौरान मुझे समाज के हर वर्ग से मिलने और उनकी अपेक्षाओं को समझने का अवसर मिला है। मेरा प्रयास है कि गांव के गरीब, किसान, युवा, महिला और बुजुर्ग किसी भी सरकारी योजना से वंचित न रहें।

# कांग्रेस की बैठक में अंशू अवस्थी को प्रत्याशी बनाने की मांग

समृद्धि न्यूज, हरदोई।



विधानसभा संडीला के ब्लॉक भरावन के समीप कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित हुई। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के ऑब्जर्वर एवं राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री पवन गोदारा, जिला अध्यक्ष विक्रम पांडे, कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी, प्रदेश महासचिव सैफ अली नकवी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

बैठक में किसान नेता वसीम अंसारी ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व मंत्री पवन गोदारा, अंशू अवस्थी और सैफ अली नकवी ने उन्हें सदस्यता दिलाई। ऑब्जर्वर पवन गोदारा ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने को लेकर संवाद किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में अंशू अवस्थी को विधानसभा क्षेत्र 161-संडीला से कांग्रेस इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अंशू अवस्थी क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहकर जनता की समस्याओं और मुद्दों को लेकर संघर्ष करते हैं तथा कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं। उन्होंने दावा किया कि अंशू अवस्थी को प्रत्याशी बनाए जाने पर कार्यकर्ता पूरी ताकत से उन्हें चुनाव जिताकर विधानसभा पहुंचाएंगे। कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि क्षेत्र में अनेक समस्याएं हैं और अब बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संडीला विधानसभा के प्रत्येक नागरिक की समस्या उनकी जिम्मेदारी है और वह जनता के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष करते रहेंगे।

कार्यक्रम में अंशू अवस्थी के विधानसभा कार्यालय का उद्घाटन भी किया गया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुपम दीक्षित, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल तिवारी, भरावन ब्लॉक अध्यक्ष रामनरेश अर्कवंशी, संडीला ब्लॉक अध्यक्ष नसीम वारसी, महताब अहमद, साधू सिंह, सियाराम मौर्य, सागर रावत, अरुण यादव, मुन्ना अंसारी, शुभम मिश्रा, सुमित मिश्रा, डॉ. राजपाल समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**उन्नाव।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पुरवा पुलिस द्वारा चोरी के सामान के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। 18.08.2026 को दुर्गेश पुत्र नेतराम निवासी ग्राम मकसूदपुर थाना साडी जिला हरदोई जो एक ठेकेदार है द्वारा थाना पुरवा पर तहरीरी सूचना दी गई कि वर्तमान समय में मेरा काम ग्राम बैगांव थाना पुरवा जनपद उन्नाव में गोशाला बनाने का चल रहा है, मेरा बिल्डिग मेटेरियल चोरी हो गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना पुरवा पर मु.अ.सं. 265,2026 धारा 303(2),317(2) पंजीकृत कर दिनांक 18.08.2026 को अभियुक्तगण 1. अनिल पुत्र रामआसरे 2. जगतनारायण पुत्र स्व. शिवशंकर निवासीगण ग्राम कासुखेड़ा थाना पुरवा जिला उन्नाव को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# प्राथमिकता की सभी योजनाओं को निर्धारित समय में पूर्ण करें: डीएम

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**

जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में विकास कार्यों एवं विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागवार योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाली सभी योजनाओं को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा लक्ष्य प्राप्ति में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाब देही तय की जाएगी। वीबी-जी-राम योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने गत वित्तीय वर्ष की तुलना में अधिक मानव दिवस सृजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कन्वर्जेंस के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों के प्राक्कलन तत्काल तैयार कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने तथा वीबी-जी-राम अधिनियम के तहत एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत ग्राम पंचायतों में कार्य शुरू कराने को कहा। उन्होंने सार्वजनिक परिसंपत्तियों के अनुरक्षण, प्रमुख मार्गों एवं जल निकासी व्यवस्था की मरम्मत, कुलावों की सफाई तथा चक मार्गों पर मिट्टी भरान के कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराने के निर्देश दिए। साथ ही एरिया ऑफिसर ऐप पर निरीक्षण निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण कराने तथा सभी खंड



विकास अधिकारियों को वीबी-जी-राम के कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित कराने को कहा।पंचायती राज विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने खंड विकास अधिकारियों एवं सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को तहसीलों से समन्वय कर तालाबों के पट्टों की 75 प्रतिशत राशि ओएसआर खातों में जमा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्धारित प्रारूप में वांछित सूचना जिला स्तर पर उपलब्ध कराने, आरआरसी का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने तथा सामुदायिक शौचालयों को समूहों के माध्यम से बेहतर ढंग से संचालित कराने को कहा।और जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधूरी पेयजल परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजना पूर्ण होने के बाद संबंधित खंड विकास अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर उसका भौतिक सत्यापन करेंगे। जल निगम द्वारा पाइपलाइन बिछाने के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत भी प्राथमिकता के आधार पर कराने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

पंचायत सहायकों की उपस्थिति में सुधार पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त की। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि पंचायत सहायकों की औसत उपस्थिति 75 प्रतिशत रही है और इस उपलब्धि के साथ जनपद प्रदेश में 8वें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि विगत माह जनपद 46वें स्थान पर था।

बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की समीक्षा के दौरान डीएम ने एनआरसी में उपलब्ध बेड के सापेक्ष बच्चों की कम संख्या पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने सैम एवं मैम बच्चों को चिन्हित कर आवश्यकतानुसार एनआरसी में भर्ती कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने को कहा। उन्होंने प्रत्येक गांव में वीएचएसएनडी सत्रों को प्रभावी ढंग से आयोजित कराने तथा 'प्रोजेक्ट पहचान' के तहत पूर्व विकासात्मक विलंब एवं अस्थायी दिव्यांगता वाले बच्चों की पहचान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि ऐसे बच्चों को समय से उपचार एवं पुनर्वास की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक (डीआरडीए), उपायुक्त (श्रम रोजगार), उपायुक्त (स्वरोजगार), जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, अधिशासी अभियंता (जल निगम), समस्त खंड विकास अधिकारी, समस्त सीडीपीओ, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## किसान दिवस के दौरान किसानों ने उठाया खाद का मुद्दा

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**

मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया, जिसमें उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, सहायक आयुक्त/सहायक निबंधक सहकारिता, भूमि संरक्षण अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी , जिला प्रबंधक इफको,जिला प्रबंधक नाबार्ड एवं मत्स्य, उद्यान, गन्ना,अग्रणी बैंक प्रबंधक, खाद्य एवं रसद,सिंचाई,विद्युत,दुग्ध विकास कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक व जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कृषक गण उपस्थित रहे। जिला उद्यान अधिकारी, महराजगंज द्वारा उद्यान विभाग से संचालित बागवानी एवं सब्जियो के उत्पादन से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कृषक विभूति पटेल ग्राम दुबौली विकास खंड सदर द्वारा युरिया/डी.ए.पी./एम.ओ.पी. उर्वरक की उपलब्धता एवं कृषको को उनके भूमि के आधार पर उर्वरक उपलब्ध कराने के संबंध में अपनी शिकायत दर्ज करायी गयी। वही ओमप्रकाश पाण्डेय ग्राम गौनरिया राजा विकास खण्ड मिठौरा ने राजकीय गौशालाओ से निराश्रित गौवंशों को पशु पालकों को दिये जाने के सम्बंधित योजना के बारे में जानकारी मांगी गई। इसके बाबत संबंधित अधिकारियों ने किसानों को जानकारी दी।

# जलभराव को लेकर प्रशासन ने संभाला मोर्चा

▸ **निगरानी के लिए 6 पीसीएस अधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी**

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**

बारिश के बाद शहर में जलभराव की स्थिति को देखते हुए हाईकोर्ट द्वारा मामले का स्वतः संज्ञान लिए जाने के बाद प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्य तेज कर दिया है।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में जलभराव, साफ-सफाई, बिजली, राशन और दवाओं की व्यवस्था संभालने के लिए छह पीसीएस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। डीएम ने अधिकारियों को मौके पर जाकर समस्याओं का तत्काल समाधान कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नगर निगम एवं संबंधित



विभागों के साथ समन्वय बनाकर काम करने और प्रत्येक तीन घंटे में अपने क्षेत्र की स्थिति तथा किए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रशासन को देने को कहा गया है। ग्रामीण और कछारी क्षेत्रों में भी राहत कार्यों की निगरानी बढ़ाई गई है। प्रशासन का उद्देश्य जलभराव प्रभावित इलाकों में लोगों को तत्काल राहत पहुंचाना एवं व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करना है।

## उत्तर मध्य रेलवे ने मुंबई के सफर को बनाया सुगम

**प्रयागराज (समृद्धि न्यूज़)।** उत्तर मध्य रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए प्रयागराज और सूबेदारगंज से मुंबई तथा उधना के लिए चल रही तीन जोड़ी स्पेशल ट्रेनों को नियमित कर अमृत भारत एक्सप्रेस के रूप में संचालित करने का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों के नियमित होने से प्रयागराज और आसपास के यात्रियों को मुंबई, गुजरात और मध्य प्रदेश के प्रमुख शहरों तक आने-जाने के लिए सीधी रेल सुविधा मिलेगी। तीनों ट्रेनें साप्ताहिक होंगी। उत्तर मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने कहा कि इन ट्रेनों के नियमित होने से यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए बेहतर और सुविधाजनक रेल सेवा मिलेगी। अमृत भारत एक्सप्रेस में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इससे प्रयागराज, मुंबई और उधना जैसे प्रमुख शहरों के बीच यात्रा करने वाले प्रवासियों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और श्रद्धालुओं को विशेष लाभ मिलेगा।

# एंटी रोमियो टीम ने बालिकाओं व छात्राओं को किया जागरूक

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**

पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन मे बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत थाना श्यामदेउरवा व थाना सोनौली पुलिस व एंटी रोमियो टीम द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।आज थाना श्यामदेउरवा की एंटी रोमियो व मिशन शक्ति टीम द्वारा गिरजा देवी इंटर कॉलेज में जाकर छात्राओं एवं बालिकाओं के साथ संवाद स्थापित किया गया।बालिकाओं को सुरक्षा के दृष्टिकोण से विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090 (महिला पावर हेल्पलाइन), 112



(आपातकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 108/102 (स्वास्थ्य सेवा) तथा गुड टच-बैड टच के बारे में विस्तार से समझाया गया। साथ ही छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा साइबर धोखाधड़ी की शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर 1930 के प्रति जागरूक किया गया।शासन द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारीयोजनाओं जैसे-मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, महिला समृद्धि योजना तथा स्वयं सहायता समूह के बारे में विस्तृत जानकारी देकर उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

# 'स्वास्थ्य एवं स्कूल मेंटल हेल्थ प्रोग्राम' कार्यक्रम का आयोजन

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्कूल मेंटल हेल्थ प्रोग्राम कार्यक्रम का आयोजन करंडा ब्लॉक में किया गया। जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम और जिला तंबाकू कंट्रोल टीम के सहयोग से इंटर कालेज गोसंदपुर, करंडा, गाजीपुर में जन जागरूकता अभियान किया गया जिसमें महा विद्यालय के आदरणीय शिक्षकगण के साथ कॉलेज के स्टूडेंट को मानसिक स्वास्थ्य/विकारों के संबंध में बृहत रूप से जानकारी के साथ मानसिक विकार जैसे उदासी, घबराहट, चिंता, पढ़ाई में मन ना लगा, हत्या के विचार आदि विषय के बारे में जागरूक किया गया तथा स्टूडेंट में तनाव प्रबंधन और कॉपिंग स्किल, लाइफ स्किल के साथ उपस्थित सभी को



नशीली दवाओं से होने वाले शारीरिक/मानसिक/सामाजिक/आर्थिक नुकसानों के बारे में विस्तार से बताया तथा बच्चों के नशा के लत को छोड़ने के लिए काउंसिल का सहारा जिला अस्पताल में ले सकते है निकोटिन कंट्रोल प्रोग्राम और कोटपा एक्ट 2003 के बारे में भी जानकारी दी गई। तम्बाकू कंट्रोल हे. नं.-1800112356 साझा किया गया। विद्यालय में उपस्थित लोगों को टेली मानस टोल फ्री मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नं.- 14416 (24'7) विद्यालय के अध्यापकों को मानसिक मंदता के बारे में बताया तथा जनपद में मानसिक विकार एवं उसकी जांच तथा उसकी काउंसलिंग ट्रामा सेंटर गोरा बाजार में प्रत्येक सोमवार के दिन होता हैजनपद गाज़ीपुर में दिनांक 18/08/2026 को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्कूल मेंटल हेल्थ प्रोग्राम कार्यक्रम का आयोजन करंडा ब्लॉक में किया गया। जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम और जिला तंबाकू कंट्रोल टीम के सहयोग से इंटर कालेज गोसंदपुर, करंडा, ग़ाज़ीपुर में जन जागरूकता अभियान किया गया जिसमें महा विद्यालय के आदरणीय शिक्षक गण के साथ कॉलेज के स्टूडेंट को मानसिक स्वास्थ्य/विकारों के संबंध में बृहत रूप से जानकारी के साथ मानसिक विकार जैसे उदासी, घबराहट, चिंता, पढ़ाई में मन ना लगा, हत्या के विचार आदि विषय के बारे में जागरूक किया गया तथा स्टूडेंट में तनाव प्रबंधन और कॉपिंग स्किल, लाइफ स्किल के साथ उपस्थित सभी को नशीली दवाओं से होने वाले शारीरिक/मानसिक/सामाजिक/आर्थिक नुकसानों के बारे में विस्तार से बताया तथा बच्चों के नशा के लत को छोड़ने के लिए काउंसिल का सहारा जिला अस्पताल में ले सकते है निकोटिन कंट्रोल प्रोग्राम और कोटपा एक्ट 2003 के बारे में भी जानकारी दी गई । तम्बाकू कंट्रोल हे. नं.-1800112356 साझा किया गया। विद्यालय में उपस्थित लोगों को टेली मानस टोल फ्री मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नं.- 14416 (24 X 7) विद्यालय के अध्यापकों को मानसिक मंदता के बारे में बताया तथा जनपद में मानसिक विकार एवं उसकी जांच तथा उसकी काउंसलिंग ट्रामा सेंटर गोरा बाजार में प्रत्येक सोमवार के दिन होता है।

# जमानियां पुलिस ने 5 पेटी ब्लू लाइम देशी शराब के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

थाना जमानिया पुलिस द्वारा 5 पेटी ब्ल्यू लाईम देशी शराब (कुल 45.00 लीटर) के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

अपराध, अपराधियो एवं शराब तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 19.08.2026 को उ.नि. अश्वनी प्रताप सिंह मय हमराह देखभाल क्षेत्र में बडेसर नहर तिराहा के पास मौजूद थे कि मुखबिर खास की सूचना पर डिग्री इलाचीपुर नहर रेलवे लाईन के पास से अभियुक्त रोहित कुमार पुत्र मुन्ना चौधरी उम्र करीब-20 वर्ष निवासी ग्राम सिया पोखर थाना मोहनिया जनपद भभुआ (बिहार) को



05 पेटी ब्ल्यू लाईम देशी शराब (225 पाउच प्रत्येक पाउच 200 मिली कुल 45.00 लीटर) अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद शराब के सम्बन्ध में अभियुक्त से पूछा गया तो बताया कि शराब की दुकान से खरीद कर ऊँचे दाम पर बेचता हूं। इस सम्बंध में थाना जमानियां पर मु.अ.सं. 281/2026 धारा 60 आबकारी अधि. का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# प्रसव के समय सीएचसी में महिला व उसके नवजात की मौत, ग्रामीणों ने किया उग्र प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसव के दौरान महिला व उसके पेट में पल रहे शिशु की मौत के बाद परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिल कर यहां जमकर हंगामा किया।घंटों चले विवाद को पुलिस प्रशासन ने काफी मशक्कत के उपरांत काबू में किया। परिजनों का आरोप था कि संबंधित स्टॉप की लापरवाही के कारण उक्त घटना हुई। कप्तानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रामकोला थाना क्षेत्र के मनियां छापर टोला के भरपटिया निवासी गामा राजभर अपनी 27 वर्षीय पत्नी अंजू को प्रसव के लिए सीएचसी लाए। जहा इलाज के कुछ देर बाद महिला की मौत हो गई।सूचना के बाद परिजन व ग्रामीण आक्रोशित हो उठे।अस्पताल परिसर में पीड़ितों द्वारा घंटों तक हंगामा कर अपने आक्रोश का प्रदर्शन किया।स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने बड़ी मशक्कत के उपरांत शव को पीएम के लिए भेजा।ग्रामीण शव को रोड पर रख प्रदर्शन करना चाह रहे थे।ग्रामीणों का आरोप था कि अगर महिला की स्थिति पहले से खराब थी तो उसको यहां से रेफर कर देना चाहिए था।इसको लेकर घंटों चले अफरा तफरी के बीच एसडीएम आकांक्षा मिश्रा व तहसीलदार चंदन शर्मा ने सीएचसी का दौरा कर घटना क्रम की जानकारी लिया।सीएचसी प्रभारी डॉ सूर्यभान कुशवाहा ने बताया कि महिला को रक्त स्राव हो रहा था। उनको बचाने का हर संभव प्रयास किया गया। मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही किया जाएगा। एसओ धीरेंद्र राय ने कहा कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्यवाही किया जाएगा।

# शहीदों की याद में जले दीप, निकाला कैंडल मार्च

**समृद्धि न्यूज़, भांवरकोल/गाजीपुर।**

अष्ट शहीदों के शहादत दिवस के अवसर पर शेरपुर में श्रद्धा और देशभक्ति के माहौल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। इसके बाद शहीद स्मारक शेरपुर कला एवं शेरपुर खुर्द पर ध्वजारोहण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों के माध्यम से अमर शहीदों को नमन किया।

शाम को 'एक दिया अष्ट शहीदों के नाम' कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद आईएएस ने शहीद स्मारक पर



दीप प्रज्वलित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने शहीद स्मारक शेरपुर कला से हनुमान मंदिर तक निकाले गए कैंडल मार्च का नेतृत्व किया। हाथों में मोमबत्तियां लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं और बच्चों ने मार्च में शामिल होकर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सीडीओ आलोक प्रसाद ने कहा कि अमर शहीदों की शहादत के कारण ही देश को गुलामी की बेड़ियों से मुक्ति मिली और आजादी हासिल हुई। उनकी कुर्बानी को देश कभी भुला नहीं सकता।

उन्होंने कहा कि शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए हम सभी को देश के विकास और समाज की उन्नति में पूरी निष्ठा से योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी राजन राय, जिला पंचायत राज अधिकारी रमेश चंद्र उपाध्याय, खंड विकास अधिकारी प्रेमचंद, सहायक विकास अधिकारी पंचायत अजय कुमार मिश्र, ग्राम पंचायत अधिकारी सूर्यभान राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। शहीद परिवारों के सदस्यों के अलावा ग्राम प्रधान, पंचायत प्रतिनिधि जयानंद राय, ओमप्रकाश राय मुन्ना, बालाजी राय, ज्ञानेंद्र राय, मदन दूबे, शशिशेखर राय सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सभी विद्यालयों के शिक्षक, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कैंडल मार्च के दौरान पूरा वातावरण देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। शहीदों की स्मृतियों से वातावरण भावविभोर हो गया।

ग्रामीणों ने अष्ट शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने और देश की प्रगति में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों की सहभागिता रही।

## पंखे से लटकता हुआ मिला 22 वर्षीय युवती का शव

**कुशीनगर।** स्थानीय कोतवाली के गांव पोखरभिंडा में पंखे मे फंदे से लटकता हुआ एक युवती का शव पाया गया। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार आज उक्त गांव निवासी जवाहर गुप्ता की 22 वर्षीय पुत्री नीलम गुप्ता पंखे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। इसका पता परिजनों को तब चला जब आज सुबह लड़की के पिता व दादी खेत में काम करने गये थे। जब वह खेत से वापस आये तो घर का मुख्य दरवाजा बन्द मिला। परिजनों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची तथा ग्रामीणों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया और लोग अन्दर गये तो देखा की युवती नीलम का शव पंखे मे फंदे से लटक रहा है। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया तथा अग्रिम कार्रवाई में जुट गयी।

# किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के साथ मखाना एवं रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर: डीएम

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में माह अगस्त के 'किसान दिवस' का आयोजन किया गया। बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए कृषकों ने कृषि, गन्ना, सिंचाई, जलभराव, फसल क्षति तथा विभिन्न कृषि योजनाओं से संबंधित समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता एवं समयबद्ध ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रशिक्षण एवं आवश्यक तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। बताया गया कि 6 अगस्त 2026 को आजमगढ़ में आयोजित प्रशिक्षण में जनपद के 30 कृषकों को मखाना की खेती की जानकारी एवं प्रशिक्षण हेतु भेजा गया था। प्रशिक्षण के दौरान कृषकों को मखाना की खेती की वैज्ञानिक तकनीक, उत्पादन प्रक्रिया, आवश्यक प्रबंधन तथा उत्पादन उपरांत कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण से लौटे कृषकों ने मखाना उत्पादन से संबंधित विभिन्न पहलुओं की उपयोगी जानकारी साझा की तथा मखाना उत्पादन के लिए आवश्यक मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में उपलब्ध जलभराव वाले क्षेत्रों एवं उपयुक्त भूमि का उपयोग मखाना उत्पादन के लिए किया जा सकता है। इससे किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ



मखाना उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने किसानों को मखाना एवं अन्य आयवर्धक कृषि गतिविधियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। रेशम उत्पादन के संबंध में बताया गया कि रेशम विभाग द्वारा शहतूत के पौधे किसानों को निःशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं। शहतूत के पौधों के माध्यम से रेशम कीट पालन कर किसान अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं। कृषकों को शहतूत रेशम, एरी एवं मुंगा रेशम सहित रेशम उत्पादन की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई तथा विभागीय योजनाओं एवं प्रशिक्षण का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

गन्ना क्रय केंद्र बलवनिया, खड्डा से संबंधित समस्या के संबंध में जिलाधिकारी ने जिला गन्ना अधिकारी को निर्देशित किया कि किसान की समस्या का तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही गन्ना आयुक्त को भी पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। एक कृषक द्वारा क्षतिग्रस्त गन्ने के सर्वे एवं शिकायतों के संबंध में जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को किसानों की शिकायतों का स्थलीय परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनपद में जलभराव की समस्या को देखते हुए उन्होंने अधिकारियों को जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के संबंध में भी कृषकों को जानकारी दी गई। किसानों को बताया गया कि सूखा, बाढ़, तूफान, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से फसल को होने वाले नुकसान की स्थिति में योजनाओं के माध्यम से आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। खरीफ फसलों के लिए किसान प्रीमियम की अधिकतम 2 प्रतिशत तथा उद्यानिकी फसलों के लिए 5 प्रतिशत तक निर्धारित प्रीमियम का भुगतान कर योजना का लाभ ले सकते हैं। योजना में नामांकन के लिए आधार कार्ड, भूमि संबंधी अभिलेख, बैंक पासबुक एवं आवश्यक दस्तावेज तथा सही मोबाइल नंबर उपलब्ध कराने की जानकारी भी दी गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसान दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा निस्तारण की आख्या उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने किसानों से अपील की कि मखाना, रेशम तथा अन्य आयवर्धक कृषि गतिविधियों को अपनाकर अपनी आय के अतिरिक्त स्रोत विकसित करें। इच्छुक कृषकों को संबंधित विभागों द्वारा तकनीकी प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में उप कृषि निदेशक, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, अधिशासी अभियंता विद्युत, जिला समन्वयक फसल बीमा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए कृषक उपस्थित रहे।अंत में उप कृषि निदेशक द्वारा किसानों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक के समापन की घोषणा की गई।